

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 3, अंक : 184 रांची, बुधवार, 17 जून, 2026 (ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष 02, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये,

email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## जी7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प सहित विश्व के नेताओं से की मुलाकात

**पीएम मोदी ने समृद्धि, सतत विकास और मानव कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के एवियन में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन के दौरान उन्होंने सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे विभिन्न देशों के नेताओं के साथ मुलाकात की तथा समृद्धि, सतत विकास और मानव कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से भी मुलाकात हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर जी7 नेताओं और विशेष आमंत्रित नेताओं की सामूहिक तस्वीर साझा की।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेता फ्रांस के एवियन में आयोजित 52वें जी7 शिखर सम्मेलन में पारिवारिक तस्वीर खिंचवाने के लिए एकत्रित हुए। यह वैश्विक चुनौतियों से निपटने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम है। विदेश




मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। नीस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने बहुपक्षीय मंच पर भी अपनी चर्चा को आगे बढ़ाया। भारत और फ्रांस ने वैश्विक चुनौतियों का सामना करने तथा अधिक समृद्ध, सतत और समावेशी भविष्य के निर्माण के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर बताया कि एवियन पहुंचकर उन्हें विश्व नेताओं के साथ महत्वपूर्ण वैश्विक विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि जी-7 देशों के नेताओं के साथ चर्चा हमेशा उपयोगी रहती है और भारत एक अधिक सतत तथा समृद्ध विश्व के लिए सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि जी-7 दुनिया की सात प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं का समूह है। इसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। भारत इसका सदस्य नहीं है लेकिन विशेष आमंत्रित देश के रूप में प्रधानमंत्री मोदी को सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। शिखर सम्मेलन में वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा हो रही है।

## संक्षिप्त

### नीट अभ्यर्थियों के लिए चेतावनी जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2026 की पुनर्परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को टेलीग्राम पर सक्रिय साइबर ठगों से सावधान रहने की सलाह दी गई है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को कहा कि कुछ गिरोह परीक्षा प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने और फर्जी पेपर लीक के सबूत दिखाने के नाम पर छात्रों को निशाना बना रहे हैं। जारी चेतावनी के अनुसार टेलीग्राम पर संचालित कुछ चैनल अभ्यर्थियों से 14 हजार रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक, जबकि कुछ मामलों में 10 लाख रुपये तक की मांग कर रहे हैं। इन चैनलों का दावा है कि वे नीट पुनर्परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध करा देंगे। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि पुनर्परीक्षा का कोई प्रश्नपत्र लीक नहीं हुआ है और ऐसे सभी दावे पूरी तरह धोखाधड़ी हैं।

### अब छोटे गांवों में भी बिना लाइसेंस नहीं बिक सकेंगे कफ सिरप

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को दवाओं की बिक्री से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। मंत्रालय ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में बदलाव करते हुए छोटे गांवों में कफ सिरप की बिक्री पर दी गई छूट वापस ले ली है। अब छोटे गांवों में भी बिना लाइसेंस के कफ सिरप नहीं बेचा जा सकेगा। मंत्रालय की मंगलवार को जारी अधिसूचना के अनुसार पहले 1,000 से कम आबादी वाले गांवों में कफ सिरप की बिक्री के लिए कुछ लाइसेंस संबंधी प्रावधानों से छूट प्राप्त थी। अब नियमों में संशोधन कर ?सिरप? शब्द को संबंधित प्रविष्टि से हटा दिया गया है। इस बदलाव के बाद छोटे गांवों में कफ सिरप की बिक्री और वितरण केवल विधिवत लाइसेंस प्राप्त मेडिकल स्टोर या फामेर्सी के माध्यम से ही किया जा सकेगा। बिना लाइसेंस के कफ सिरप बेचना अब नियमों के तहत मान्य नहीं होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि यह कदम सिरप आधारित दवाओं की बिक्री और वितरण पर नियामकीय निगरानी को मजबूत करने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष 1,016 रिक्तियों के मुकाबले 13,343 अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा (मेन्स) के लिए क्वालिफाई किया है। प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 24 मई 2026 को किया गया था। आयोग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष 1,087 पदों के लिए 14,161 उम्मीदवारों का चयन मेन्स परीक्षा के लिए हुआ था। इस बार रिक्तियों और चयनित अभ्यर्थियों की संख्या दोनों में मामूली कमी दर्ज की गई है। यूपीएससी ने स्पष्ट किया है कि मुख्य परीक्षा में शामिल होने के पात्र सभी उम्मीदवारों को 19 जून से 28 जून के बीच अपने आवेदन संबंधी विवरण ऑनलाइन अपडेट करने होंगे। इस दौरान परीक्षा शुल्क जमा करना, कैडर व सेवा वरीयता (प्रेफरेन्स) दर्ज करना तथा अन्य आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराना अनिवार्य रहेगा।

*तीन दिवसीय झारखंड कृषि व्यापार मेला का शुभारंभ*

## किसानों और सरकार के साझा प्रयास से बदलेगी झारखंड की तस्वीर : मुख्यमंत्री

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और आजादी के बाद देश के विकास की पहली परिकल्पना किसान और कृषि क्षेत्र को केंद्र में रखकर की गई थी। इसी सोच का परिणाम था कि देश में जय जवान, जय किसान का नारा बुलंद हुआ। मुख्यमंत्री मंगलवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय झारखंड कृषि उत्पाद एवं व्यापार मेला-2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की नींव है, जिसने घुमंतू जीवन को स्थायित्व प्रदान कर समाज निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। खेती-बाड़ी और किसानों का इतिहास किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या संप्रदाय के



अस्तित्व से भी पुराना है। कृषि ने ही इंसान को एक स्थान पर बसना और सामाजिक व्यवस्था विकसित करना सिखाया। उन्होंने कहा कि यह मानव विकास की एक सतत और अनवरत यात्रा है, जिसे आज भी किसानों के श्रम और समर्पण से आगे बढ़ाया जा रहा है।

हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड की लगभग 80 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन कृषि क्षेत्र के लिए गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। उन्होंने आगाह किया कि आने वाले वर्षों में पेयजल और सिंचाई जल का संकट और गहरा सकता है, यदि अभी से जल संरक्षण के प्रभावी उपाय नहीं किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में भू-जल का लगातार दोहन हो रहा है, लेकिन उसके पुनर्भरण पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जितना पानी हम धरती से निकालते हैं, उसका एक हिस्सा रिचार्ज पिट और सोक पिट के माध्यम से वापस जमीन में पहुंचाना भी हमारी जिम्मेदारी है।

**सीएम ने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की**

**मुख्यमंत्री** ने किसानों और आम लोगों से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेतों, बंजर भूमि और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन की स्थायी संरचनाएं विकसित की जानी चाहिए ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर सड़कों और औद्योगिक परियोजनाओं के लिए दशकों पुराने जंगलों को काटा जा रहा है, जबकि पौधरोपण की गति बेहद धीमी है। इससे शहर कंक्रीट के जंगलों में बदलते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए बिना भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी, जंगल और हरियाली केवल पर्यावरणीय विषय नहीं हैं, बल्कि पशुधन, कृषि और मानव जीवन की आधारशिला हैं।

*बेस्ट प्रैक्टिसेज इन ऑर्गन एंड टिश्यू डोनेशन कार्यशाला*

## अंगदान मानवता और संवेदनशीलता का प्रतीक जागरूकता बढ़ाने की जरूरत : हेमंत सोरेन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि ऑर्गन एंड टिश्यू डोनेशन (अंग एवं ऊतक दान) एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है, जिसके प्रति समाज में व्यापक जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है। अंगदान न केवल किसी व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बनता है, बल्कि कई परिवारों के जीवन में नई उम्मीद और खुशियां भी लेकर आता है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को रांची के बारियातू रोड स्थित एक होटल में मोहन फाउंडेशन की ओर से आयोजित बेस्ट प्रैक्टिसेज इन ऑर्गन एंड टिश्यू डोनेशन कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह बातें कही। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अंगदान से जुड़े कानूनी प्रावधानों और प्रक्रियाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। राज्य सरकार भी अंगदान को बढ़ावा देने और इसके प्रति सकारात्मक माहौल बनाने की दिशा में पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज में इस विषय को लेकर मौजूद भ्रांतियों को दूर करने और लोगों को जागरूक करने के लिए सरकार,




स्वास्थ्य संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को मिलकर काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंगदान मानवता, करुणा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके परिजनों को अंगदान के महत्व और उससे जुड़ी प्रक्रिया की जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिल सके। हेमंत सोरेन ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है और आज तकनीक आधारित स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है। रोबोटिक सर्जरी, लिवर और किडनी प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक चिकित्सा पद्धतियां लोगों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। झारखंड सरकार भी राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और स्वस्थ झारखंड के निर्माण की दिशा में सकारात्मक प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कार्यशाला के आयोजन के लिए मोहन फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने और अंगदान जैसे मानवीय विषयों पर सकारात्मक संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## अंधेरे में रहे मिनी रत्न कंपनी सीसीएल के सीएमडी, बिजली गुल

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मिनी रत्न कंपनी सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह और उनका कार्यालय मंगलवार को अंधेरे में रहा। पुरानी बिल्डिंग में भी काफी देर तक बिजली गुल रही। जानकारी के मुताबिक सीएमडी और कई निदेशक न्यू बिल्डिंग में बैठते हैं। मंगलवार को यहां की बिजली करीब 10 मिनट तक कटी रही। पुरानी बिल्डिंग जहां पहले सीएमडी और अन्य निदेशक बैठते थे, वहां की बिजली करीब आधे घंटे तक गुल रही। सूत्रों के मुताबिक ईएंडएम विभाग को निर्देश दिया गया है कि बिजली कटने के बावजूद तब तक जनरेटर ना चलाया जाए, जब तक ऊपर से निर्देश नहीं मिले। बताया जाता है कि डीजल की कमी के कारण यह निर्देश दिया गया है। सीसीएल को डीजल आपूर्ति करने वाली एजेंसी ने एक मात्रा से ज्यादा डीजल देने से इनकार कर दिया है। ऐसा करने के लिए एजेंसी ने जिला प्रशासन के निर्देश का हवाला दिया है। मंगलवार की शाम करीब 4 बजे अचानक बिजली कट गई। जनरेटर चलाने के लिए विभाग को कोई आदेश नहीं मिला था। आदेश करीब 10 मिनट के बाद मिला। इसके बाद न्यू बिल्डिंग में बिजली की आपूर्ति बहाल की गई। इस अंतराल में सीएमडी और अन्य निदेशक सहित सभी लोग अंधेरे में रहे। पुरानी बिल्डिंग में बिजली बहाल करने में करीब आधे घंटे लगे।

*सुप्रीम कोर्ट का केंद्र और राज्यों को नोटिस*

## आधार का इस्तेमाल केवल पहचान तक सीमित रहे

**आधार का इस्तेमाल बढ़े पैमाने पर कथित घुसपैठिए और अवैध प्रवासी करते**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महत्वपूर्ण जनहित याचिका पर सुनवाई कर केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों, केंद्रशासित प्रदेशों, भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) को नोटिस भेजा है। याचिका में यह सुनिश्चित करने की मांग की गई है कि आधार का उपयोग केवल पहचान के प्रमाण के रूप में करे,



न कि नागरिकता, निवास, पते या जन्मतिथि के सबूत के तौर पर इसका उपयोग किया जाए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर सहमति जताकर संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में बताया गया है कि आधार अधिनियम, 2016 की धारा 9 स्पष्ट रूप से कहती है कि आधार नागरिकता या निवास का प्रमाण नहीं है। यूआईडीएआई के अपने दिशानिर्देश भी स्पष्ट करते हैं कि आधार केवल पहचान का सबूत है, न कि नागरिकता, पते या जन्मतिथि का सबूत है। इसके बावजूद, यह दस्तावेज व्यापक रूप से स्कूल में दाखिले, प्रॉपर्टी के लेनदेन, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और नए वोटर रजिस्ट्रेशन (फॉर्म-6) जैसे विभिन्न कार्यों के लिए उम्र, निवास, नागरिकता और पते के सबूत के तौर पर स्वीकार किया हो रहा है। याचिकाकर्ता ने नए वोटर रजिस्ट्रेशन में जन्मतिथि और निवास के लिए आधार के उपयोग को विशेष रूप से चुनौती दी है, इस आधार और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के खिलाफ बताया है।

## देश के 23 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में जनगणना का पहला चरण पूरा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जनगणना-2027 के तहत मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना (एचएलओ) का पहला चरण अब तक 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पूरा हो चुका है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में जनगणना का कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है। मंत्रालय के अनुसार अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, दिल्ली, गोवा, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड में जनगणना-2027 का प्रथम चरण पूरा हो चुका है। महाराष्ट्र, मेघालय, राजस्थान, झारखंड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में 16 मई से 14 जून तक संचालित मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है, जबकि पंजाब में यह प्रक्रिया 13 जून को पूरी हुई। इस बीच गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पुडुचेरी और उत्तर प्रदेश में घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना का कार्य जारी है।

## झारखंड में दुर्लभ खनिज की खोज, खनन और तकनीकी सहयोग करेंगी अमेरिकी कंपनियां



**मुख्य सचिव के साथ अमेरिकी काउंसलेट जेनरल और उनकी टीम के साथ अहम बैठक**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में परंपरागत खनिजों के अलावा दुर्लभ खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) की खोज, खनन, प्रसंस्करण एवं तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों द्वारा रुचि व्यक्त की गई है। इस संबंध में मंगलवार को मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार एवं अमेरिकी काउंसलेट जेनरल सुश्री कैली जाइल डियाज के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान झारखंड में खनिज क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक संभावनाओं पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया गया कि राज्य में कोयला, लौह अयस्क, तांबा, बॉक्साइट, सोना, लाइम स्टोन जैसे परंपरागत खनिजों के विशाल भंडार उपलब्ध हैं तथा इनके खनन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य में दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित 20 से अधिक खनिज अवस्थित हैं, जिनमें लिथियम, टाइटेनियम, वैनेडियम, सिल्वर, गेफाइट सहित अन्य महत्वपूर्ण खनिज शामिल हैं। साथ ही, दुर्लभ खनिजों के नए क्षेत्रों की अन्वेषण की प्रक्रिया भी निरंतर संचालित की जा रही है।

**विश्व की अग्रणी कंपनियों के साथ निरंतर स्थापित किया जा रहा संपर्क**

**बैठक** के दौरान अमेरिकी काउंसलेट जेनरल के माध्यम से अमेरिकी कंपनियों को झारखंड में खनन, खनिज अन्वेषण एवं उन्नत तकनीक आधारित गतिविधियों से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया गया। यह भी बताया गया कि इस क्षेत्र में उन्नत तकनीक के साथ कार्य कर रही विश्व की विभिन्न अग्रणी कंपनियों के साथ राज्य सरकार द्वारा निरंतर संपर्क स्थापित किया जा रहा है तथा इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति भी हुई है। इच्छुक कंपनियों द्वारा खनिज ब्लॉक प्राप्त कर अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से कार्य किए जाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। अमेरिका की माइनिंग कंपनियों के समूह यूएसआईएसपीए द्वारा झारखंड सरकार के साथ संपर्क स्थापित किया गया। बैठक में यह जानकारी भी साझा की गई कि अमेरिका की माइनिंग कंपनियों के समूह यूएसआईएसपीए द्वारा झारखंड सरकार के साथ संपर्क स्थापित किया गया है। समूह द्वारा खनिज ब्लॉकों की खुली नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की गई है। विशेष रूप से दुर्लभ खनिजों की खोज, खनन एवं प्रसंस्करण गतिविधियों में रुचि प्रदर्शित की गई है।

## आईएसआई समर्थित आतंकी-क्राइम मॉड्यूल का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के समर्थन से संचालित एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी-आपराधिक नेटवर्क का भंडाफोड़ करने का दावा करते हुए सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह मॉड्यूल पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर से आतंकी बने शहजाद भट्टी और उसके सहयोगी अजमल गुज्जर के इशारे पर संचालित हो रहा था। यह नेटवर्क पंजाब के रास्ते ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से हथियार, कारतूस




और मादक पदार्थ मंगाकर दिल्ली-एनसीआर में उनकी सप्लाई करता था। पुलिस का दावा है कि समय रहते कार्रवाई कर दिल्ली-एनसीआर में कई संभावित आतंकी घटनाओं को टाल दिया गया। पुलिस उपायुक्त नारा चैतन्य ने मंगलवार को बताया कि स्पेशल सेल की पूर्वी रेंज को मई 2026 के मध्य में खुफिया जानकारी मिली थी कि शहजाद भट्टी और अजमल गुज्जर सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को अपने नेटवर्क में शामिल कर दिल्ली-एनसीआर में हमलों की साजिश रच रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने सबसे पहले गाजियाबाद के लोनी निवासी मोहित उर्फ योगी (26) को दिल्ली के यमुना विहार स्थित भागीरथ जल शोधन संयंत्र के पास से दबोचा। उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और अजमल गुज्जर से जुड़े चैट और वॉइस नोट वाला मोबाइल फोन बरामद किया गया। मोहित से पूछताछ के बाद पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ।

# भाजपा की कार्यशाला में बूथ जीता, चुनाव जीता का दोहराया गया संकल्प

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी देश में चल रही एसआईआर को लेकर अभी से ही सजग है। पार्टी की ओर से बनाए गए बूथ लेबल एजेंट को अभी से ही सक्रिय किया गया है। मंगलवार को रामगढ़ शहर के पटेल छात्रावास में बूथ लेबल एजेंट के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल बोकारो के पूर्व विधायक की विरंची नारायण ने कई तकनीकी जानकारी बीएलए को दी। उन्होंने कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीत का नारा को कंठस्थ कर लें। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने की। विरंची नारायण ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ₹बूथ जीता, चुनाव जीता₹ भाजपा संगठन का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध और त्रुटिरहित होना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। प्रत्येक बीएलए को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो। कार्यशाला में मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया, फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 के उपयोग, नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया सहित आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बूथ स्तर पर संगठनात्मक मजबूती और प्रभावी मतदाता संपर्क के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रशिक्षण दिया गया। जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य प्रत्येक बूथ को संगठन की सबसे मजबूत इकाई बनाना है। उन्होंने सभी बीएलए कार्यकताओं से आगामी 30 दिनों के भीतर अपने-अपने बूथों की मतदाता सूची का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यशाला का संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ संजय प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी सुरेंद्र महतो, कुंटु बाबु, प्रदेश और जिला के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में बूथ लेवल एजेंट एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में खूंटी ने हासिल किया तीसरा स्थान, उपायुक्त ने दी बधाई

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** 20वीं जूनियर बालिका राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए खूंटी जिला की बालिका टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर मंगलवार को उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं संबंधित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह प्रतियोगिता 29 से 31 मई 2026 तक गांधी मैदान, जामताड़ा में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय खो-खो महासंघ, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार तथा जिला प्रशासन के सहयोग से झारखंड राज्य खो-खो संघ के खेल कैलेंडर के तहत किया गया था। इसमें जामताड़ा जिला खो-खो संघ, ऑल स्पोर्ट्स एकेडमी एवं झारखंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खूंटी की बालिका टीम ने कांस्य पदक मुकाबले में जामताड़ा की टीम को 38-13 के बड़े अंतर से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

## संक्षिप्त

### ब्लड बैंक ने लगाया रक्तदान शिविर

**खूंटी।** खूंटी नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक स्थित उर्दू स्कूल परिसर में मंगलवार को ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी, उपाध्यक्ष शशांक शेखर तथा वार्ड पार्षद दिनेश कुमार महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने बताया कि जिले में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आगामी 18 जुलाई तक वार्ड वार रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य जांच कराने के बाद स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ आनंद किशोर उरांव ने कहा कि सामुदायिक स्तर पर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से जिले के थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों, गर्भवती महिलाओं तथा दुर्घटना पीड़ितों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके लिए उन्होंने नगर पंचायत की पहल की प्रशंसा की। वार्ड पार्षद दिनेश कुमार महतो ने कहा कि वार्ड संख्या एक सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत लगातार जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन करता रहा है।

### झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे पहुंच कर दी बधाई



**राहे।** स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार में झारखंड बालिका विद्यालय राहे को पूरे भारत में प्रथम रैंक मिलने की जानकारी पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मंगलवार को स्कूल पहुंच के स्कूल के पूरी टीम को बधाई दिया है। स्कूल में शिक्षिकाओं और छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा के स्वच्छता एवं हरित क्षेत्र में ही अव्वल नहीं रहना है बल्कि हर क्षेत्र में स्कूल का नाम रोशन करना है जो भी कमियां होगी उसे पूरा किया जाएगा स्कूल के प्रगति में हमेशा योगदान रहेगा। मंत्री ने स्कूल प्रबंधन को सम्मानित किया। इस दौरान छात्राओं ने स्वागत गान और स्वागत नृत्य के साथ मंत्री का अभिनंदन किया।

# अफीम की अवैध खेती और जेल से छूटे अपराधियों पर रखें पैनी नजर : एसपी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** पुलिस कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में जिले के विभिन्न थानों में दर्ज आपराधिक मामलों की समीक्षा की गई और लंबित वारंटों के निष्पादन की स्थिति का जायजा लिया गया। बैठक के दौरान एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी एक-दो माह में अफीम की बुआई का समय शुरू होने वाला है। ऐसे में संभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए और अवैध अफीम की खेती की रोकथाम के लिए अभी से प्रभावी रणनीति तैयार की जाए। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जेल से रिहा हुए आरोपितों का सत्यापन करने तथा उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखने का भी निर्देश दिया। अपराध गोष्ठी में आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों और वरीय पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, शांति समिति के साथ समन्वय स्थापित करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए आवश्यक सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक में एएसपी अभियान क्रिस्टोफर केरकेट्टा, खूंटी एसडीपीओ मंगल सिंह जामूदा, तोरपा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार सिंह सहित सभी पुलिस सर्किल के इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# इटकी में हुई सड़क हादसे में घायल अनुसेवक की इलाज के दौरान मौत



**इटकी।** प्रखण्ड के अनुसेवक पद पर कार्यरत सुजीत नायक की पारस अस्पताल धुर्वा में मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई है। पिछले ग्यारह जून गुरुवार को इटकी– ब्राम्बे सड़क पर जोन्स प्ले स्कूल के निकट सड़क हादसे में सुजीत नामक गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उनका इलाज पारस अस्पताल में चल रही थी। उनके आकष्मिक मौत प्रखण्ड के कर्मचारियों के बीच शोक की लहर दौड़ पड़ी।

# पिठोरिया में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए जागरुकता कार्यक्रम



**पिठोरिया।** महिला उद्यमिता त्वरण कार्यक्रम राइजिंग एंड एक्सेलेरेशन ऑफ एमएसएमई परफॉर्मेंस के अंतर्गत महिला कारीगरों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों, कौशल विकास प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और छोटे उद्योग स्थापित करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। वक्ताओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में सफल उद्यमी बनकर समाज और परिवार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अभिषेक कुमार राव, एफटीसी कृष्ण लोहरा, ब्लॉक कॉर्डिनेटर कांके मीरा कुमारी, सीनियर क्लस्टर मैनेजर प्रभा शंकर सिंह, मोहम्मद हसीब अंसारी, पिठोरिया पंचायत समिति सदस्य श्रवण गोप और इचापिड़ी पंचायत के उपमुखिया मोहम्मद गुफरान अंसारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं को रोजगारोन्मुख गतिविधियों से जोड़ने, स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने तथा समूह आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लेकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

# बाइक और नगद चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में एक महिला अपने बच्चे को लाने के लिए स्कूल गई थी। इसी बीच चोर ने उसका घर साफ कर दिया। चोर ने उसके घर में खड़ी बाइक और लगभग 64000 रुपये नगद उड़ा लिए। इस मामले में कुजू ओपी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। 24 घंटे के अंदर ना सिर्फ चोर को गिरफ्तार कर लिया, बल्कि चोरी की बाइक भी बरामद कर ली। कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि कर्मा उत्तरी के बरकट्टी गांव में रहने वाले सलीम अंसारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी 15 जून की दोपहर में अपने बच्चे को लाने स्कूल गई थी। इस दौरान उनके घर में ताला बंद था। जब वह वापस लौटीं तो देखा कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। उनके घर में रखी सीडी डीलक्स बाइक (जेएच 02 एल 7350) और नगद लगभग 64000 रुपये गायब हैं। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और मामले का उद्भेदन 24 घंटे में ही कर दिया। पुलिस ने बरकट्टी गांव के ही रहने वाले समीर अंसारी, पिता मो हजरत अंसारी को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर छुपा कर रखी गई बाइक भी बरामद कर ली। पुलिस ने गिरफ्तार चोर को मंगलवार को जेल भेज दिया है।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** जिले के तपकरा थाना क्षेत्र के तपकरा-बरदा पथ पर मंगलवार शाम हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। बाइक और स्कूटी की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में दोनों वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार शाम में हुए हादसे में बाइक चला रहे बरदा निवासी अनुज गुड़िया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही तपकरा थाना पुलिस ग्रामीणों के सहयोग से मौके पर पहुंची और दोनों को तत्काल रेफरल अस्पताल, तोरपा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक स्कूटी चालक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस उसकी पहचान कराने के प्रयास में जुटी हुई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं के लिए रेफरल अस्पताल, तोरपा में रखा गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक और स्कूटी दोनों बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रबुद्ध नागरिक को किया सम्मानित



**सोनाहातू/राहे।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्षों के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोनाहातू ओर राहे प्रखंड में प्रबुद्ध नागरिक के घर जाकर उनके समाजसेवा एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर शॉल देकर सम्मानित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में प्राप्त ऐतिहासिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इन्होंने कहा कि समाजसेवा, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले व्यक्तियों के सम्मान के माध्यम से समाज के प्रति सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया है।मौके पर रांची जिला ग्रामीण के जिला अध्यक्ष धीरज महतो विनय, दिलेश्वर कोईरी, खगेश महतो, मेघनाथ महतो, गंगाधर साव,उमेश महतो, नागेश्वर महतो दीपक कुमार आदि मौजूद थे। जिन्हें सम्मानित किया गया सुशांत सिंह, दीनू पाण्डेय, द्रोण सिंह मुंडा, लखींद्र महतो,मनिंदर नाथ मंडल, पदोनाथ मंडल, करमचंद अहीर, आदि लोग शामिल थे।

# बीएफसीएल में कैरम और शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड में मंगलवार को कैरम और शतरंज प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह का आयोजन संयंत्र परिसर स्थित एचएएसपी कैंटीन में किया गया, जिसमें विभिन्न व्यवसायिक इकाइयों (बीयू) के प्रमुख और विभागाध्यक्षों की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच टीम भावना, खेल भावना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कैरम और शतरंज जैसी बौद्धिक एवं कौशल आधारित प्रतियोगिताएं कर्मचारियों में एकाग्रता, रणनीतिक सोच तथा निर्णय क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मचारी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण के निर्माण एवं कर्मचारियों के समग्र विकास में सहायक होती हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं और आगामी दिनों में विभिन्न मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

# रिश्वत मांगने वाले प्रोबेशन ऑफिसर और कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**रामगढ़।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) हजारीबाग की टीम ने मंगलवार को रामगढ़ में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने जिला प्रोबेशन कार्यालय में पदस्थापित प्रोबेशन ऑफिसर सिमरन कुमारी और कंप्यूटर ऑपरेटर सुजीत पासवान को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एक शिकायत की सत्यता जांच के बाद की गई। जिसमें अनुदान राशि बढ़ाने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था। मामला रजरप्पा थाना क्षेत्र के बड़कीपोना निवासी नितेश कुमार से जुड़ा है। नितेश कुमार ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर आरोप लगाया था कि उनके परिवार को सरकार की ओर से 05 लाख रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत हुई है। अनुदान राशि में वृद्धि कराने के लिए उन्होंने जिला प्रोबेशन कार्यालय से संपर्क किया। जहां उन्हें कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर सुजीत पासवान से मिलने को कहा गया। आरोप है कि सुजीत पासवान ने सत्यापन रिपोर्ट भेजने और प्रक्रिया आगे बढ़ाने के एवज में 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। इसे लेकर नितेश कुमार ने एसीबी से शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी हजारीबाग की ओर से तकनीकी और गोपनीय जांच कराई गई। जांच के दौरान यह सत्य पाया गया कि प्रोबेशन ऑफिसर सिमरन कुमारी के निर्देश पर कंप्यूटर ऑपरेटर सुजीत पासवान ने रिश्वत की मांग की थी। सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो थाना, हजारीबाग में मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एसीबी की विशेष ट्रैप टीम ने मंगलवार को जाल बिछाया। स्वतंत्र दंडाधिकारी और सरकारी गवाहों की मौजूदगी में कंप्यूटर ऑपरेटर सुजीत पासवान को 05 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर इस मामले की मुख्य आरोपित प्रोबेशन ऑफिसर सिमरन कुमारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। एसीबी अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार दोनों आरोपितों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच जारी है और रिश्वतखोरी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है। एसीबी ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी किसी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है तो इसकी सूचना तत्काल भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को दें।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता वाहन कर रहा प्रचार-प्रसार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** झारखंड सरकार के नशा मुक्त झारखंड अभियान के तहत खूंटी जिले में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से संचालित जागरूकता प्रचार-प्रसार वाहन विभिन्न प्रखंडों और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को मादक पदार्थों के सेवन, तस्करी तथा इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रहा है। उपायुक्त मो. जावेद हुसैन के मार्गदर्शन में संचालित यह अभियान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाना तथा विशेष रूप से युवाओं और विद्यार्थियों को नशे की लत से बचाने के लिए प्रेरित करना है। गौरतलब है कि 15 जून को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय परिसर से जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर राज्य के विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया था। इसी क्रम में खूंटी जिले में भी यह अभियान शुरू किया गया है। प्रचार-प्रसार वाहन में एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से नशा मुक्ति से संबंधित लघु फिल्में, जागरूकता वीडियो और संदेश प्रदर्शित किए जा रहे हैं। साथ ही आम लोगों के बीच पम्पलेट वितरित कर मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य एवं सामाजिक दुष्प्रभावों तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। यह अभियान 26 जून तक जिले में संचालित रहेगा।

# रांची में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो युवतियों समेत पांच लोग गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के पॉश इलाके हरमू हाउसिंग कॉलोनी में किराए के मकान से संचालित कथित सेक्स रैकेट का अरगोड़ा पुलिस ने मंगलवार को भंडाफोड़ किया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में दो युवतियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रैकेट के संचालन में संलिप्त मुख्य आरोपित को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को हरमू क्षेत्र में किराए के मकान में अवैध देह व्यापार संचालित होने की सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद हटिया के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नीरज कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में अरगोड़ा थाना प्रभारी अनिल तिवारी, डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद, महिला मजिस्ट्रेट तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल शामिल था।

पुलिस टीम ने हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित संदिग्ध मकान पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान दो युवतियां और तीन युवक आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए। मौके से सभी पांचों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मकान से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। हटिया डीएसपी नीरज कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मकान पांकी निवासी एक व्यक्ति का है, जिसे किराए पर लेकर एक अन्य व्यक्ति कथित रूप से सेक्स रैकेट चला रहा था। जांच में यह भी पता चला है कि पश्चिम बंगाल से युवतियों को बुलाकर इस अवैध कारोबार का संचालन किया जा रहा था।

पुलिस ने छापेमारी के बाद मकान को सील कर दिया है और गिरफ्तार आरोपितों से गहन पूछताछ की जा रही है। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने और संभावित मानव तस्करी के पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में आगे की जांच जारी है और पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपितों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मानव तस्करी और अवैध देह व्यापार से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

# जेसीआई रांची ने लगाया स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जेसीआई रांची ने स्वास्थ्य जांच सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर रक्तदान किया। शिविर में अपोलो क्लिनिक के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया। विभिन्न स्वास्थ्य जांचें भी की। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जेसीआई रांची के अध्यक्ष ने कहा कि रक्तदान महान मानवीय सेवा है। इससे अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।

## संक्षिप्त

### मादक पदार्थ बरामदगी मामले में दोषी को पांच साल की सजा

**रांची।** मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में दोषी कुंदन कुमार को अदालत ने पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अपर न्यायायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में उसे एक वर्ष की अतिरिक्त साधारण सजा भुगतनी होगी। अदालत ने 12 जून को कुंदन कुमार को दोषी करार दिया था। उस समय अदालत ने माना था कि अभियोजन पक्ष ने उसके खिलाफ लगाए गए आरोपों को संदेह से परे सिद्ध किया है। इसके बाद आरोपित की जमानत याचिका खारिज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। यह मामला 30 जुलाई 2022 का है, जब हटिया के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) को मादक पदार्थ तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने लटमा रोड पर चेकिंग अभियान चलाया था। चेकिंग के दौरान खूंटी की ओर से आ रहे एक बाइक पर सवार दो लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल था। तलाशी के दौरान उनके पास से 5.3 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

### रांची नगर निगम की टीम ने अवैध निर्माण हटाए, जुर्माना भी वसूला

**रांची।** राजधानी रांची में शहरी क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के उद्देश्य से रांची नगर निगम ने मंगलवार को विभिन्न इलाकों में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क, फुटपाथ और नालियों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के साथ-साथ जुमार्ना और जब्ती की कार्रवाई भी की गई। नगर निगम की टीम ने अरगोड़ा चौक से डीपीएस स्कूल मार्ग तक सड़क किनारे किए गए अस्थायी निमार्णों, नालियों के ऊपर बनाई गई अवैध संरचनाओं तथा पांच दुकानों को हटाया। इसके अलावा भवन निर्माण सामग्री रखकर सार्वजनिक स्थानों का अतिक्रमण करने वाले लोगों पर कुल छह हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसी क्रम में बरियातू रोड स्थित रिम्स के समीप भी विशेष अभियान चलाया गया। यहां सड़क किनारे संचालित अस्थायी दुकानों और काउंटर ठेलों को जब्त किया गया।

# भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता : संतोष कुमार गंगवार

## राज्यपाल ने युवा संगम कार्यक्रम में विद्यार्थियों से किया संवाद

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोक भवन में आईआईटी (आईएसएम), धनबाद द्वारा आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत आईआईटी इंदौर से आए विद्यार्थियों के साथ 16 जून को संवाद किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को देश की सांस्कृतिक समृद्धि को निकट से जानने और अनुभव करने का अवसर प्रदान करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों, समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोक परंपराओं तथा वीर स्वतंत्रता सेनानियों की गौरवशाली विरासत की भूमि है। उन्हें विश्वास व्यक्त किया कि झारखंड का अनुभव और यहां के लोगों का आत्मीय स्नेह विद्यार्थियों के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान युग ज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी का युग है। युवाशक्ति ही राष्ट्रशक्ति है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सोच, संकल्प और नवाचार की क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका है।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत @2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भी अनुसंधान, नवाचार और बहुआयामी शिक्षा को प्रोत्साहित करती है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों का आान करते हुए कहा कि केवल उत्कृष्ट करियर बनाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक संवेदनशील, उत्तरदायी और नैतिक नागरिक बनना भी उतना ही आवश्यक है। ज्ञान का वास्तविक उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के कल्याण में योगदान देना है। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानन्द के विचारों का उल्लेख करते हुए युवाओं से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और अपनी प्रतिभा एवं ज्ञान का उपयोग समाज एवं मानवता के हित में करने का आान किया। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि युवा संगम का यह अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को और समृद्ध करेगा। वे झारखंड की संस्कृति, यहां के लोगों के स्नेह और एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश अपने साथ लेकर लौटेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद एवं आईआईटी इंदौर के शिक्षक, अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर बैठक में हुई चर्चा

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के व्यावसायिक प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को धुर्वा स्थित विधायक जनार्दन पासवान के आवासीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता व्यावसायिक प्रकोष्ठ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बहुरन लोहारा ने की। बैठक में खूंटी, रांची, पूर्वी सिंहभूम, लोहरदगा और रामगढ़ समेत विभिन्न जिलों से आए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भाग लिया। इनमें विकास गुप्ता, विवेक खलखो, हीरालाल भोक्ता, दिनेश कुशवाहा, राहुल प्रधान, मनोज सिंह, कामेश्वर सिंह, सुनील सिंह, सुरेंद्र बड़ाईक, संदीप बागवार और रोहित नाग सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने, सदस्यता विस्तार तथा विभिन्न जिलों में पार्टी की गतिविधियों को बढ़ाने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर विधायक जनार्दन पासवान ने कुछ लोगों को पुष्पमाला पहनाकर पार्टी की सदस्यता भी दिलाई। अंत में विधायक जनार्दन पासवान ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया और बैठक के समापन की घोषणा की।



### पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मिला प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** झारखंड के कला, संस्कृति, युवा कार्य एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से कलाकारों और फिल्म क्षेत्र से जुड़ा एक प्रतिनिधिमंडल मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की नई फिल्म नीति में भोजपुरी सहित अन्य सभी क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाओं को शामिल करने की मांग उठाई। सभी भाषाओं की फिल्मों को प्रोत्साहन और सब्सिडी देने का आग्रह किया। मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार कलाकारों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इन सभी सुझावों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। इस अवसर पर भोजपुरी युवा विकास मंच के अध्यक्ष अशोक द्विवेदी, आशुतोष द्विवेदी, संजय पुजारी, लव पाठक, अशोक कुमार, बृजेश कुमार, मिथिला युवा मंच के अध्यक्ष अवधेश ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### रांची विश्वविद्यालय में दूसरे और चौथे शनिवार को रहेगा अवकाश, कार्यालय समय भी निर्धारित

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय मुख्यालय के कार्य संचालन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब विश्वविद्यालय में प्रत्येक महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश रहेगा। इसके साथ ही मुख्यालय के कार्यालयों के लिए नया कार्य समय भी निर्धारित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय के सभी कार्यालय अब सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक संचालित होंगे। इस दौरान कुल साढ़े सात घंटे की कार्य अवधि सुनिश्चित की जाएगी। मंगलवार को विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी विभागों, शाखाओं और संबंधित कार्यालयों को निर्धारित कार्यालय अवधि का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कार्यालयीन कार्यों के सुचारु संचालन और कर्मचारियों की कार्य दक्षता को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था लागू की गई है।

### डायन-बिसाही के शक में हत्या की आरोपित महिला दोषी करार, 25 जून को सजा पर सुनवाई

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के जामुन टोली में वर्ष 2022 में डायन-बिसाही के शक में हुई महिला की हत्या के मामले में अपर न्यायुक्त अमित शेखर की अदालत ने आरोपित बाशो देवी को दोषी करार दिया है। अदालत अब 25 जून को सजा के बिंदु पर सुनवाई करेगी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल नौ गवाहों की गवाही दर्ज की गई। घटना 23 जुलाई 2022 की सुबह करीब 5 बजे की है। उस दिन सीमा देवी अपने घर के पास चापाकल पर बर्तन धो रही थीं, तभी आरोपित बाशो देवी ने उन पर डायन-बिसाही के शक में हमला कर दिया। आरोपित ने सीमा देवी के सिर पर कई बार वार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्राथमिकी के अनुसार, यह मामला केवल अंधविश्वास तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके पीछे जमीन विवाद की पृष्ठभूमि भी सामने आई है। मृतका के पति चामू लोहरा के परिवार से जुड़े जमीन विवाद को लेकर लंबे समय से तनाव की स्थिति बताई जाती है। आरोप है कि जमीन पर कब्जे की नीयत से मृतका को पहले भी डायन-बिसाही का आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जाता था और उसके साथ मारपीट की घटनाएं भी हुई थीं।

# रांची विश्वविद्यालय के नए रजिस्ट्रार डॉ आरके शर्मा को अतिथि शिक्षक संघ ने दी बधाई



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में नए रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार शर्मा को अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद के नेतृत्व में पौधा देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि शर्मा सर को विश्वविद्यालय में कार्य करने का लंबे वर्षों का अनुभव है, जिसका लाभ विश्वविद्यालय को मिलेगा, जिससे शिक्षा में उत्तरोत्तर विकास संभव हो पाएगा। इस दौरान नव नियुक्त रजिस्ट्रार ने भी कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि विश्वविद्यालय से संबंधित समस्याओं का समाधान अधिक से अधिक हो सके। संघ की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में डॉ साहब आर्यन, डॉ रंजू कुमारी, निहारिका महतो आदि शामिल रहे।

# झारखंड में मानसून कमजोर, बारिश की कमी से उमस और गर्मी बढ़ी

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** दक्षिण-पश्चिम मानसून झारखंड में अपेक्षित गति नहीं पकड़ सका है, जिससे राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की कमी बनी हुई है। 12 जून को मानसून के आगमन के बाद रांची सहित कुछ क्षेत्रों को छोड़कर बाकी हिस्सों में सामान्य से काफी कम वर्षा दर्ज की गई है। बारिश की कमी के कारण तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे भीषण गर्मी और उमस से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश में कमी का असर किसानों पर भी दिखने लगा है और वे अब मौसम के बदलते रुख को लेकर चिंतित हैं। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के पूर्वी और निकटवर्ती मध्य हिस्सों में 19 और 20 जून को गरज-चमक के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिसे देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने यह भी बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में 22 जून तक बारिश, आकाशीय बिजली और तेज हवाओं की संभावना बनी रहेगी। इस अवधि में हवाओं की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 40.4 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान लातेहार में 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी दौरान सबसे अधिक वर्षा पाकुड़ जिले के महेशपुर में 21.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। मंगलवार को रांची में सुबह से ही मौसम साफ रहा और तेज धूप के कारण उमस और गर्मी बढ़ गई। यहां अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री और न्यूनतम 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 40 डिग्री और न्यूनतम 29.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 40.4 और न्यूनतम 29.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 38.5 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# मंत्री दीपिका पांडेय ने स्वर्ण पदक विजेता बॉक्सर शिक्षा कुमारी को दी बधाई

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** 18वीं झारखंड स्टेट सब-जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली गोड्डा की खिलाड़ी शिक्षा कुमारी ने मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री ने उन्हें शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा कुमारी ने स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित किया है कि दृढ़ संकल्प, कठोर परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा की यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि गोड्डा सहित पूरे झारखंड के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। यह राज्य की उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो खेल और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने का सपना देख रही हैं। मंत्री ने कहा कि यदि अवसर, समर्पण और संकल्प साथ हों, तो बेटियाँ हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि शिक्षा कुमारी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य और देश का नाम रोशन करेंगी। इस दौरान शिक्षा कुमारी ने चैंपियनशिप से जुड़ी अपनी तैयारियों और अनुभवों को भी मंत्री के साथ साझा किया। झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन और सरायकेला-खरसावां जिला बॉक्सिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के 40-43 किलोग्राम भार वर्ग में शिक्षा कुमारी ने पश्चिम सिंहभूम की खिलाड़ी सिली को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया।

## भारतीय सेना ने झारखंड को दिया रोशनी और नई उम्मीद का उपहार

# मिलिट्री हॉस्पिटल, नामकुम में मेगा नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** भारतीय सेना ने मिलिट्री हॉस्पिटल, नामकुम में दृष्टि 2026 मेगा नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया है। यह 16 से 19 जून तक चलेगा। इस चार दिवसीय शिविर के माध्यम से झारखंड के लोगों को अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा और विशेषज्ञ उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर का उद्घाटन सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, महानिदेशक सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएं ने किया।

नई दिल्ली स्थित आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) के विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों की टीम पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों तथा रांची एवं आसपास के जिलों से आए नागरिकों को परामर्श, जांच और उन्नत उपचार प्रदान कर रही है। शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन, ग्लूकोमा उपचार और रेटिना संबंधी रोगों के लिए एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन जैसी विशेष सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह दृष्टि सुधारने और अंधत्व की संभावना को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं को सीधे रांची तक पहुंचाकर भारतीय सेना ने लोगों को महानगरों में उपचार के लिए होने वाली लंबी और खचीर्ली यात्राओं से राहत प्रदान की है। उद्घाटन समारोह में डीजीएएफएमएस ने कहा कि इस प्रकार की पहलें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शिविर के पहले ही दिन बड़ी संख्या में लाभार्थियों की उपस्थिति ने इसकी उपयोगिता और महत्व को रेखांकित किया। दृष्टि 2026 भारतीय सेना की उस सेवा भावना का सशक्त उदाहरण है, जो सीमाओं की सुरक्षा से आगे बढ़कर समाज के जरूरतमंद लोगों तक आशा, उपचार और बेहतर जीवन का संदेश पहुंचाती है।

# शपथ के साथ सीसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का शुभारंभ

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में 16 जून, 2026 को स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा और मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। उन्होंने स्वच्छता को व्यक्तिगत एवं सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए इसे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी से अपने कार्यस्थल, घर एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय योगदान देने की अपील की। स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत मुख्यालय एवं सभी कोयला क्षेत्रों में विभिन्न जन-जागरुकता एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाना और स्वच्छता को जन-जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना है। स्वच्छता जागरूकता अभियान, सफाई एवं श्रमदान कार्यक्रम, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, वृक्षारोपण, अस्पतालों एवं कार्यालय परिसरों की विशेष सफाई, अपशिष्ट पृथक्करण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, विद्यालयों एवं समुदायों में जन-जागरूकता कार्यक्रम और स्वच्छता कर्मियों के सम्मान जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# जनसुनवाई में पहुंचा आवास योजना में ठगी का मामला

**उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, कार्रवाई के निर्देश**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा ने समाहरणालय सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याओं को सुना। उसके त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कांडी प्रखंड के भीलमा गांव से पहुंची सबिता सिंह ने आवास+ योजना में नाम जोड़ने के नाम पर ठगी किए जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि एक स्वयंसेवक ने उनके घर पहुंचकर फोटो लेने के बाद योजना में नाम दर्ज कराने का आश्वासन दिया। दो हजार रुपये की मांग की। उन्होंने एक हजार रुपये फोन-पे के माध्यम से भुगतान भी किया, लेकिन इसके बावजूद उनका नाम सूची में शामिल नहीं हुआ। गढ़वा प्रखंड के सोह गांव निवासी उदय प्रसाद ने मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कूप निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत की। उन्होंने बताया कि कूप निर्माण की स्वीकृति मिलने के बावजूद अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जबकि प्रथम किस्त की राशि की निकासी की जा चुकी है। डंडई प्रखंड के रारो गांव की फूलमनी कुंवर ने अपनी खतियानी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। गढ़वा प्रखंड के दूबे मरहटिया गांव निवासी अखिलेश्वर मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2020 में विद्युत कनेक्शन लेने के बावजूद आज तक उनके घर तक बिजली के पोल और तार की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ।

## इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के नए कार्यालय का उद्घाटन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, गढ़वा के नए कार्यालय का उद्घाटन उपायुक्त सह रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष ने पुराने समाहरणालय परिसर में किया। कार्यक्रम का संचालन नंद कुमार गुप्ता ने किया।

इस मौके पर नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने अमन गुप्ता, प्रदीप कुमार एवं आकृति अनु पटवा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अस्तित्व विश्वास, तुलसी कुमार, सीआरपीएफ, प्रियम सिंह, आदित्य प्रकाश एवं सोनू कुमार को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. रजत ने स्वास्थ्य परीक्षण किया, जबकि डॉ. जे.पी. सिंह ने आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया। मौके पर अध्यक्ष डॉ. मुरली प्रसाद, सचिव डॉ. जे.पी. सिंह, कोषाध्यक्ष रामनारायण प्रसाद, पेट्रन सदस्य डॉ. यासीन अंसारी, नगर परिषद अध्यक्ष दौलत सोनी, विजय केशरी, नंदकुमार गुप्ता, राजमणि प्रसाद, मुकेश कुमार, उमेश कश्यप, विनोद गुप्ता अन्यी उपस्थित थे। उमेश कश्यप ने धन्यवाद किया।

### संक्षिप्त

### गर्मी को लेकर पलामू के स्कूलों के संचालन का बदला समय



**पलामू।** लगातार बढ़ रही गर्मी के मद्देनजर अजाप्टा के महासचिव अमरेश कुमार सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से भेंट की। पलामू जिले के स्कूलों की टाइमिंग में परिवर्तन के लिए तार्किक पक्ष रखा। भविष्य में अनिष्ट घटना नहीं घटे, इसे लेकर त्वरित पहल करने की आग्रह किया। इसके सुझाव पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने (पत्रांक 836, दिनांक 16/06/2026) के अनुसार विद्यालय संचालन की समयावधि में परिवर्तन कर दिया है। इसके तहत अब स्कूल का संचालन 7 बजे पूर्वाह्न से दोपहर 12 बजे तक होगा। इसका अनुपालन का सख्ती से करने का निर्देशित दिया।

### झारखंड आंदोलनकारी बाबू भाई विद्रोही के निधन पर शोक


**हजारीबाग।** झारखंड आंदोलन के सक्रिय सिपाही एवं खतियानी परिवार के वरिष्ठ नेता बाबू भाई विद्रोही का 15 जून की मध्य रात्रि में रांची स्थित रिम्स रांची में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया गया कि बाबू भाई विद्रोही पिछले लगभग एक वर्ष से अस्वस्थ चल रहे थे। अपने नाम के अनुरूप उन्होंने जीवनभर संघर्ष, जनसरोकार और झारखंडी अस्मिता के मुद्दों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाई। उनके निधन पर खतियानी परिवार के सदस्यों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

खतियानी परिवार के अभिभावक एवं संरक्षक, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बाबू भाई विद्रोही के निधन से संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मो. हकीम ने कहा कि बाबू भाई विद्रोही आजीवन संगठन से जुड़े रहे और लगभग दस वर्षों तक खतियानी परिवार के अध्यक्ष पद का दायित्व निभाया। उनके नेतृत्व में कई धरना-प्रदर्शन, जनसभाएं और रैलियों का आयोजन हुआ। उन्होंने झारखंड राज्य के निर्माण और झारखंडी अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया तथा संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# लंबित वेतन भुगतान को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों ने किया प्रदर्शन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** झारखंड चिकित्सा और जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने सिविल सर्जन को पत्र लिखकर विभिन्न मदों में कार्यरत सैकड़ों कर्मचारियों के मार्च 2026 से लंबित वेतन, मानदेय और पारिश्रमिक के अविलंब भुगतान की मांग की है। साथ ही राज्य शाखा के निर्देश पर 19 जून को सांकेतिक धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। संघ ने बताया कि पूर्व में इस संबंध में आवेदन देकर 19 मई को एक दिवसीय हड़ताल की घोषणा की गई थी। हालांकि सिविल सर्जन की ओर से भुगतान प्रक्रिया शुरू करने और जल्द भुगतान का आश्वासन देने के बाद हड़ताल को स्थगित कर दिया गया था। लेकिन एक माह बीत जाने के बावजूद भुगतान नहीं होने से सैकड़ों कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और कई परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। संघ की



झारखण्ड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ
शाखा ........ जिला - देवघर
The Jharkhand Medical & Public Health Employees Association Branch Deoghar

दिनांक - 16-06-26

सेवा में,
अतिरिक्त स्वास्थ्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, देवघर।
विषय :- भुखमरी के कगार पर पहुंचे सभी कर्मचारियों के वेतन/मानदेय/पारिश्रमिक के यथाशीघ्र भुगतान के संबंध में।
प्रसंग :- महोदय के पत्रांक - 450, दिनांक - 16-05-26.
महाशय,
उपरोक्त वर्णित प्रसंगाधीन विषय के संदर्भ में निवेदन पूर्वक कहना है कि संघ के पत्रांक - 26, दिनांक - 11-05-26 के पत्र के आलोक में [illegible] के द्वारा संघ को पत्र देकर आश्वासन दिया गया कि जल्द वेतन भुगतान किया जाएगा, लेकिन एक महीने बाद भी महोदय के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है।
अतः अनुरोध है कि निम्नलिखित मद के कर्मियों का भुगतान करने की कृपा की जाए।
01. 2211 (परिवार कल्याण) शीर्ष के सभी कर्मचारियों के मार्च 2026 से लंबित वेतन भुगतान किसी भी मद से [illegible] किया जाए।
02. एनएचएम के सभी कर्मचारियों के मार्च से लंबित मानदेय का भुगतान अविलंब किया जाए। आवंटन उपलब्ध है।
03. सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के चार-पांच माह के लंबित पारिश्रमिक का भुगतान अविलंब किया जाए।
04. बॉन्ड सेवा के कर्मचारियों के मानदेय भी मार्च से लंबित है और आवंटन उपलब्ध है का भुगतान अविलंब किया जाए।
05. श्री [illegible] राम, सफाईकर्मी, रक्त केन्द्र देवघर के अक्टूबर 2025 से लंबित पारिश्रमिक का भुगतान किया जाए।
06. एनएचएम कर्मियों के एप्रेजल के आधार पर वर्ष-25-26 का मानदेय वृद्धि किया जाए।
[illegible] नहीं होने पर दिनांक-19-06-26 को सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा।
प्रतिलिपि - उपायुक्त देवघर को सादर समर्पित।
मनोज कुमार मिश्र
16-06-26

प्रमुख मांगों में 2211 परिवार कल्याण शीर्ष के अंतर्गत कार्यरत दर्जनों कर्मचारियों के मार्च माह से लंबित वेतन का भुगतान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सैकड़ों कर्मियों के लंबित मानदेय का भुगतान और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के चार से पांच माह से बकाया पारिश्रमिक का भुगतान शामिल है। इसके अलावा बॉन्ड सेवा के तहत कार्यरत कर्मचारियों के लंबित मानदेय का भुगतान, एनएचएम के सभी अनुबंध कर्मियों को वर्ष 2025-26 के एप्रेजल के आधार पर वार्षिक मानदेय वृद्धि देने और रक्त केंद्र देवघर के सफाईकर्मी का अक्टूबर 2025 से लंबित पारिश्रमिक भुगतान करने की मांग भी उठाई गई है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि लंबित भुगतान को लेकर जल्द ठोस पहल नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि लगातार लंबित भुगतान के कारण उनके समक्ष परिवार चलाने का संकट उत्पन्न हो गया है।

### उपायुक्त के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज खनन पर बड़ी कार्रवाई




**सरायकेला/खरसावां।** जिला के उपायुक्त नितीश कुमार सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज खनन, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला खनन विभाग और कांड्रा थाना की संयुक्त टीम ने कांड्रा थाना क्षेत्र के पदमपुर टोल प्लाजा में औचक जांच कर अवैध कोयला लदे चार वाहनों को जब्त किया है। वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए चालक जांच के दौरान कोयला लदे चार वाहनों संख्या **JH-05AU-6616, JH-05DE-1017, JH-05DN-1016, JH-05DE-6826** के चालक वैध खनिज परिवहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। आवश्यक कागजात के अभाव में चारों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ कांड्रा थाना में सुपुर्द कर दिया गया है। कानूनी कार्रवाई शुरू जिला खनन विभाग द्वारा मामले में अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीसी की सख्त चेतावनी उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन से संबंधित किसी भी गतिविधि को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ऐसे मामलों पर सतत निगरानी रखी जा रही है और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनता से अपील जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अवैध खनन, भंडारण अथवा परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### कई वर्षों से फरार इश्तिहार वारंटी के घर चस्पा किया गया इश्तिहार



**आदित्यपुर।** आरआईटी थाना प्रभारी के आदेशानुसार कई वर्षों से फरार चल रहे इश्तिहार वारंटी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके घर पर इश्तिहार चस्पा किया।

जानकारी के अनुसार आदित्यपुर (आरआईटी) थाना कांड संख्या-288/11 एवं एस.टी. संख्या-101/13(र) के अभियुक्त बब्लू घासी उर्फ बब्लू करुआ, पिता स्व. शंकर मांझी, निवासी निमपाड़ा, थाना- आरआईटी, जिला- सरायकेला-खरसावां के घर पर पुलिस टीम द्वारा विधिवत छापामारी की गई। छापामारी के दौरान अभियुक्त अपने घर पर अनुपस्थित पाया गया। इसके बाद पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को सूचित करते हुए डुगडुगी एवं ढोल बजाकर सार्वजनिक रूप से इश्तिहार का तामिला किया तथा दो गवाहों की उपस्थिति में अभियुक्त के घर पर इश्तिहार चस्पा किया गया। इस कार्रवाई में पु0अ0नि0 अनिरुद्ध कुमार सिंह, आरक्षी संख्या-102 हृदय कुमार सिंह एवं गृहरक्षक चालक आ0/13121 मनीष कुमार सिंह शामिल थे।

### 24 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

**आदित्यपुर।** पत्रकार सुनील गुप्ता पर हुए हमले के मामले में 24 घंटे बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पत्रकारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले को लेकर स्थानीय पत्रकारों ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। पत्रकारों का कहना है कि घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिया था, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे पत्रकारों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पत्रकारों ने आरोप लगाया कि पुलिस मामले को गंभीरता से लेने के बजाय टालमटोल की नीति अपना रही है। इधर, पत्रकार संगठनों ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सभी पत्रकार एकजुट होकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। पत्रकारों का कहना है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पत्रकारों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, ताकि पत्रकारों में सुरक्षा और न्याय का भरोसा कायम रह सके।

## भाजपा ने कृषि कार्यशाला का किया आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड अंतर्गत कृषि भवन में कृषि कार्यशाला का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार मुंडा की अध्यक्षता में की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे थे। कृषि वैज्ञानिक डॉ किरण सिंह एवं डॉक्टर देवकांत प्रसाद ने कम लागत एवं कम परिश्रम से अधिक से अधिक उपज किसान कैसे प्राप्त करें, इस विषय में विशेष रूप से प्रकाश डाला।

मौके पर विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री विनोद ठाकुर, प्रदेश कार्यालय मंत्री सज्जन पंकज, किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, भाजपा लोहरदगा जिला अध्यक्ष अजय पंकज, लोहरदगा नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव थे। सम्मानित अतिथि के रूप में जिला महामंत्री मिथुन तमेड़ा, कार्यक्रम के संयोजक विश्वजीत भारती, सहसंयोजक यशस्वी ओझा एवं सरजू साहू, आदिवासी नेता पवन तिग्गा यदुनंदन तिवारी सहित संख्या में किस्को प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक किसान उपस्थित हुए।

## नीरसा खुशरी मोड़ हादसा : हाईवा की टक्कर में एक की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत निरसा के खुशरी मोड़ के पास मंगलवार को सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में पांड्रा गांव निवासी 60 वर्षीय मनोज सिन्हा की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटर पर सवार वीणा घोष गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, मनोज सिन्हा स्कूटर से निरसा बाजार जा रहे थे। रास्ते में पांड्रा गांव की रहने वाली वीणा घोष ने उनसे लिफ्ट ली थी। जैसे ही दोनों खुशरी मोड़ के पास पहुंचे, सामने से आ रहे एमपीएल परिवहन के अधीन संचालित एक हाईवा ट्रक ने स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटर सड़क पर गिर गया। हाईवा का पिछला पहिया मनोज सिन्हा के ऊपर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल वीणा घोष को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही निरसा थाना पुलिस और स्थानीय विधायक अरूप चटर्जी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्रशासन रहा उदासीन तो चंदकोपा के ग्रामीणों ने कसी कमर

**श्रमदान से कर रहे तालाब का जीर्णोद्धार**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** जिला मुख्यालय से सटे चंदकोपा गांव के ग्रामीणों ने जल संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी की अनूठी मिसाल पेश की है। वर्षों से उपेक्षित पड़े एक तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य ग्रामीणों ने स्वयं अपने खर्च और श्रमदान से शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर परिसर के समीप स्थित यह तालाब लंबे समय से जर्जर अवस्था में था। तालाब की सफाई, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण को लेकर कई बार जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों को आवेदन दिया गया, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासनिक स्तर पर पहल नहीं होने से निराश ग्रामीणों ने अश्विनी कुमार साहू के नेतृत्व में स्वयं आगे आने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में जो भी पैसा लग रहा है, वह आर्किटेक्चर अश्विनी कुमार साहू द्वारा होने वाली खर्च को लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया उन्हें दस बीस गाड़ी मिट्टी की आवश्यकता थी, लेकिन उन्होंने ग्रामीणों से मिल बैठकर निर्णय लिया। पूरे तालाब का जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाते हुए कार्य शुरू कर दिया। वर्तमान में गांव के युवा, बुजुर्ग और अन्य ग्रामीण प्रतिदिन श्रमदान कर रहे हैं। जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर की सहायता से तालाब की सफाई और गहरीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब गांव की धरोहर होने के साथ-साथ जल संरक्षण का महत्वपूर्ण स्रोत भी है। वर्षों से इस तालाब में छठ पूजा आदि ग्रामीणों द्वारा किया जाता था, लेकिन पिछले कई वर्षों से दूषित पानी होने के कारण बंद कर दिया गया था।

# आधा दर्जन जेसीबी मशीनों ने किया चौड़ीकरण और गहरीकरण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** जनसहभागिता एवं प्रशासनिक सहयोग से संचालित आपन सरस्वतिया अभियान के तहत मंगलवार को सरस्वतिया नदी की सफाई, डी-सिल्टिंग एवं पुनर्जीवन का कार्य जारी रहा। समाज के विभिन्न समूहों एवं नागरिकों ने चार अलग-अलग मोहल्ले में स्थित नदी के हिस्सों में एक साथ सफाई अभियान चलाकर जनसहभागिता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

मंगलवार को चले सामूहिक अभियान के तहत मझिआंव मोड जोड़ापुल के समीप स्थित नदी क्षेत्र में कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी के सहयोग से समाजसेवी विकास माली द्वारा सफाई एवं डी-सिल्टिंग का कार्य कराया गया। उन्होंने जेसीबी के साथ बड़ी संख्या में श्रमिकों को भी नदी में उतारा। वहीं शहर के जाने-माने आढ़तिया पिंटू गुप्ता के सौजन्य से प्रखंड कार्यालय के पीछे स्थित नदी क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, टंडवा के सौजन्य से टाउन हॉल के पीछे स्थित नदी क्षेत्र में सफाई एवं स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। मेराल क्षेत्र में भी सरस्वतिया नदी की सफाई एवं डी-सिल्टिंग का कार्य पूर्व की भांति निरंतर जारी रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से नदी के विभिन्न हिस्सों में सफाई कार्य किया गया। प्रशासन एवं समाज के संयुक्त प्रयास से मेराल क्षेत्र में भी नदी पुनर्जीवन की दिशा में सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं।

अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि मानसून को देखते हुए अभियान को निरंतर गति दी जा रही है। नदी में जलभराव शुरू होने से पहले अधिकतम डी-सिल्टिंग एवं सफाई कार्य पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वर्षा ऋतु में जल प्रवाह सुचारू बना रहे और लोगों को इसका लाभ मिल सके।

## पिपरीकला विद्यालय में पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बिशुनपुरा (गढ़वा)।** जिले के बिशुनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय पिपरीकला में मंगलवार को पुलिस ने जागरुकता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी राहुल सिंह ने अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में शिक्षकों व अध्यक्ष की उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित कर छात्र-छात्राओं को विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी विषयों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, डायन-बिसाही, दहेज प्रथा, डायल-112 की उपयोगिता, यौन अपराधों की रोकथाम, मद्य निषेध और समाज में व्याप्त अन्य कुरीतियों के प्रति जागरूक किया।

# नियमित और स्वैच्छिक रक्तदाताओं को मिला सम्मान, बढ़ाया गया रक्तदान के प्रति उत्साह

**झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वावधान में रेड क्रॉस भवन में हुआ सम्मान समारोह**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतरा।** झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वावधान में नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदाताओं के सम्मान में रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिले के चिन्हित 16 समर्पित रक्तदाताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर अस्पताल चतरा के उपाधीक्षक डॉ. पंकज कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव धर्मेंद्र पाठक ने की। उन्होंने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए रक्तदान के महत्व और समाज में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस के कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि रक्तदाताओं का सम्मान करना झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजनों से रक्तदान करने वाले लोगों का मनोबल बढ़ता है और दूसरे युवा भी प्रेरित होकर रक्तदान के लिए आगे आते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है। रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती, बल्कि जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है। समाज के हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान रक्तवीर मृत्युंजय सिंह, विवेक केशरी, डॉ. पंकज कुमार, पंकज राज, चंद्रशेखर कुमार यादव, शुभम राज, मोनाल कुमार सिन्हा, प्रिंस कुमार,गोल्डन कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह,उमेश राज, पंकज यादव,अक्षत जैन, नंदकिशोर सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेड क्रॉस के स्टाफ रत्नेश कुमार, विजय कुमार, रमेश कुमार, मधुलता कुमारी, तापेश्वर प्रसाद सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बाइक सवार अपराधियों ने पशु व्यापारी को मारी गोली, गंभीर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के रांगा -केंदुआ गांव में मंगलवार को दिनदहाड़े गांव के ही हारून अंसारी (45) को गोली मार घायल कर दिया। गोली लगने से उक्त युवक की हालत गंभीर बनी हुई थी। हारून के परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरैयाहाट ले गये। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया। बताया गया है कि कि गोली उक्त युवक के सीने के पास लगी है। घटना की सूचना मिलते ही सरैयाहाट थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक पशु का व्यापारी करता है। उसका पूर्व में भी आपसी विवाद को लेकर मारपीट की हुई थी। इस मामले में घायल युवक की पत्नी मीणा बीबी ने गांव के ही इस्लाम अंसारी, कलाम अंसारी, समीना बीबी और गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट थाना के खरकचिया गांव के जुमन अंसारी को नामजद अभियुक्त बनाया है। युवक की पत्नी ने बताया कि मंगलवार की सुबह उसका पति पशु व्यापार के लिए घर से निकला था। तभी थोड़ी देर में ग्रामीणों ने बताया कि उसके पति को गोली मार दी है। उसने जब अपने पति से पूछा कि कौन गोली मारा तो उसके पति ने बताया कि बाईक पर सवार दो युवक थे। जिसमें एक मुंह में गमछा बांध रखा था और दूसरा गांव के कलाम अंसारी का साला जुमन अंसारी है। उसने बताया है कि उसे पूर्ण विश्वास है कि पूर्व के जमीन विवाद को लेकर इस्लाम अंसारी, कलाम अंसारी और समीना बीबी ने सोची समझी साजिश के तहत उसके पति को गोली मार दी है।

## संक्षिप्त

### प्रतापपुर में स्कूल की छत से सोलर प्लेट चुराने वाला चोर गिरफ्तार



**चतरा।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में सरकारी स्कूल से सोलर प्लेट चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई तीनों सोलर प्लेट बरामद कर ली हैं। मामला लिदीक गांव का है, जहां बीते 13 जून की रात उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय की छत से तीन सोलर प्लेट चोरी हो गई थीं। इस संबंध में विद्यालय के अध्यक्ष द्वारा प्रतापपुर थाने में बीएनएस (इठर) की सुसंगत धाराओं के तहत कांड संख्या 57/2026 दर्ज कराई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बभने तालाब के पास से घेराबंदी कर परहियाडीह निवासी अभियुक्त विनय कुमार (पिता द्वारिका यादव) को चोरी की तीनों सोलर प्लेट के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है, जबकि मामले में शामिल अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है।

### हाईवा की टक्कर में एक की मौत, महिला गंभीर

**धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र के खुशरी मोड़ के पास मंगलवार को एक सड़क हादसे में मनोज सिन्हा (60) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटर पर लिफ्ट लेकर सवार वीणा घोष गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, मनोज सिन्हा स्कूटर से निरसा बाजार जा रहे थे। रास्ते में पांड्रा गांव की रहने वाली वीणा घोष ने उनसे लिफ्ट ली थी। जैसे ही वे खुशरी मोड़ के समीप पहुंचे, सामने से आ रहे एमपीएल परिवहन के अधीन संचालित एक हाईवा ने उनकी स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटर सड़क पर गिर गई और हाईवा का पिछला पहिया मनोज सिन्हा के ऊपर चढ़ गया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए।

# उत्कृष्ट विद्यालयों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने मंगलवार को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एवं मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, कर्रा का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं और पठन-पाठन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शिक्षकों की उपस्थिति, छात्र-छात्राओं की संख्या, कक्षाओं के नियमित संचालन, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों के साथ बैठक कर शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि वर्ष में कम से कम चार बार अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) आयोजित की जाए, ताकि विद्यार्थियों की प्रगति और समस्याओं की जानकारी अभिभावकों तक नियमित रूप से पहुंच सके। उन्होंने पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए विशेष शैक्षणिक सहायता और अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक छात्र की सीखने की क्षमता और प्रगति पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा उसके अनुसार सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की नियमित रिपोर्ट अभिभावकों को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विद्यालय के पूर्व परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए शिक्षकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पाठ्यक्रम पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए सुनियोजित अध्ययन, नियमित मूल्यांकन और प्रभावी शिक्षण पद्धति आवश्यक है। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित और पुरस्कृत करने की व्यवस्था करने पर भी बल दिया, ताकि अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिल सके। साथ ही विद्यालयों में अनुशासित, सकारात्मक और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उपायुक्त ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, कर्रा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने छात्राओं की उपस्थिति, भोजन की गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, पुस्तकालय, शिक्षकों की उपलब्धता और अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रही छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने और समय पर पाठ्यक्रम पूरा करने पर जोर दिया।

## चतराः खूंटी से लाकर चतरा में अफीम बेचने वाले अंतरराज्यीय तस्कर को पुलिस ने दबोचा



**चतर।** पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खूंटी जिले से अफीम लाकर चतरा में बेचने वाले एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर के पास से करीब 13 लाख रुपए मूल्य की अवैध अफीम बरामद की है।सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाउसाहब के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के सिरकोल मोड़ के पास घेराबंदी कर 28 वर्षीय मनीष मुंडा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तस्कर के पास से 2.567 किलोग्राम अवैध अफीम, एक सैमसंग एंड्रॉइड मोबाइल और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही यामहा फ़5 मोटरसाइकिल जब्त की है। आरोपी खूंटी से अफीम लाकर चतरा के गिद्धौर में बेचने की फिराक में था। पत्थलगड्डा थाना प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट (NDPS Act) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## गिद्धौर में महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी बच्चों की मौत के बाद खो बैठी थी मानसिक संतुलन



**चतरा।** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के दवारी गांव में एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची गिद्धौर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की तफ्तीश में जुट गई है। मृतका की पहचान दवारी गांव निवासी गांगों भारती की पत्नी राधो देवी के रूप में हुई है। सुबह जब उसकी सहेली महुआ का फल चुनने के लिए उसे बुलाने घर गई, तब उसने राधो देवी का शव साड़ी के फंदे से लटकता पाया। सूत्रों के मुताबिक, कुछ साल पहले घर में लगी भीषण आग में महिला के कई बच्चों की जान चली गई थी, जिसके बाद से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था और वह अत्यधिक शराब का सेवन करने लगी थी। घटना के वक्त उसका पति दिल्ली में था। थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने बताया कि पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## कुसुम सोलर में लगे मोटर की चोरी पीड़ित ने दिया थाने मे आवेदन



**हंटरगंज (चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत अंतर्गत पचमो गांव मे समर्सिबल मोटर चोरी होने से एक बार फिर ग्रामीणों मे दहसत का माहौल है। पचमो निवासी पीड़ित सनोज यादव ने आवेदन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया की मैने अपने कुए पर कुसुम सोलर योजना के द्वारा 3 एचपी का मोटर लगाया था जिससे प्रत्येक दिन उससे खेत की सिचाई का कार्य करता था विगत 14 जून की शाम को हर रोज की तरह मोटर बंद करके अपने घर चला आया।अगले दिन सुबह जब मै कुए के पास मोटर चालु करने के लिए पहुंचा तो पाया की मोटर मे लगा पाइप बाहर निकाल कर फेका हुआ है और कुए मे लगा मोटर चोर चोरी कर चुके थे। सनोज कुमार ने जानकारी साझा करते हुए बताया की मैने मोटर चोरी की जानकारी आवेदन के माध्यम से पाण्डेयपुरा पुलिस पिकेट और हंटरगंज थाना दोनो को दी गयी है उनके द्वारा ये आश्वासन दिया गया है की वो जल्द ही चोरो को पकड़ लेंगे।इस मोटर चोरी की घटना से क्षेत्र के लोगो मे दहसत का माहौल है क्योंकि क्षेत्र मे बहुत जगहों पर कुसुम सोलर योजना का मोटर लगा है।

# चौपारण सामुदायिक अस्पताल में फिर पहुंची जांच टीम, मरीजों की सुविधाओं पर टिकी निगाहें

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के सामुदायिक अस्पताल में चल रहे विवादों और शिकायतों की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की एक टीम मंगलवार को सामुदायिक अस्पताल चौपारण पहुंची। टीम में डीएलओ डॉ. एस.के. राजन, मेडिकल ऑफिसर डॉ. राहुल कुमार, डिस्ट्रिक्ट डाटा मैनेजर दिवाकर अंबष्ट तथा मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि जायसवाल शामिल थे। टीम ने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मियों से जानकारी प्राप्त की। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह भी उपायुक्त के निर्देश पर एसडीओ के नेतृत्व में एक जांच टीम अस्पताल पहुंची थी। उस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. डी.एन. ठाकुर एवं पूर्व प्रभारी डॉ. फरहाना महफूज से कई बिंदुओं पर पूछताछ कर जानकारी ली गई थी। विवादों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं पर नजर बताया जा रहा है कि डॉ. फरहाना महफूज का वेतन रोके जाने और उन पर लगाए गए कथित लापरवाही के आरोपों को लेकर विवाद अभी भी जारी है। इस बार जांच टीम ने अस्पताल कर्मियों को आवंटित सरकारी क्वार्टरों, उपकरणों की खरीद और उनसे जुड़े अभिलेखों का भी मिलान किया। जांच टीम ने कहा कि सभी तथ्यों का अध्ययन कर रिपोर्ट सिविल सर्जन को सौंपी जाएगी। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी है कि कुछ चिकित्सकों की उपस्थिति और कार्यशैली को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं।

# भूली आजाद नगर में लाखों की चोरी सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** धनबाद के भूली ओपी क्षेत्र अंतर्गत आजाद नगर स्थित अमन सोसायटी में चोरों ने बीती रात एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर में रखे करीब पांच लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। राहत की बात यह है कि चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। घटना अमन सोसायटी गेट नंबर-1 स्थित हाउस नंबर-135 की है, जहां रहने वाले शाहनवाज खान ने बताया कि उन्होंने अपने इलाज के लिए बैंक से पांच लाख रुपये का लोन लिया था। यह राशि घर के लॉकर में सुरक्षित रखी गई थी। बीती रात चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर नकदी के साथ सोने के झुमके और चांदी के कुछ आभूषण भी चोरी कर लिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना भूली ओपी पुलिस को दी।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री रवि आनंद ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में भूमि विवाद, पेयजल आपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, चापाकल, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामले शामिल थे। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों का क्रमवार अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों का नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए। इस अवसर पर उपायुक्त ने जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री रितेश कुमार को निर्देशित किया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित करते हुए उन्हें अविलंब संबंधित विभागों को अग्रसारित किया जाए। साथ ही प्रत्येक मामले की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण कर निष्पादन की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आमजनों एवं प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान पारदर्शी, संवेदनशील एवं जवाबदेह तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक समाहरणालय परिसर में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

# उपायुक्त ने की सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण व बाल संरक्षण योजनाओं की समीक्षा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लातेहार।** उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला समाज कल्याण शाखा , जिला बाल कल्याण इकाई एवं जिला बाल संरक्षण इकाई से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक के दौरान उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करने पर विशेष बल दिया। जिला बाल कल्याण इकाई एवं जिला बाल संरक्षण की समीक्षा के दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने माह अप्रैल में जिले में पंजीकृत बाल संरक्षण से संबंधित मामलों की जानकारी देते हुए बताया कि मई माह में कुल 28 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें बाल श्रम, बाल विवाह के, अपहरण (किडनैप), गुमशुदा बच्चों, पॉक्सो एक्ट तथा सीसीएल का मामला शामिल है बैठक में मिशन वात्सल्य व जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास, स्पॉन्सरशिप, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें ताकि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंच सके। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर भी बल दिया जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना, भवन निर्माण कार्य , आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका का मानदेय एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए तथा सेविका एवं सहायिकाओं के मानदेय का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा रिक्त पदों को भरने हेतु आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

# चौपारण सामुदायिक अस्पताल का बुरा हाल

**पल्स पोलियो टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारी नदारद**

**जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चौपारण (हजारीबाग)।** आगामी 28 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन को लेकर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चौपारण में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के लिए चिकित्सा प्रभारी, बीडीओ, सीडीपीओ, बीईईओ, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य समेत स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मियों, एएनएम, सहिया एवं शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। हालांकि, निर्धारित समय पर बैठक शुरू नहीं हो सकी। आरोप है कि बैठक में अधिकांश जिम्मेदार अधिकारी अनुपस्थित रहे। सभागार में केवल कुछ एएनएम और आंगनबाड़ी कर्मी ही मौजूद दिखीं, जबकि बैठक की अध्यक्षता और संचालन से जुड़े अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। इसको लेकर सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव एवं रामस्वरूप पासवान तथा विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

## संपादकीय

### जल विवादों में उलझा सपना

भारत में नदियों को जोड़ने की अवधारणा दशकों पुरानी है। इसे जल संकट, बाढ़ और सूखे जैसी समस्याओं के समाधान के रूप में प्रस्तुत किया जाता रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक बार फिर राज्यों से जल विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने और नदी-लिंक परियोजनाओं को गति देने की अपील इस विषय की गंभीरता को रेखांकित करती है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केवल नदियों को जोड़ देने से समस्या का समाधान हो जाएगा, या इसके लिए राज्यों, सरकारों और समाज के बीच विश्वास का सेतु भी बनाना होगा? केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना को देश की पहली बड़ी नदी-लिंक परियोजना के रूप में देखा जा रहा है। सरकार का मानना है कि इससे बुंदेलखंड जैसे जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों को राहत मिलेगी और सिंचाई, पेयजल तथा विकास के नए अवसर पैदा होंगे। निस्संदेह, यह लक्ष्य सराहनीय है। लेकिन विकास की हर परियोजना तभी सफल मानी जाती है, जब उससे प्रभावित लोगों के हितों और भावनाओं का भी समान रूप से सम्मान किया जाए। आज केन-बेतवा परियोजना के सामने सबसे बड़ी चुनौती तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय है। हजारों परिवारों के विस्थापन, गांवों के जलमग्न होने और आजीविका पर पड़ने वाले प्रभाव को केवल मुआवजे की राशि से नहीं मापा जा सकता। विकास यदि लोगों को साथ लेकर नहीं चलता, तो वह विरोध और असंतोष को जन्म देता है। यही कारण है कि अनेक महत्वाकांक्षी परियोजनाएं वर्षों तक विवादों में उलझी रहती हैं। नदी-लिंक परियोजनाओं की धीमी प्रगति का एक कारण राज्यों के बीच भरोसे की कमी भी है। जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि राजनीतिक और क्षेत्रीय हितों से भी जुड़ा विषय बन चुका है। हर राज्य अपने हिस्से का पानी सुरक्षित रखना चाहता है और यही सोच सहयोग की भावना को कमजोर करती है। परिणामस्वरूप, सतलुज-यमुना लिंक, कावेरी और नर्मदा जैसे विवाद दशकों बाद भी समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वास्तव में, नदियों को जोड़ने से पहले सोच को जोड़ना होगा। यदि राज्यों के बीच संवाद, विश्वास और साझी जिम्मेदारी की भावना विकसित नहीं होगी, तो कोई भी परियोजना स्थायी सफलता हासिल नहीं कर सकेगी। जल विवाद अदालतों और आदेशों से नहीं, बल्कि सहमति और संवेदनशीलता से सुलझते हैं। भारत की नदियां भौगोलिक सीमाओं में बंधी नहीं हैं। वे एक राज्य से दूसरे राज्य तक जीवन, संस्कृति और समृद्धि का प्रवाह करती हैं। इसलिए जल को संघर्ष का नहीं, सहयोग का माध्यम बनाना होगा। जब राज्यों के दिल जुड़ेंगे, तभी नदियां भी सहज रूप से जुड़ सकेंगी। विकास का असली अर्थ केवल बांध और नहरें बनाना नहीं, बल्कि लोगों के विश्वास और भविष्य को भी सुरक्षित करना है।

# जब अदालतों में कानून की भाषा सरल होगी

**मनीष जैसल**

कानून की भाषा और आम नागरिक के बीच की दूरी कम करने में कृत्रिम मेधा नई संभावनाएं खोल रही है। समाज में कानून को लेकर जो धारणा वर्षों से बनी हुई है, वह किसी को भी असहज कर देने वाली है। अदालतों की लंबी तारीखों और मोटी फाइलों से आम आदमी विचलित होता है। लोग अक्सर कहते भी हैं कि कानून के फेर में न पड़ो, वरना जिंदगी कोर्ट-कचहरी में निकल जाएगी। जब कोई नोटिस या कानूनी कागज घर पहुंचता है, तो सबके चेहरे पर तनाव की रेखाएं खिंच जाती हैं। देश में न्याय और नागरिक के बीच सबसे ऊंची दीवार यदि कोई है, तो वह है कानून की जटिल भाषा। अदालतों में दायर याचिकाओं से लेकर बैंक-कर्ज के दस्तावेजों, करायेदार से संबंधित समझौतों और बीमा-पॉलिसी की शर्तों तक हर जगह ऐसी भाषा दिखाई देती है, जिसे पढ? मात्र से आम आदमी भ्रम में पड़ जाता है। न्याय व्यवस्था तकनीक और डिजिटलीकरण के साथ बदल रही है, लेकिन भाषा की जटिलता आज तक कम नहीं हुई है। कानून जनता के लिए बना है, लेकिन उसकी भाषा जनता से कोसों दूर है। ऐसे में कृत्रिम मेधा यानी एआई एक नए युग की शुरूआत कर रही है, जहां कानूनी शब्दावली और आम नागरिक के बीच की दूरी कम हो सकती है। कानूनी भाषा के कठिन होने का एक बड़ा कारण उसकी सटीकता है। विधि-निमार्ता इस बात की कोशिश करते हैं कि शब्दों का ऐसा इस्तेमाल हो, जिससे किसी अर्थ-भ्रम की संभावना न बचे। इसलिए लंबे वाक्य, जटिल उपवाक्य, विशिष्ट परिभाषाएं और बहुस्तरीय शर्तें दस्तावेजों का हिस्सा बनती हैं। मगर यही सटीकता आम आदमी को कानून की समझ से दूर कर देती है। वह समझना तो चाहता है, लेकिन शब्दों की दीवार उसे पीछे धकेल देती है।

कई नागरिक कभी-कभी अपने हस्ताक्षर किए हुए दस्तावेज भी पूरी तरह नहीं पढ़ते, क्योंकि वे यह मान लेते हैं कि वे इसे समझ ही नहीं पाएंगे। मौजूदा दौर में एआई अब वकीलों और उनके मुवक्किल के बीच एक सेतु बन रही है। आज ऐसी तकनीक विकसित हो रही है, जो जटिल कानूनी दस्तावेजों को सरल भाषा में बदल सकती है। यह अनुवाद मात्र शब्दों का नहीं, अभिप्राय का होता है। इस तरह के परिवर्तन से न सिर्फ जानकारी साफ होती है, बल्कि भय-भाव कम होता है, जो वर्षों से कानून के साथ जुड़ा रहा है। ऐसी ही स्थिति किरायेदारी-समझौते, बीमा-दावे, बैंक-कर्ज और सरकारी नोटिस में भी दिखाई देती है। जब किसी समझौते में लिखा होता है कि किराएदार को संपत्ति को पूर्ववत स्थिति में लौटाना अनिवार्य होगा, तो बहुत-से लोग इसका वास्तविक अर्थ नहीं समझते। यही वाक्य जब सीधे शब्दों में बदल कर आता है कि जगह जैसे मिली थी वैसे ही वापस करनी है, तो उसकी स्पष्टता ही उसका अधिकार बनती है। इस अंतर की वजह से तकनीक की आवश्यकता महसूस हुई, क्योंकि जानकारी तभी शक्ति बनती है, जब उसे समझा जा सके। कृत्रिम मेधा के माध्यम से कानूनी दस्तावेजों की व्याख्या, सार, सरल-भाषा और प्रश्न-उत्तर आधारित स्पष्टीकरण संभव होने लगे हैं। कई एआई आधारित मंच यह सुविधा दे रहे हैं कि नागरिक किसी दस्तावेज का अर्थ पूछे और वह आसान भाषा में मिल जाए। नागरिक यदि पूछे क्या इस क्लॉज में मेरे लिए कोई जोखिम है? तो एआई उत्तर दे सकती है- यदि आप नियम तोड़ते हैं, तो कंपनी आप पर जुमार्ना लगा सकती है। यह परिवर्तन न केवल सुविधा है, बल्कि न्याय को जनता तक ले जाने का माध्यम है। डिजिटल युग ने प्रक्रियाओं को सरल किया है, भाषा को नहीं। अब ई-फाइलिंग से बहस तक ऑनलाइन हो रही है। दस्तावेज डिजिटल स्वरूप में उपलब्ध हैं, लेकिन भाषा वही पहेली बनी हुई है। ऐसी स्थिति में एआई की भूमिका तकनीकी प्रगति के साथ न्यायिक लोकतंत्र की आवश्यकता भी है।



*कई नागरिक कभी-कभी अपने हस्ताक्षर किए हुए दस्तावेज भी पूरी तरह नहीं पढ़ते, क्योंकि वे यह मान लेते हैं कि वे इसे समझ ही नहीं पाएंगे। मौजूदा दौर में एआई अब वकीलों और उनके मुवक्किल के बीच एक सेतु बन रही है। आज ऐसी तकनीक विकसित हो रही है, जो जटिल कानूनी दस्तावेजों को सरल भाषा में बदल सकती है। यह अनुवाद मात्र शब्दों का नहीं, अभिप्राय का होता है। इस तरह के परिवर्तन से न सिर्फ जानकारी साफ होती है, बल्कि भय-भाव कम होता है, जो वर्षों से कानून के साथ जुड़ा रहा है। ऐसी ही स्थिति किरायेदारी-समझौते, बीमा-दावे, बैंक-कर्ज और सरकारी नोटिस में भी दिखाई देती है। जब किसी समझौते में लिखा होता है कि किराएदार को संपत्ति को पूर्ववत स्थिति में लौटाना अनिवार्य होगा, तो बहुत-से लोग इसका वास्तविक अर्थ नहीं समझते। यही वाक्य जब सीधे शब्दों में बदल कर आता है कि जगह जैसी मिली थी वैसे ही वापस करनी है, तो उसकी स्पष्टता ही उसका अधिकार बनती है। इस अंतर की वजह से तकनीक की आवश्यकता महसूस हुई, क्योंकि जानकारी तभी शक्ति बनती है, जब उसे समझा जा सके। कृत्रिम मेधा के माध्यम से कानूनी दस्तावेजों की व्याख्या, सार, सरल-भाषा और प्रश्न-उत्तर आधारित स्पष्टीकरण संभव होने लगे हैं। कई एआई आधारित मंच यह सुविधा दे रहे हैं कि नागरिक किसी दस्तावेज का अर्थ पूछे और वह आसान भाषा में मिल जाए।*

दुनिया के कई देशों में कानून की भाषा को सरल और नागरिक-अनुकूल बनाने के लिए एआई का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। अमेरिका में न्यायालयों और विधि-फर्मों में एआई आधारित उपकरण का इस्तेमाल न सिर्फ कानूनी दस्तावेजों का विश्लेषण करने के लिए, बल्कि उन्हें साधारण भाषा में रूपांतरित करने के लिए भी किया जा रहा है। ब्रिटेन में सरकार ने इस अभियान को एआई-सहयोग से और मजबूत किया है, ताकि नागरिकों को अदालतों और प्रशासनिक आदेशों की भाषा आसान रूप में मिल सके। कनाडा में भी न्याय-अभिगम कार्यक्रम के तहत एआई व्यवस्था अदालतों से जुड़े दस्तावेजों को आम नागरिक की भाषा में समझा कर उपलब्ध कराती है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में स्थानीय न्यायालयों ने उन क्षेत्रों के लोगों के लिए एआई-आधारित अनुवाद और सरलीकरण प्रणाली शुरू की है, जहां अंग्रेजी मातृभाषा नहीं है। इन देशों के अनुभव बताते हैं कि भाषा-सरलीकरण के बाद न्यायिक प्रक्रियाओं में आम जनता की भागीदारी बढ़ी है और विवादों की संख्या में कमी आई है। यूरोप के कई देशों में भी न्याय-व्यवस्था में इसे शामिल किया जा रहा है और विशेष रूप से फ्रांस, जर्मनी और नीदरलैंड जैसे देशों में कानून की जटिल शब्दावली को नागरिक-अनुकूल रूप में बदलने की दिशा में संगठित पहल दिखाई देती है। फ्रांस में न्याय मंत्रालय एआई-सहायता से अदालतों के आदेशों का सहज भाषा में सार उपलब्ध करा रहा है। जर्मनी में लीगल टेक जैसे नवउद्यम किरायेदारी विवाद, बीमा दावे और कर संबंधी दस्तावेजों को आम आदमी की भाषा में समझाने में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। एस्टोनिया ने तो कृत्रिम मेधा-आधारित डिजिटल जज शुरू किया है, जो छोटे मामलों में तकनीक-सहायता से निर्णय प्रक्रिया को सरल करता है।

भारत में भी कानून की भाषा को सरल बनाने और तकनीकी माध्यम से आम नागरिक तक पहुंचाने की दिशा में उल्लेखनीय काम हो रहा है। एक अनुवाद मंच ने बाईस भारतीय भाषाओं में चालीस हजार से अधिक कानूनी दस्तावेजों का अनुवाद किया है, जिससे अंग्रेजी-भाषी कानूनी दस्तावेजों का लाभ हिंदी-भाषी और अन्य भाषाई समूहों तक पहुंचने लगा है। इसके साथ ही, कई लीगल-टेक कृत्रिम मेधा का उपयोग कर कानूनी शोध, दस्तावेज विश्लेषण और समझ-सार तैयार करने में लगे हैं। इसके नतीजे सामने आ रहे हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस दिशा में संस्थाएं, न्यायालय, विश्वविद्यालय और प्रशासन मिलकर काम करें। जैसे हम शिक्षा में डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराते हैं, वैसे ही कानून की भाषा को सरल बनाने का भी सार्वजनिक तंत्र विकसित होना चाहिए। कानून तभी लोगों का साथी बन सकता है, जब उसकी भाषा लोगों की भाषा हो। आज भी अनेक नागरिक अपने अधिकारों से इसलिए दूर रह जाते हैं, क्योंकि कानूनी शब्दावली उन्हें जटिल लगती है। जब तकनीक, विशेष रूप से कृत्रिम मेधा, इस भाषा को सरल, स्पष्ट और समझने योग्य बनाने का कार्य करेगी, तब न्याय केवल अदालतों तक सीमित अवधारणा नहीं रहेगा, बल्कि आम नागरिकों के जीवन का हिस्सा बन जाएगा।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# दूसरों में उलझने के बजाय खुद को सुलझाएं

**अविनाश जोशी**

यह हमें सिखाता है कि सच्ची मुक्ति तभी संभव है, जब हम अपनी आंतरिक यात्रा पर ध्यान केंद्रित करें। आधुनिक जीवन की व्यस्तता में हम सोशल मीडिया की चकाचौंध में खो जाते हैं, जहां हर कोई अपनी जिंदगी को संपूर्ण दिखाने की होड़ में लगा है। नतीजा? चिंता, ईर्ष्या और अशांति। अगर हम ठहरें, आत्ममंथन करें, तो पाएंगे कि समस्याओं का मूल कारण बाहरी नहीं, आंतरिक है। दरअसल, बचपन से ही हमें सिखाया जाता है कि पड़ोसी का बच्चा कितना होशियार है, रिश्तेदार के बच्चे कितना कमाते हैं। यह तुलना का जाल हमें बांध लेता है। गांवों में अभी भी लोग एक-दूसरे की संपत्ति, विवाह या संतान की सफलता पर चर्चा करते हैं। क्या यह उलझन हमें आगे ले जाती है? नहीं। यह हमें पीछे धकेलती है। आधुनिक मनोविज्ञान कहता है - सामाजिक तुलना के सिद्धांत के अनुसार, ऊपर-नीचे की तुलना अवसाद का कारण बनती है। सोशल मीडिया पर बहुत सारे लोग विदेश जाकर छुट्टियां मनाने की तस्वीरें प्रदर्शित करते हैं, महंगी कारें दिखाते हैं। हम सोचते हैं कि हमारी जिंदगी ऐसी क्यों नहीं है! अपने आप में सुलझना एक आंतरिक प्रक्रिया है, जो आत्म-चिंतन से शुरू होती है। रोजाना सुबह दस मिनट शांत बैठकर अपनी सांसों पर ध्यान देना चाहिए। योग का प्राणायाम या लोक संगीत की धुनें सुनना हमें भीतर ले जाएंगी। स्वामी विवेकानंद कहते थे, तुम्हें बाहर नहीं, भीतर झांकना है। अपने आप में सुलझना मतलब अपनी कमजोरियों को स्वीकार करना। मान लें कि हमें अपनी नौकरी पसंद नहीं, लेकिन डर लगता है छोड? का कि समाज कहेगा नाकाम हो गया। मगर हम अपने जुनून को पहचानें, जैसे लेखन, चित्रकला या कविता, तो रास्ता खुद बन जाएगा। राजस्थान के लोक कलाकारों से सीखने की जरूरत है, जो रेगिस्तान की कठोरता में भी अपनी रंगीन कला से जीवन को सजाते हैं। वे दूसरों की नकल नहीं करते, अपनी आत्मा की आवाज सुनते हैं।



इस प्रक्रिया में डायरी लेखन बड़ा सहायक है। हर शाम पांच मिनट लिखने की जरूरत है कि आज क्या अच्छा हुआ, क्या गलत, कल क्या सुधारना है। यह अपनी भावनाओं से रूबरू कराएगा। मनोविज्ञान में इसे जर्नलिंग कहते हैं, जो तनाव को 20 प्रतिशत कम कर देती है। दूसरों में उलझने का एक बड़ा कारण है अपेक्षाएं। हम चाहते हैं कि माता-पिता हमारी हर बात मानें, मित्र हमेशा साथ दें और हमारे वरिष्ठ अधिकारी हमारी सराहना करें। मगर जब ऐसा न हो, तो उलझन शुरू। सुलझने का तरीका? अपेक्षाओं को कम करना और जो जैसा है, वैसा स्वीकार करना चाहिए। आज के दौर में कई युवा उद्यमी खुद को प्राथमिकता देने के साथ-साथ दुनिया की परवाह न करने के सिद्धांत पर चलते हैं। वे निवेशकों की बात सुनते हैं, लेकिन अपनी दृष्टि पर अडिग रहते हैं। एक अध्ययन के मुताबिक 70 प्रतिशत सफल लोग वे हैं, जो आंतरिक प्रेरणा से चलते हैं, न कि बाहरी प्रशंसा से। परिवार और समाज में इस तरह की स्पष्टता लाने के लिए शुरूआत खुद से करना चाहिए। बच्चों को सिखाना होगा कि वे अंकपत्र के नंबरों पर नहीं, बल्कि अपनी क्षमता पर ध्यान दें। राजस्थान के स्कूलों में अब योग और ध्यान को शामिल किया जा रहा है, जो इसी दिशा में कदम है। पति-पत्नी के रिश्ते में भी एक-दूसरे को बदलने की कोशिश छोड़ें, खुद को बेहतर बनाएं। तब रिश्ते मजबूत होंगे। एक बार एक महिला ने बताया, वह घर के सदस्यों की हर बात पर उलझती थीं, लेकिन जब उन्होंने अपनी दिनचर्या में ध्यान जोड़ा, तो शांति मिली।

आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह सिद्धांत और भी प्रासंगिक है। शेयर बाजार में लोग दूसरों के सुझावों पर निवेश करते हैं, नुकसान होता है। लेकिन अगर हम अपनी जोखिम क्षमता समझें, लंबी अवधि की योजना बनाएं, तो सुलझन मिलेगी। राजस्थान की अर्थव्यवस्था में सीमेंट और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में भी यही लागू होता है। कंपनियां जो बाहरी प्रतिस्पर्धा में उलझती हैं, पिछड़ जाती हैं। जो अपनी केंद्रीय शक्ति पर काम करती हैं, आगे बढ़ती हैं। आध्यात्मिक स्तर पर उस सुलझन को ईश्वर से जोड़कर देखा जाता है। हिंदू दर्शन में आत्मा को परमात्मा का अंश कहा गया है। बाहर भटकने से क्या फायदा? भीतर जाकर खोजें। ध्यान, जप, भजन– ये सब माध्यम हैं। सूफी संत बाबा बुल्ले शाह ने कहा, बुल्लेया की जाण मैं नूं, रांझा हो गया। यानी जब मैं रांझा बन गया, तभी हीर मिली। यानी खुद को खोकर ही पा सकते हैं। राजस्थानी कवि सम्मेलनों में ऐसी ही रचनाएं सुनने को मिलती हैं, जो आत्म-साक्षात्कार पर जोर देती हैं। बाधाएं भी आएंगी। मन भटकेगा, पुरानी आदतें लौटेंगी। लेकिन धैर्य रखना चाहिए। छोटे-छोटे कदम उठाने की जरूरत है, जैसे फोन की स्क्रीन अवधि कम करना और प्रकृति में घूमना। अध्ययनों से सिद्ध है कि नियमित अभ्यास से खुशी का स्तर 40 प्रतिशत बढ़ जाता है। यह यात्रा निरंतर है। दूसरों की जिंदगी के बजाय अपनी को संवारना चाहिए। कल जब आईना देखा जाए, तो मुस्कुराता चेहरा नजर आए। जीवन छोटा है, उलझनों में गंवाने की जरूरत नहीं है। रेगिस्तान में भी फूल खिलते हैं, अगर जड़ें मजबूत हों। अपने आप में हम अगर सुलझ गए, दुनिया खुद सुलझ जाएगी।

**– लेखक के निजी राय हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

17 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

(कुंडली: ४ गुरु शुक्र; ५ केतु; बुध सूर्य चंद्र; २; १ मंगल; ३; ६; १२ शनि; ९; राहु ११; ७; ८; १०)

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 05.07 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | कर्क | 07.25 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 09.41 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 11.53 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.04 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.18 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.34 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.39 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.26 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | मीन | 23.59 बजे से |
| | | मेष | 01.29 बजे से |
| | | वृष | 03.09 बजे से |

**बुधवार** 2026 वर्ष का 168 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083
**शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 21.39 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 13.37 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 20.51 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 11.12 बजे तदनन्तर गर 21.39 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 1.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 22'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872743
**जूलियन दिन** 2461208.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 01
**विशेष** रम्भा तीज व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8894

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ |
| | ■ | 8 | | 9 | ■ | ■ | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 14 |
| ■ | 15 | | | | ■ | 16 | | |
| 17 | | ■ | ■ | 18 | 19 | | ■ | |
| ■ | 20 | 21 | | ■ | | ■ | 22 | |
| 23 | | | ■ | 24 | | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण(उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

### ऊपर से नीचे

1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

### शब्द पहेली -8893 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ती | रं | दा | ज | ■ | को | म | लां | गी |
| व्र | ■ | म | न | भ | र | ना | ■ | ज |
| ता | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | स | र |
| ■ | म | ■ | क | म | र | ■ | मा | ■ |
| प्र | ता | ड़ | ना | ■ | स | र | ज | मीं |
| ■ | जो | ■ | त | र | ना | ■ | वा | ■ |
| बा | गी | ■ | ■ | सी | ■ | ■ | दी | न |
| य | ■ | ल | ची | ला | प | न | ■ | य |
| स | ना | त | न | ■ | र | स | खा | न |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

### सूडोकु नवताल- 7828

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7827 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# सलमान खान ही बिग बॉस 20 होस्ट करेंगे



21 सितंबर से शुरू कर सकते हैं शूटिंग रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 20वें सीजन के लिए सलमान खान होस्ट के रूप में वापसी करेंगे। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, वह 21 सितंबर से नए सीजन की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इससे पहले सलमान खान डायरेक्टर वामसी पेडिपल्ली की आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म की शूटिंग का बड़ा हिस्सा पूरा करने की तैयारी में हैं। इस फिल्म में नयनतारा भी नजर आएंगी। सूत्र के मुताबिक, एक्टर की टीम उनकी शूटिंग और शो के शेड्यूल को कोऑर्डिनेट करने में बिजी है। 'बिग बॉस 20' के लिए शॉर्टलिस्टिंग और ऑडिशन जल्द शुरू होने की उम्मीद है। सूत्र का कहना है कि शो के मेकर्स ने कई जाने-माने टीवी पर्सनैलिटीज से संपर्क किया है और शुरुआती बातचीत चल रही है। रियलिटी शो के कुछ कंटेस्टेंट्स को नए सीजन के लिए भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। यह पहल ह्ल्ञ्ज दर्शकों के एंगेजमेंट को देखते हुए की जा रही है। इसके अलावा, शो के कुछ पुराने कंटेस्टेंट्स भी वापस आ सकते हैं।

**टीवी अभिनेत्री सुरभि ज्योति मां बन गई हैं। उन्होंने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है। इस खुशखबरी को सुरभि ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर कर उन्हें खुश कर दिया है।**

# हमारी बेटी आ गई

● **38 की उम्र में मां बनीं सुरभि ज्योति; फैंस के साथ शेयर की खुशखबरी**



टेलीविजन अभिनेत्री सुरभि ज्योति 38 की उम्र में मां बन गई हैं। सुरभि ने 13 जून को एक प्यारी बेटी को जन्म दिया, जिसकी खुशखबरी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। सुरभि ज्योति ने आज इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर कर अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की है। इस पोस्ट पर लिखा है- 'यह लड़की है'। इसके साथ ही तारीख लिखी है 13 जून, 2026। इस पोस्ट पर एक हल्के गुलाबी फूल के साथ एक कली की तस्वीर लगी हुई है। साथ ही लिखा लव सुरभि और सुमित।

### ❤ सेलेस ने दी बधाई

सुरभि ज्योति ने इस खास पोस्ट के साथ इंस्टाग्राम पर कैप्शन लिखा, 'हमारी बेटी आ गई है।' सुरभि ने आगे लिखा, 'हमारा दिल प्यार और कृतज्ञता से भर गया है।' सुरभि को कई सेलेब्स ने मां बनने की बधाई दी है। आशका गोराडिया ने लिखा, 'बधाई हो', किश्वर मर्चेंट ने लिखा, 'वाह, बधाई हो', शालीन मल्होत्रा ने लिखा, 'भगवान आपको आशीर्वाद दें', इसी के साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए।

### ❤ सुरभि और सुमित की शादी

सुरभि ने 27 अक्तूबर 2024 को अभिनेता सुमित सूरी से शादी की थी। शादी के दो साल बाद अब यह कपल एक बेटी के माता-पिता बने हैं। सुरभि को सुपरहिट शो 'कुबूल है' में 'जोया फारूकी' और धारावाहिक 'नागिन 3' में 'बेला' की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है।

**मौनी रॉय बोलीं-**

# सबसे अजीब अफवाह थी मैं गे हूं

● **सेक्शुअलिटी की अटकलों पर तोड़ी चुप्पी, मुश्किल समय में दोस्तों के सपोर्ट का किया जिक्र**





मौनी रॉय ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुश्किल समय में दोस्तों का साथ सबसे जरूरी होता है। एक्ट्रेस मौनी रॉय ने हाल ही में अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी सोशल मीडिया चर्चाओं और अफवाहों पर खुलकर बात की। मोनिका शर्मा के डिजिटल टॉक शो में उनसे पूछा गया कि बॉलीवुड में आने के बाद उन्होंने अपने बारे में सबसे अजीब अफवाह कौन-सी सुनी। इस पर मौनी ने जवाब दिया, 'यह कि मैं गे हूं। मौनी ने इस सवाल का जवाब हल्के अंदाज में दिया और साफ किया कि वह ऐसी अटकलों को गंभीरता से नहीं लेतीं। पिछले कुछ समय से उनकी निजी जिंदगी चर्चा में रही है और सोशल मीडिया पर उनके रिश्तों व दोस्ती को लेकर कई तरह के अनुमान लगाए जाते रहे हैं। एक्ट्रेस ने युवा महिलाओं के लिए संदेश देते हुए कहा कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और भावनात्मक रूप से मजबूत बनना चाहिए। उनके मुताबिक आत्मनिर्भरता सिर्फ करियर नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक मजबूती से भी जुड़ी होती है। मौनी ने कहा कि लोगों की राय और सोशल मीडिया की प्रतिक्रियाएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन सबसे जरूरी खुद को समझना और अपने फैसलों पर भरोसा रखना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को मजबूत सपोर्ट सिस्टम बनाना चाहिए और अपनी पहचान किसी बाहरी धारणा से तय नहीं होने देनी चाहिए। मौनी का यह बयान सोशल मीडिया पर चर्चा में है और लोग उनकी बेबाकी व आत्मनिर्भरता के संदेश पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# 'कुमकुम भाग्य' की एक्ट्रेस संचिता उगले ने की आत्महत्या

■ **जांच में जुटी पुलिस**



**टीवी** अभिनेत्री संचिता उगले की मौत की खबर ने मनोरंजन जगत को गहरे सदमे में डाल दिया है। बताया जा रहा है कि 22 साल की उम्र में उन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह घटना 14 जून की शाम को उनके नालासोपारा ईस्ट के आचोले गांव के साईं संतोषी बिल्डिंग वाले घर में हुई। संचिता ने अपने बेडरूम में अंदर से दरवाजा बंद करके सीलिंग फैन से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों ने तुरंत उन्हें वसई-विरार म्युनिसिपल हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आचोले पुलिस स्टेशन के एएसआई विनोद बाघ ने बताया कि संचिता ने शाम 7 बजे से 7:30 बजे के बीच यह कदम उठाया। पुलिस को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता मछिंदा उगले की शिकायत के आधार पर 15 जून को आचोले पुलिस स्टेशन में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु (एडीआर) का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना हैं कि आत्महत्या के पीछे का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। हरसंभव पहलू से जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी सामने आएगी। संचिता उगले धीरे-धीरे टीवी इंडस्ट्री में अपनी जगह बना रही थीं। उन्हें सबसे ज्यादा पहचान लोकप्रिय जी टीवी सीरियल 'कुमकुम भाग्य' में दिया टंडन के रोल से मिली।

इस सीरियल में काम करना उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। संचिता ने खुद एक इंटरव्यू में बताया था कि इस शो ने उन्हें न सिर्फ नाम दिया बल्कि उनके परिवार का भी पूरा समर्थन मिला। 'कुमकुम भाग्य' के अलावा संचिता ने 'वागले की दुनिया' में रुचिता जेटली का किरदार निभाया। बाद में वे दंगल के टीवी शो 'दिलवाली दुल्हा ले जाएगी' में मुख्य भूमिका सुकून के रूप में नजर आईं। संचिता उगले ने टीवी के साथ-साथ फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में भी काम किया। विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' में उन्होंने तारा रानी के छोटे वर्जन का रोल प्ले किया। इसके अलावा, मनोज बाजपेयी की 'साइलेंस 2: द नाइट आउल बार शूटआउट' फिल्म में भी उनकी भूमिका अहम रही।

# अजय देवगन ने 'धमाल 4' के लिए वसूली मोटी फीस

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की अगली फिल्म 'धमाल 4' है, जिसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. 10 जुलाई को उनकी फिल्म रिलीज होने वाली है और बीते दिन ही फिल्म का ट्रेलर आया था. अजय देवगन, जावेद जाफरी, अरशद वारसी, रितेश देशमुख समेत कई स्टार्स फिल्म का हिस्सा हैं. अब जानिए फिल्म के लिए किसने ज्यादा फीस ली है? अजय देवगन की इस साल अबतक कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है. जी हां, वो 'धमाल 4' से वापस लौट रहे हैं, पर फिल्म 10 जुलाई, 2026 को आएगी. जिसका बीते दिन ट्रेलर आया है. पिक्चर में अजय देवगन, अरशद वारसी, संजय मिश्रा, जावेद जाफरी और रितेश देशमुख हैं. वहीं दो टीवी एक्ट्रेस भी नजर आ रही हैं. इंद्र कुमार ने फिल्म को डायरेक्ट किया है और अजय देवगन ही इस फिल्म पर पैसा भी लगा रहे हैं. इसी बीच फिल्म के स्टार कास्ट की फीस सामने आ गई है. कहा जा रहा है कि अजय देवगन को फिल्म के लिए 40 करोड़ रुपये फीस मिली थी. हालांकि, वो इसे पहले ही कम कर चुके हैं. लेकिन फिर भी दूसरे एक्टर्स से ज्यादा पैसे ले रहे हैं. कुछ वक्त पहले ही भूषण कुमार ने बताया था कि अजय देवगन ने अपनी फीस कम की है, क्योंकि फिल्म का कॉस्ट बढ़ गया था. एक्टर चाहते थे कि फिल्म बिना किसी परेशानी के कंप्लीट हो जाए, इसलिए बजट बढ़ते ही यह फैसला कर लिया था. हालांकि,वो बतौर प्रोड्यूसर भी पिक्चर से जुड़े हैं, तो प्रॉफिट शेयरिंग पर भी डील कर रहे होंगे. अगर बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छी कमाई करती हैं, तो अजय देवगन के जेब में सबसे ज्यादा पैसे आएंगे. बाकी स्टार कास्ट को कितनी फीस मिली है?

सिर्फ अजय देवगन ही 'धमाल 4' में कॉमेडी और मस्ती का तड़का नहीं लगाने वाले हैं. जी हां, उनके अलावा फिल्म में रितेश देशमुख और अरशद वारसी भी हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, एक्टर्स ने इस फ्रेंचाइज के अगले पार्ट के लिए 10 करोड़ रुपये फीस ली है. जो कि काफी ज्यादा है और फिल्म के लिए उन्हें पूरा-पूरा फायदा भी हो रहा है. जबकि, इस बार रवि किशन भी फिल्म का हिस्सा हैं और वो विलेन का रोल कर रहे हैं. ट्रेलर देखकर पता लगा कि DHAMAAL 4 में एक्टर को काफी स्क्रीन टाइम मिला है. जिसके लिए वो भी 10 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं. वहीं, फिल्म में संजय मिश्रा भी हैं, जिन्हें अजय देवगन की धमाल 4 के लिए 3 करोड़ रुपये मिले हैं. वहीं, जावेद जाफरी और ईशा गुप्ता ने पिक्चर के लिए 2 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं. दरअसल इस फिल्म से फैन्स को काफी उम्मीदें हैं, लेकिन ट्रेलर ने लोगों को खास इम्प्रेस नहीं किया है.




# ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 में आकांक्षा रंजन कपूर ने छोड़ी गहरी छाप

**मुंबई** एक छोटी लेकिन यादगार भूमिका से शुरू हुआ उनका सफ़र अब एक अहम किरदार में बदल गया है। ग्राम चिकित्सालय सीज़न 2 का ट्रेलर आ चुका है और आकांक्षा रंजन कपूर इस नए सीज़न की मुख्य ताकतों में से एक हैं – यह दिखाता है कि पहली बार में ही उनकी परफॉर्मेंस दर्शकों को कितनी पसंद आई थी। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली ग्राम चिकित्सालय को झारखंड के भातखंडी में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के ईमानदार और असल चित्रण के लिए तारीफ़ मिली। सीज़न 1 में, जहाँ दर्शकों को डॉ. प्रभात (अमोल पाराशर द्वारा निभाया गया किरदार) के आदर्शवादी संघर्षों से परिचित कराया गया, वहीं आकांक्षा की डॉ. गार्गी ने भी सबका ध्यान खींचा। कम समय के लिए स्क्रीन पर आने के बावजूद, उन्होंने एक स्थानीय डॉक्टर की भूमिका में अधिकार और भावनात्मक समझ दिखाई –एक ऐसी डॉक्टर जो सिस्टम को समझती है क्योंकि उसने खुद उसे जिया है। प्रभात की पेशेवर साथी और नैतिक मार्गदर्शक के तौर पर, डॉ. गार्गी की मौजूदगी ने कहानी को मज़बूती दी – और दर्शकों को और भी देखने की इच्छा जगाई। दर्शकों की प्रतिक्रिया तेज़ और ज़बरदस्त थी।

### दर्शकों ने की जमकर तारीफ





**12 शॉर्ट फिल्मों और 2 स्टिल शूट के बाद**

# अमिताभ बोले-काम तो काम है

**महानायक** अमिताभ बच्चन ने एक ही दिन में 12 शॉर्ट फिल्मों की शूटिंग पूरी की, दो स्टिल फोटोशूट किए और इसके बाद अपने प्रशंसकों के लिए ब्लॉग भी लिखा। यह जानकारी उन्होंने स्वयं दी। अमिताभ अपने फैंस को प्यार से अपना एक्सटेंडेड फैमिली (ईएफ) कहते हैं। अभिनेता ने अपने ब्लॉग में लिखा कि काम ही काम है और लोगों से जुड़े रहने की प्रक्रिया कभी रुकनी नहीं चाहिए। बिग बी ने अपने ब्लॉग पर लिखा, 'काम तो काम है ... काम तो काम है ... काम तो काम है... !!! आज 12 शॉर्ट फिल्में शूट कीं, 2 स्टिल शूट किए और अब आप लोगों के लिए काम कर रहा हूं। बिना किसी देरी के जुड़े रहने का यह सिलसिला ही आज का काम है। बाकी सब तो चलता रहेगा। यह नहीं रुकना चाहिए। ब्लॉगिंग के शौकीन अमिताभ ने आगे लिखा कि काम के दिन से पहले पूरी तैयारी के साथ पढ़ाई और अभ्यास करना चाहिए तथा परिस्थितियां कैसी भी हों, कभी समझौता नहीं करना चाहिए। उन्होंने लिखा, 'पूरी लगन से अध्ययन करना चाहिए। काम वाले दिन से पहले पूरी तैयारी करनी चाहिए और परिस्थितियों या हालात से कभी समझौता नहीं करना चाहिए चाहे एयर कंडीशंड पायजामा ही क्यों न पहन रखा हो। अमिताभ बच्चन इन दिनों निर्देशक नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस पौराणिक साइंस-फिक्शन फिल्म में प्रभास, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी भी अहम भूमिकाओं में हैं।

# आरएसएस का उत्तर बिहार संघ शिक्षा वर्ग प्रशिक्षण संपन्न

एजेंसी

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर बिहार प्रांत द्वारा आयोजित संघ शिक्षा वर्ग कार्यकर्ता विकास वर्ग विगत 30 मई 2026 के संध्या से प्रारंभ हुआ।यह बेगूसराय सदर के मोहनपुर ग्राम में वर्ल्ड व्यु एकैडमी स्कूल के प्रांगण में प्रारंभ हुआ।इसमें 30 जिले व महानगरों से कुल 188 शिक्षार्थी भाग ले रहे थे। लगभग 21 शिक्षक और 30 लोग व्यवस्था में रात दिन लगे हुए थे।वर्ग के सर्वाधिकारी के रूप में उमाशंकर खां थे। वर्ग कार्यवाह के रूप में ओमप्रकाश जी,वर्ग के पालक अभय गर्ग जी, तथा सह प्रांत प्रचारक प्रवीर जी सदैव उपस्थित थे। 15 दिनों के प्रशिक्षण में अनुशासन, एकरूपता, शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास का प्रतिक्षण दिया गया। नित्य प्रभात





एवं शायं शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित कर कार्यकर्ता निर्माण का एक प्रकार का यह फैक्ट्री है। उसे वर्ग का समापन समारोह विगत 14 जून 2026 के संध्या सारे 5:00 बजे बेगूसराय गांधी स्टेडियम में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आकर्षण प्रशिक्षित स्वयंसेवकों द्वारा घोष का प्रदर्शन एवं नियुद्ध प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। योग व्यायाम और दंड के अभ्यास का भी अच्छा प्रदर्शन रहा।कार्यक्रम के मंच पर सर्वश्री आलोक कुमार जी अखिल भारतीय सह सरकार्यवाह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में समस्तीपुर जिला के नयानगर के प्रगतिशील किसान श्री सुधांशु कुमार जी (नव अन्वेषक )सह प्रांत संघचालक प्रोफेसर राज किशोर जी तथा बेगूसराय के जिला संघचालक मनोरंजन कुमार वर्मा जी विराजमान थे। उमाशंकर खां ने पौधा, डायरी और पुष्पगुचछ देकर मुख्य अतिथि का सम्मान किया।एकल गीत के बाद सुधांशु कुमार का उद्बोधन हुआ।उन्हौने कहाः-मै उच्च शिक्षा प्राप्त कर बड़े कम्पनी में कार्यरत था। मन में स्व का भाव का बोध हुआ।मैं नौकरी छोड़ अपने गांव नया नगर आगया। पुश्तैनी जमीन थी। उसी में पुरे मनोयोग से, आधुनिक तकनीक के सहारे खेती प्रारंभ किया। में सन्त रंग लाया।आज मैं की स्तर के लोगों को रोजगार दिया हूं।और कृषि लागत से पांच गुना से बारह गुना तक मुनाफा कमा रहा हूं। उन्होंने युवाओं को एक बार अपने फोर्म हाउस पर आकर प्रत्यक्ष रूप से कृषि कार्य देखने का आह्वान किया। आलोक कुमार जी,सह सरकार्यवाह जी ने अपने उद्बोधन में स्व का बोध, स्वरोजगार, स्वभाषा ,स्व भेष और स्व भोजन के महत्व को समझाया। यों ही भारत विश्व गुरु और सोने की चिड़िया नहीं कहलाता था। संघ ने सौ वर्षों की यात्रा पुरी करली है।

# मोदी सरकार के 12 साल पूरे, भगवानपुर में जनसंपर्क अभियान से गिनाई उपलब्धियां

**सांसद-केंद्रीय मंत्री व विधायक सुरेंद्र मेहता ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को बताया स्वर्णिम अध्याय**

एजेंसी

**भगवानपुर/बेगूसराय।** नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने मंगलवार को भगवानपुर में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रखंड क्षेत्र के आर बी एस महाविद्यालय के सभागार में आयोजित सभा में स्थानीय सांसद सह केंद्रीय कपड़ा मंत्री और विधायक सुरेंद्र मेहता ने कार्यकताओं के साथ सरकार की उपलब्धियां




गिनाईं और विकसित भारत की नींव पर चर्चा की।सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि बीते 12 साल का कार्यकाल सेवा, सुशासन, जनकल्याण और गरीब कल्याण का स्वर्णिम अध्याय रहा है। उन्होंने कहा कि इसी दौर में विकसित भारत की मजबूत नींव रखी गई है। उज्ज्वला, आयुष्मान, जनधन, पीएम आवास जैसी योजनाओं से करोड़ों गरीबों का जीवन बदला है।सांसद और विधायक सुरेंद्र मेहता ने कृषि, इन्फ्रास्ट्रक्चर और शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र, राज्य और बेगूसराय जिले में हो रहे निरंतर विकास की चर्चा की। सड़क, रेल, स्वास्थ्य और ग्रामीण योजनाओं का जिक्र करते हुए सरकार के अगले कदम की रूपरेखा भी साझा की। जनसंपर्क अभियान के तहत मौजूद शिक्षकों ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव रखे।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में प्रिंस यादव मौत मामले को लेकर युवा संघ ने निकाला मार्च

**अररिया।** ज्ञान बिंदु एकेडमी के संस्थापक रोशन आनंद के छोटे भाई प्रिंस यादव की नेपाल में संदिग्ध हालत में हुए मौत को लेकर मंगलवार को युवा संघ के सदस्यों ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शहर में मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर आक्रोश मार्च निकाला गया।मार्च में शामिल युवा संघ के सदस्यों ने मामले की निष्पक्ष जांच के साथ घटना की साजिशकर्ता की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष युवराज यादव ने किया। संघ के अध्यक्ष युवराज यादव और सचिव अंजेश गुप्ता ने कहा कि रोशन आनंद प्रकरण बिहारी छात्रों के अस्मिता की लड़ाई बन चुकी है।सीबीआई जांच की मांग की गई।वहीं फिजिकल एकेडमी के अभिषेक ठाकुर ने सीने स्टार सुशांत सिंह राजपूत हत्याकांड के बाद रोशन आनंद के भाई प्रिंस यादव की संदिग्ध मौत को दबाने की कुत्सित प्रयास किए जाने की बात कही। मौके पर रौशन साह, सोनू नंदा, कृष्ण कुमार, भूषण गुप्ता, विशाल झा, रंजीत यादव, विशाल आनंद, धनंजय मंडल, गौरव पासवान, प्रीतम कुमार, सुजीत यादव, किशन, मनजेश साह, अमित यादव, अंकित दास, राजीव यादव, मनीष, शिवानंद, प्रहलाद सरदार, सुभाष यादव, आलोक पासवान, विशाल झा आदि मौजूद थे।

### मंत्री ने किया स्टेशन क्लब का उद्घाटन

**भागलपुर।** भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड स्थित स्टेशन क्लब को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्निर्मित कर नया स्वरूप दिया गया है। बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने मंगलवार को फीता खोलकर इस भव्य स्टेशन क्लब का उद्घाटन किया इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग, खेल प्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। नवनिर्मित स्टेशन क्लब में इंडोर स्टेडियम से जुड़े लगभग सभी प्रमुख खेलों की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा 85 से 90 लोगों की क्षमता वाला आधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल भी बनाया गया है, जहां बैठकें, सेमिनार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। क्लब परिसर में एक समृद्ध लाइब्रेरी, अतिथियों के ठहरने के लिए विशेष कमरे तथा निजी बैठकों के लिए वीआईपी लाउंज की भी व्यवस्था की गई है।

# स्काउट-गाइड के एकता शिविर का शिक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन

एजेंसी

**सारण।** भारत स्काउट एवं गाइड के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय एकता शिविर-2026 का उद्घाटन चांदमारी रोड स्थित सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर शिविर की विधिवत शुरूआत की। इस कार्यक्रम में महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शिविर का शुभारंभ स्काउट एवं गाइड कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत वंदे मातरम् और स्वागत गीत के साथ हुआ। इसके बाद सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ हरेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण के जरिए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन किया और शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी अपने संबोधन में संगठन की कार्यसंस्कृति की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड युवाओं में अनुशासन, कुशल नेतृत्व, सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है।



उन्होंने कैडेट्स को सदैव मानव सेवा के लिए तत्पर रहने और समाज के कल्याण में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान डीओसी अमन राज ने सरकारी विद्यालयों में इन गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु सहयोग की मांग की, जिस पर शिक्षा मंत्री ने पूर्ण सहयोग और आवश्यक पहल का भरोसा दिया। विशिष्ट अतिथि सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने भी कैडेट्स के अनुशासन और सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए उनके अभिभावकों के योगदान को सराहा। इस मौके पर शिक्षा मंत्री द्वारा विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित भी किया गया। शिविर में सारण जिले के 20 प्रखंडों से आए लगभग 500 स्काउट एवं गाइड प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। सीपीएस के प्रबंध निदेशक डॉ विकास कुमार सिंह के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक राजदेव राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण, प्राचार्य मुरारी सिंह, अमन राज, अश्विनी परमार, प्रणव सिंह, प्राचार्या अंजू सिंह और शिविर प्रधान प्रमोद सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## काजीरसलपुर पंचायत में सहयोग शिविर सफल 87 में से 75 आवेदनों का मौके पर निपटारा




**भगवानपुर/बेगूसराय।** भगवानपुर प्रखंड के काजीरसलपुर पंचायत में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हुआ। मुखिया श्री प्रणव भारती की अध्यक्षता में लगे इस शिविर में पंचायत वासियों की समस्याओं को सुनकर 87 आवेदनों में से 75 का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। पंचायत भवन में सुबह से ही लोगों की भीड़ लग गई थी। राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, नल-जल, शौचालय और जमीन संबंधित शिकायतों के कुल 87 आवेदन आए। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने 75 आवेदनों को जरूरी कागजात देखकर तुरंत निपटा दिया। बाकी 12 आवेदन जांच के लिए रखे गए हैं। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर और अंचलाधिकारी रानू कुमार खुद मौजूद रहे। उनके सामने ही आवेदन निपटाए गए, जिससे ग्रामीणों को चक्कर काटने से राहत मिली। मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अमित अक्षय,लोकगायक सचिदानंद पाठक, स्थानीय सरपंच, वार्ड सदस्य ,कई अन्य सरकारी कर्मचारी व संबंधित जनता भी शिविर में मौजूद थे।मुखिया प्रणव भारती ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम आदमी को ब्लॉक-अंचल का चक्कर न लगाना पड़े। पंचायत स्तर पर ही उनकी समस्या सुलझे। इसी सोच के साथ सहयोग शिविर लगाया गया। ग्रामीणों ने भी प्रशासन की इस पहल की सराहना की।एक दिन में 86 प्रतिशत आवेदन निपटाकर काजीरसलपुर पंचायत ने मिसाल पेश की। ऐसे शिविर से न सिर्फ काम जल्दी होता है, बल्कि सरकार और जनता के बीच का फासला भी कम होता है। मुखिया प्रणव भारती ने कहा कि बाकी बचे 12 आवेदनों को भी जल्द ही निष्पादन कर दिया जायेगा।

## असंतुलित ट्रक घर में घुसा, बालक की मौत व बुर्जुग महिला जख्मी, ग्रामीणों ने सड़क किया जाम



**छौराही/बेगूसराय।** थाना क्षेत्र के दौलतपुर मालीपुर पथ के राजोपुर गांव में बेगा मोर के निकट मंगलवार अहले करीब 5:00 बजे दौलतपुर के तरफ से मालीपुर के तरफ जा रही इफ-32ऋ/अ2197 नंबर की 14 चक्का ट्रक के ड्राइवर संतुलन खो जाने के कारण सीधा घर में घुस गई। 7 वर्ष का एक बालक की दबाकर मौके पर मौत हो गया। एक बुजुर्ग महिला जख्मी हो गई। जानकारी देते पंचायत मुखिया पंकज दास ने बताया कि मृतक बालक की पहचान राजुपुर गांव निवासी सुधीर यादव का पुत्र अंकेश कुमार 7 वर्ष एवं जख्मी महिला सुधीर यादव की माता सुदामा देवी के रूप में किया गया है। इस घटना से पूरा गांव मर्माहट है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक ड्राइवर को कब्जे में लेकर मोर्चा संभाला। उग्र ग्रामीणों के द्वारा तकरीबन 5 घंटा सड़क जाम रहा। राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही मंझौल डीएसपी नवीन कुमार पुलिस इंस्पेक्टर फैजल अहमद अंसारी यातायात डीएसपी रंजीत कुमार एफसीआई थाना के एस आई विनीत कुमार खोदाबांदपुर थाना प्रभारी चंदन कुमार के द्वारा लोगों को समझा बूझकर सबको कब्जे में लेकर सदर अस्पताल बेगूसराय पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और सड़क जाम को बड़ी मशक्कत से हटाया गया। यातायात डीएसपी श्रीकुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार को विधि सम्मत सहयोग किया जाएगा। मौके पर पंचायत के पूर्व मुखिया लक्ष्मी यादव समाजसेवी रामनरेश यादव भगवान लाल यादव राम बहादुर यादव मोहन यादव शिक्षाविद सेनापति यादव उप मुखिया राम शंकर साहू घटनास्थल पर पहुंचकर पिरित परिवार को दुख की घड़ी में धैर्य से काम लेने को कहा एवं जिला प्रशासन से आपदा की स्थिति में न्याय दिलाने की मांग किया है।

## सुपौल में प्रभारी सचिव ने सहयोग शिविरों का किया निरीक्षण

एजेंसी

**सुपौल।** जिले में आयोजित सहयोग शिविरों का मंगलवार को प्रभारी सचिव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड सरायगढ़-भपटियाही के बेनिनया एवं भपटियाही पंचायत तथा प्रखंड निर्मली के बेलसिंगार मोती पंचायत में लगाए गए शिविरों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने शिविरों में उपलब्ध सुविधाओं और आम लोगों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी भी प्राप्त की। प्रभारी सचिव ने शिविर में मौजूद लाभुकों एवं स्थानीय लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और योजनाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी अनावश्यक विलंब के मिल सके।

## सांसद ने आरबीएस कालेज तेयाय का किया निरीक्षण

एजेंसी

**तेघड़ा/बेगूसराय।** आरबीएस कॉलेज तेयाय पहुंचे केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं अन्य शिक्षकों के साथ मुलाकात कर समस्याओं पर बातचित की। कॉलेज प्रशासन द्वारा खपड़ैल मकान को पक्के मकान में बदलने की मांग की गई। केन्द्रीय मंत्री ने शिक्षा सचिव राजीव रौशन एवं जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री से मोबाइल पर बात कर समाधान करने को कहा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति को धरातल पर लाने में सभी शिक्षकों, पढ़े लिखे लोगों की



महती भूमिका होगी। गिरिराज सिंह ने कहा कि कॉलेज आने वाले छात्रों को नई शिक्षा नीति के उद्येश्य और उसे क्रिन्यान्वयन करने पर प्रकाश डालें। प्रधानाचार्य डॉ गाजी सलाउद्दीन के साथ प्रो राजकुमार ईश्वर, प्रो फूलन कुमार सिंह, प्रो शंभू कुमार चौधरी, रामानुज चौधरी सहित कई अन्य शिक्षकों द्वारा केन्द्रीय मंत्री के साथ जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा को सम्मानित करते हुए कहा कि मंत्री के आने से कॉलेज के विकास में लाभ पहुंचेगा। केन्द्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया है कि वे कॉलेज के विकास के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांकीपुर विधानसभा में चलाया डोर-टू-डोर जनसंपर्क

एजेंसी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष' पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मंगलवार को बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता युवा मोर्चा, बिहार प्रदेश के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने मीठापुर के विभिन्न शक्ति केंद्र में सैकड़ों युवा कार्यकताओं, मंडल अध्यक्ष नीरज भारती, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रोहित गुप्ता तथा भाजयुमो के ऊजार्वान कार्यकर्ता साथियों के



साथ विशेष जनसंपर्क अभियान में सहभागिता की। इस दौरान बूथ स्तर के प्रत्येक परिवार तक केंद्र सरकार के विगत 12 वर्षों के रिपोर्ट कार्ड से युक्त पत्रक वितरित किए गए। सिंह ने कृष्णा मंडल के राजापुल शक्ति केंद्र, उत्तरी कृष्णापुरी शक्ति केंद्र एवं आनंदपुरी शक्ति केंद्र पर मंडल अध्यक्ष तथा भाजयुमो कार्यकताओं के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया। अभियान के दौरान मोदी सरकार द्वारा जनकल्याण, गरीब उत्थान, स्वरोजगार, व्यापार सुगमता, आधारभूत संरचना विकास तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण हेतु किए गए ऐतिहासिक कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा, जनसंपर्क के दौरान जनता का अपार स्नेह, विश्वास और समर्थन प्राप्त हुआ। स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में स्थापित किए गए नए आयामों की सराहना की। जनता से मिले अपार स्नेह और प्रधानमंत्री के प्रति अटूट विश्वास ने सिद्ध कर दिया कि '12 साल बेमिसाल' रहे हैं और 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के प्रति जन-जन में अभूतपूर्व उत्साह है। जनसंपर्क के दौरान भाजयुमो के प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सहुरी पंचायत के सहयोग शिविर में शत-प्रतिशत मामले का हुआ निपटारा : डीएम

एजेंसी

**वीरपुर/बेगूसराय।** पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को सहुरी पंचायत भवन में सहयोग शिविर आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता डीएम श्रीकांत शास्त्री व संचालन बीडीओ अनुरंजन कुमार ने किया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि सहयोग शिविर में यहां कुल 92 आवेदन प्राप्त किए गए थे। जिसमें से शत-प्रतिशत मामले का निष्पादन कर दिया गया।इस दौरान उन्होंने लाभुकों के बीच जन्म,मृत्यु प्रमाण के अलावा जॉब कार्ड का भी वितरण किया।जिससे लाभुकों के चेहरे पर खुशी देखी गई।उन्होंने कहा कि शिविर में शामिल होने के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन



आवेदन लिए जा रहे हैं,और 30 दिनों के अंदर मामले का निपटारा कर दिया जाता है।उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत लोगों तक पहुंचाने के लिए सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज से प्रखंड कार्यालय में जनकल्याण शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है, वहां भी पहुंच कर लाभ लेने का आह्वान किया। डीएम ने कहा कि 1 जुलाई से डिग्री कॉलेज में पठन-पाठन शुरू किया जाएगा। पीएचसी,एपीएचसी व हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर चिकित्सकों की नियुक्ति की जा रही है।उन्होंने कहा कि अब तक के सहयोग शिविर में सबसे अधिक आवेदन मल्हीपुर पंचायत में आए थे।जिसमें भूमिहीन 250 से अधिक लोगों के बीच जमीन का पर्चा दिया गया।इस दौरान पंचायत भवन के पास नवनिर्मित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का लोकार्पण डीएम श्रीकांत शास्त्री,एसपी मनीष कुमार,सदर विधायक कुंदन कुमार व स्थानीय मुखिया प्रमिला देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।डीएम ने नवनिर्मित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के निर्माण कार्य और बेहतरीन सुविधा देख गदगद हो गए। बीडीओ अनुरंजन कुमार ने कहा कि पिछले एक माह से सहयोग शिविर के लिए आवेदन लिया जा रहा था।ताकि लाभुकों को उनके ही पंचायत में उनकी विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया।

# भीषण गर्मी में भी नन्हे बच्चों की पढ़ाई जारी सुविधाओं के अभाव में जूझ रहा आंगनबाड़ी केंद्र

एजेंसी

**बलिया/बेगूसराय।** प्रखंड अंतर्गत पोखड़िया स्थित समेकित बाल विकास सेवा परियोजना के केंद्र संख्याझ4 की तस्वीरें कई सवाल खड़े करती हैं। तपती गर्मी और उमस के बीच नन्हे-नन्हे बच्चे जमीन पर बैठकर प्रारंभिक शिक्षा का पाठ पढ़ते नजर आ रहे हैं। इस केंद्र की सेविका रेखा कुमारी बच्चों को पूरी ईमानदारी और लगन के साथ पढ़ा रही हैं। एक ओर सरकार भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों में ग्रीष्मावकाश घोषित कर बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता जता रही है, वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे-छोटे बच्चे इस गर्मी में भी पढ़ाई के लिए मजबूर हैं।सेविका रेखा कुमारी ने बातचीत में बताया कि केंद्र का अपना कोई भवन नहीं है। यह केंद्र किराए के मकान में संचालित हो रहा है। विभाग की ओर से बिजली का मीटर तो लगा दिया गया है, लेकिन उमस भरी गर्मी से राहत के लिए अब तक पंखे की व्यवस्था नहीं की गई है। मजबूरी में उन्होंने अपने नीतीश कोष से पंखा लगवाया है। जगह की कमी के कारण बच्चों को बैठाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।तस्वीरें यह साफ दर्शाती हैं कि सीमित संसाधनों और बुनियादी सुविधाओं के अभाव के बावजूद आंगनबाड़ी सेविकाएं बच्चों की शिक्षा के प्रति पूरी निष्ठा से अपना दायित्व निभा रही हैं। अब सवाल यह है कि क्या संबंधित विभाग इन समस्याओं पर ध्यान देकर जल्द आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा?

## संक्षिप्त

### यूएस-ईरान समझौते के बाद होर्मुज से जल्द निकलेंगे 34 भारतीय जहाज करोड़ों किसानों को मिलेगी बड़ी राहत




**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है। समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित होगी। इसका असर भी दिखना शुरू हो गया है। दरअसल तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ला रहे भारतीय टैंकर दिशा ने सुरक्षित होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर लिया है। भारत आ रहे 34 अन्य जहाजों के भी जल्द होर्मुज पार करने की उम्मीद है। ये जहाज पश्चिम एशिया संकट के चलते होर्मुज में फंसे हैं। होर्मुज में फंसे 34 जहाजों में से 16 जहाज ऐसे हैं, जो फर्टिलाइजर लेकर भारत आ रहे हैं। अगर समझौते के तहत सबकुछ सही रहता है और होर्मुज खुलता है तो जल्द ही भारत के करोड़ों किसानों को खेती के लिए फर्टिलाइजर मिल सकते हैं। हालांकि अभी हालात सामान्य होने में वक्त लग सकता है। पश्चिम एशिया में युद्ध के दौरान ऊर्जा केंद्रों को निशाना बनाया गया। पश्चिम एशिया की कई अहम रिफाइनरियां और गैस प्लांट हमलों में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिससे युद्ध समाप्त होने के बाद भी आपूर्ति सामान्य होने में कई महीनों का वक्त लग सकता है। कतर का रास लफ्फान प्लांट हमले में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है और वहां से ईंधन आपूर्ति सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं। भारत के इस गैस प्लांट से एलपीजी आपूर्ति का कॉन्ट्रैक्ट है, ऐसे में हालात सामान्य होने में अभी वक्त लगेगा।

### ब्रिटेन में 16 साल की उम्र से पहले बच्चे नहीं चला सकेंगे सोशल मीडिया

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में 16 साल से छोटे बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर बैन लगेगा। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को इसकी घोषणा की। संबंधित नियम इस साल दिसंबर तक बन जाएंगे और 2027 मार्च- अप्रैल तक लागू होने की उम्मीद है। सरकार का तर्क है कि एल्गोरिदम आधारित प्लेटफॉर्म बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और सामाजिक विकास पर नकारात्मक असर डाल रहे हैं। प्रस्ताव के तहत सोशल मीडिया के उपयोग से पहले उम्र सत्यापन सख्ती से लागू होगा और नियम पालन कराने की जिम्मेदारी कंपनियों पर होगी। बैन एप में स्नैपचैट, टिकटॉक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म शामिल होंगे। वॉट्सएप और सिग्नल जैसी मैसेजिंग सेवाएं फिलहाल प्रतिबंध में शामिल नहीं होंगी। ब्रिटिश सरकार के एक सर्वे में 10 में से 9 अभिभावकों ने इस प्रतिबंध का स्वागत किया है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी फॉर पब्लिक हेल्थ द्वारा 14-24 वर्ष के युवाओं के बीच किए सर्वे के मुताबिक स्नैपचैट, फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम से डिप्रेशन, चिंता, अपने शरीर को लेकर हीन भावना और अकेलेपन में बढ़ोतरी होती है। अमेरिकी सर्जन जर्नल के मुताबिक रोज 3 घंटे से ज्यादा सोशल मीडिया पर बिताने वाले किशोरों में मानसिक समस्याओं का खतरा दोगुना होता है। अमेरिका में एक परीक्षण में पाया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल बंद करने से युवाओं में खुशी, जीवन से संतुष्टि बढ़ी, डिप्रेशन-एंग्जाइटी में सुधार हुआ। 25 से ज्यादा देश किशोरों-बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन करने की पहल कर रहे हैं।

### योगी सरकार की युवाओं को बड़ी सौगात, मुफ्त मिलेगी प्रोफेशनल एआई की ट्रेनिंग, आईबीएम से करार

**लखनउ, एजेंसी।** यूपी में कौशल विकास का प्रशिक्षण ले रहे डेढ़ लाख युवाओं को मुफ्त प्रोफेशनल एआई ट्रेनिंग दिलाई जाएगी। उप्र कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) व आईबीएम स्किल फाउंडेशन के बीच एमओयू किया गया है। यूपीएसडीएम व दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के 1000 केंद्रों पर प्रशिक्षण ले रहे युवा इससे लाभान्वित होंगे। यूपीएसडीएम के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि आईबीएम स्किल फाउंडेशन के साथ हुए एमओयू का लाभ युवाओं को रोजगार हासिल करने में मिलेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं के लिए मेगा जॉब फेयर लगाए जाएंगे और प्लेसमेंट ड्राइव भी चलाई जाएगी। प्रशिक्षण अवधि के दौरान ही रोजगार सहभागिता गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिसके माध्यम से प्रतिभागियों को उद्योग जगत की कार्य प्रणाली, रोजगार बाजार व करियर के अवसरों को बेहतर ढंग से समझाया जाएगा। रोजगार आसानी से मिले इसके लिए उन्हें इंटरव्यू की तैयारी कराई जाएगी।

# अमेरिका का बी-52 बॉम्बर उड़ान भरने के तुरंत बाद हुआ क्रैश, हादसे में आठ लोगों की मौत

**एडवर्ड्स , एजेंसी।** अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया स्थित मोजावे रेगिस्तान में स्थित एक वायुसेना अड्डे पर बी-52 स्ट्रैटोफोर्ट्रेस बमवर्षक विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि विमान ने एयरबेस से उड़ान भरी थी, लेकिन टेकऑफ के तुरंत बाद वह दुर्घटना का शिकार हो गया। न्यूज एजेंसी एपी ने वायु सेना के हवाले से बताया कि कैलिफोर्निया के एक सैन्य अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हुए बी-52 बमवर्षक विमान में सवार आठ लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि विमान सुबह करीब 11:20 बजे एडवर्ड्स वायुसेना अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके बाद आपातकालीन राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंच गए। लॉस एंजिलिस के उत्तर में स्थित एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस ने सोशल मीडिया पर कहा, 'प्रारंभिक संकेत बताते हैं कि इस दुर्घटना में जीवित बचना संभव नहीं था।' अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



**इलाके में दिखा धुएं का गुबार :** चालक दल के सदस्यों के बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है, हालांकि हवाई दृश्यों में विमान का मलबा लगभग पूरी तरह नष्ट दिखाई दिया। दुर्घटनाग्रस्त के बाद वायुसेना के अड्डे के एक रनवे के निकट रेगिस्तानी क्षेत्र में आग लगने से काला धुआं उठता दिखाई दिया और आसपास कई आपातकालीन वाहन तैनात थे। सेना ने यह नहीं बताया है कि बमवर्षक विमान हथियारों से लैस था या नहीं। अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि आपातकालीन राहत कार्यों पर पूरा ध्यान केंद्रित करने के लिए एयरबेस पर गैर-व्यावसायिक आगंतुकों के प्रवेश पास अस्थायी रूप से निलंबित कर दिए गए हैं। एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस अमेरिकी वायुसेना के विमान परीक्षण और विकास कार्यक्रमों का प्रमुख केंद्र है। यह लॉस एंजिलिस से लगभग 161 किलोमीटर उत्तर में स्थित है।

**एयरबेस पर होते हैं विमानों और हथियारों के परीक्षण :** इस बेस का संचालन करने वाला 412वां टेस्ट विंग वायुसेना के सभी विमानों, हथियार प्रणालियों, सॉफ्टवेयर और अन्य उपकरणों का खरीद से पहले तथा उनके पूरे सेवा काल के दौरान परीक्षण करता है। यही वह सैन्य अड्डा है जहां 1947 में वायुसेना के परीक्षण पायलट चक येगर ने मैक 1.05 की गति हासिल कर आवाज की स्पीड को पहली बार पार किया था। विमानन सुरक्षा विशेषज्ञ जेफ गुजेट्टी का मानना है कि विमान का उड़ान भरने के तुरंत बाद, बिना अधिक ऊंचाई हासिल किए दुर्घटनाग्रस्त होना किसी उड़ान नियंत्रण प्रणाली में खराबी की ओर संकेत कर सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। उनके अनुसार, यह संभव है कि रखरखाव के बाद नियंत्रण प्रणाली में कोई त्रुटि रह गई हो, इंजन में गंभीर खराबी आई हो या परीक्षण किए जा रहे किसी उपकरण में विफलता हुई हो।

**बीते साल टला था एक बड़ा हादसा :** एडवर्ड्स वायुसेना अड्डा एक विशाल रेगिस्तानी सैन्य ठिकाना है, जहां 1947 में चक येगर ने पहली बार ध्वनि की गति को पार किया था। यह अड्डा लॉस एंजिलिस से लगभग 100 मील (161 किलोमीटर) उत्तर में स्थित है। यह दुर्घटना ऐसे समय हुई है, जब लगभग एक वर्ष पहले जुलाई 2025 में नॉर्थ डकोटा के ऊपर उड़ान भर रहे एक क्षेत्रीय यात्री विमान के पायलट को संभावित टक्कर से बचने के लिए अचानक तेज मोड़ लेना पड़ा था। उस समय उसके उड़ान मार्ग में एक सैन्य बी-52 बमवर्षक विमान आ गया था।

**बी-52 बॉम्बर क्यों है खास :** बी-52 स्ट्रैटोफोर्ट्रेस दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित और लंबे समय से सेवा में बने हुए सामरिक बमवर्षक विमानों में से एक है। इसका विकास शीत युद्ध के दौर में किया गया था, लेकिन आधुनिक तकनीकों के समावेश के कारण यह आज भी कई देशों की वायु सेनाओं के लिए अध्ययन और रणनीतिक महत्व का विषय बना हुआ है। यह विमान लंबी दूरी तक बिना रुके उड़ान भरने की क्षमता रखता है, जिससे इसे अंतरमहाद्वीपीय अभियानों में प्रभावी माना जाता है। बी-52 की सबसे बड़ी विशेषता इसकी भारी हथियार वहन क्षमता है। यह पारंपरिक और आधुनिक दोनों प्रकार के हथियारों को ले जाने में सक्षम है। इसके विशाल पंख और शक्तिशाली इंजन इसे लंबे समय तक हवा में बने रहने की क्षमता प्रदान करते हैं। आवश्यकता पड़ने पर यह हवा में ही ईंधन भरकर अपनी उड़ान अवधि को और बढ़ा सकता है। उन्नत रडार, नेविगेशन प्रणाली और संचार उपकरणों से लैस होने के कारण यह विभिन्न मौसम परिस्थितियों में भी मिशन पूरा करने में सक्षम है।

## आरएसएस के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं : मोहन भागवत

**त्रिशूर , एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संघ के पंजीकरण की मांग को खारिज करते हुए कहा कि संगठन के पास न तो कुछ छिपाने के लिए है और न ही वह जनता की नजरों से बचकर काम करता है। भागवत रविवार को केरल के त्रिशूर में आरएसएस के शताब्दी संपर्क कार्यक्रम के तहत एक सभा को संबोधित करने के बाद सवालों का जवाब दे रहे थे। यह पूछे जाने पर कि कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियंक खरगे ने आरएसएस से अपना पंजीकरण कराने की मांग की है, भागवत ने कहा कि संगठन के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है और वह खुले तौर पर अपनी गतिविधियां संचालित करता है। संघ प्रमुख ने कहा, 'बहुत-सी अपंजीकृत चीजें संचालित हो रही हैं और हम कोई बात छिपाते नहीं हैं। हम खुलेआम काम करते हैं। हम लोगों को बुलाते हैं और उन्हें बताते हैं कि हम क्या करते हैं।' उन्होंने आरएसएस के पंजीकरण की मांग को राजनीति करार देते हुए कहा कि संगठन के लिए ऐसी कोशिशें कोई नई बात नहीं हैं। भागवत ने कहा, 'यह राजनीति है। इस तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं... हमें इसकी आदत हो गई है। संघ के अस्तित्व में आने के 10-15 साल बाद ही हमें इन सब चीजों का सामना करना पड़ा था। अगर ऐसा न हो, तो हमें लगता है कि कुछ गड़बड़ है।'

**हिंदू धर्म का रजिस्ट्रेशन नहीं- भागवत :** उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान स्थापित यह संगठन सार्वजनिक बहस और आम सहमति



की प्रक्रिया से उभरकर सामने आया। भागवत ने कहा, 'हिंदू धर्म पंजीकृत नहीं है। कई चीजें पंजीकृत नहीं होतीं। जो लोग सरकार से निधि चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण कराने की जरूरत होती है। ऐसा तो होना ही चाहिए। लेकिन सरकार जानती है कि संघ का अस्तित्व है। संघ प्रमुख ने कहा कि पहले भी आरएसएस पर दो बार प्रतिबंध लगाया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि इन कार्रवाइयों से ही पता चलता है कि अधिकारियों को संगठन के अस्तित्व और पहचान के बारे में अच्छी तरह से जानकारी थी। भागवत ने कहा, 'सरकार ने हम पर दो बार प्रतिबंध लगाया। एक प्रतिबंध अदालत के आदेश के तहत और दूसरा सत्याग्रह के बाद हटाया गया। इसका मतलब है कि सरकार को आरएसएस के अस्तित्व के बारे में पता था।' उन्होंने कहा कि संगठन ने 1950 में सरकार को अपना लिखित संविधान सौंपा था और किसी भी अधिकारी ने कभी इस बात पर जोर नहीं दिया कि मान्यता मिलने से पहले उसके लिए पंजीकरण कराना जरूरी है। भागवत ने कहा, 'पिछले 100 वर्षों में किसी ने हमसे नहीं कहा कि हमें पंजीकरण कराना होगा।

## गहरी खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस 30 से अधिक लोगों की दर्दनाक मौत

**अदीस अबाबा, एजेंसी।** इथियोपिया के उत्तरी अमहारा क्षेत्र में एक भीषण हादसा हो गया है। इस हादसे में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई है और दर्जनों लोग घायल हैं। ये इलाका संघर्ष से प्रभावित है और हादसे के बाद आपातकालीन सेवाओं में देरी से स्थिति और गंभीर हो गई। बता दें कि ये हादसा सोमवार की सुबह उस समय हुई जब एक खचाखच भरी बस डेसी क्षेत्र से राजधानी अदीस अबाबा की तरफ जा रही थी। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान बस अचानक सड़क से फिसल गई और एक गहरी खाई में जा गिरी।

**बचाव कार्य में देरी :** हादसे के बाद आपातकालीन सेवाओं की प्रतिक्रिया में देरी की वजह भी सामने ई है। जिस इलाके में ये हादसा हुआ, वहां बुनियादी ढांचे की भारी कमी है और एम्बुलेंस सेवाओं का भी अभाव है। यही कारण है कि घायलों को निजी वाहनों में अस्पताल ले जाना पड़ा। इस दौरान घायलों की हालत और बिगड़ने की आशंका है।

**इथियोपिया में क्यों होते हैं ज्यादा सड़क हादसे :** इथियोपिया दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों की दर काफी अधिक है। इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं, जिनमें खराब सड़क ढांचा, वाहनों की जर्जर स्थिति और यातायात नियमों का प्रभावी ढंग से पालन न होना प्रमुख हैं। देश के कई ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों में सड़क नेटवर्क पर्याप्त विकसित नहीं है। संकरी और खराब सड़कों के कारण वाहन अक्सर नियंत्रण खो देते हैं और गहरी खाइयों में गिर जाते हैं। इसके अलावा, गलत तरीके से मोड़ लेना, खतरनाक ओवरटेकिंग करना, वाहनों के बीच पर्याप्त दूरी न रखना और निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाना आम समस्याएं हैं। हादसों की एक बड़ी वजह बसों और ट्रकों की खराब तकनीकी स्थिति भी है। कई वाहन क्षमता से अधिक यात्रियों या माल को ढोते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ जाता है। वहीं, सड़कों पर फुटपाथ और जेब्रा क्रॉसिंग जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण पैदल यात्रियों की सुरक्षा भी प्रभावित होती है।

## पंजाब में आप सरकार ने विफल शासन दिया, लोग विस्थापित करने को मजबूर: आरपी सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जैसे-जैसे पंजाब के विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी पंजाब में काफी सक्रिय होती जा रही है. इस बार का पंजाब चुनाव काफी दिलचस्प होता जा रहा है क्योंकि यहां मुकाबला त्रिकोणीय होने की संभावना है. भाजपा पंजाब में अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कह रही है और पार्टी अभी से पंजाब की सत्ताधारी पार्टी आम आदमी पार्टी (आप) और सीएम भगवंत मान की सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रही है. भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने पंजाब में ड्रग्स की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और मुख्यमंत्री भगवंत मान पर जमकर निशाना साधा है. ईटीवी भारत से बातचीत में आरपी सिंह ने कहा कि भगवंत मान के नेतृत्व वाली आपसरकार के खोखले वादे पंजाब की विनाशकारी हकीकत के सामने पूरी तरह ढह गए हैं.

आरपी सिंह ने कहा, 'एक ऐसी सरकार जो सत्ता में आने पर कुछ महीनों में नशे की समस्या को खत्म करने का दम भर रही थी और इसी वायदे को लेकर सत्ता में आई थी, उसने जनता को एक विफल सरकार और शासन सौंपा है.' उन्होंने आरोप लगाया कि भगवंत मान की सरकार ने 'रंगला पंजाब' से लोगों को ड्रग्स माफियाओं के डर से अपने घर पर 'हाउस फॉर सेल' बोर्ड तक लगाकर विस्थापित करने को मजबूर कर दिया है. आर.पी. सिंह ने फरीदकोट जिले



के कोटकपूरा की राम बस्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां, कानून का पालन करने वाले परिवारों को अपने घरों की दीवारों पर पोस्टर लगाने पड़ गए हैं. यह कोई आर्थिक प्रवासन नहीं, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है. भगवंत मान के शासन में खुलेआम ड्रग तस्करी इतनी बढ़ गई है कि माता-पिता अपने बच्चों को 'चिट्टा' जो एक हेरोइन जैसी ड्रग्स होती है उसकी गिरफ्त से बचाने के लिए पैतृक घर आधे दाम पर बेचने को मजबूर हो रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक तंत्र सरकार को राजनीतिक शर्मिंदगी से बचाने के लिए स्थानीय पुलिस की तरह काम कर रहा है और इस त्रासदी को महज 'निजी विवाद' बताकर नजरअंदाज करने की कोशिश कर रहा है.

भाजपा नेता सिंह ने कहा कि सड़कों से लेकर राज्य की उच्च सुरक्षा वाली जगहों तक अव्यवस्था फैली हुई है. होशियारपुर सेंट्रल जेल में एक कैदी ने जेल के अंदर से लाइव वीडियो प्रसारण कर सिंथेटिक नशीले पदार्थ जैसे 'आईस' (मेथामफेटामाइन) का प्रदर्शन किया और जेल अधिकारियों पर खुद सप्लाई लाइन चलाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, 'जब अंतरराष्ट्रीय कार्टेल और स्थानीय तस्कर सरकारी जेलों के अंदर से अपने ऑपरेशन लाइव स्ट्रीम कर सकते हैं, तो सरकार की ड्रग्स तस्करों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम महज एक दंतहीन गिमिक (खोखली मुहिम) साबित हो चुकी है. आर.पी. सिंह ने आरोप लगाया कि क सरकार ने बड़े-बड़े दावे किए थे कि वो क्रांति ला देंगे, लेकिन लोगों को वहां एक विफल सरकार और ड्रग्स में बर्बाद होती जा रही युवा पीढ़ी मिल रही है. उन्होंने मान सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ये सरकार ड्रग माफियाओं के साथ मिलकर काम कर रही है, और आम नागरिक आतंक में जी रहे हैं. भाजपा नेता ने कहा कि फरीदकोट की गलियों से लेकर होशियारपुर की हाई-सिक्योरिटी बैरकों तक, मुख्यमंत्री भगवंत मान के शासन में राज्य की युवा पीढ़ी को नशीली दवाओं के माफिया के हवाले कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि पंजाब को एक ऐसी सरकार की जरूरत है जो वास्तव में शासन करे और ऐसी सरकार भाजपा ही दे सकती है. भाजपा की तरफ से सोशल मीडिया में भी मान सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ दी गई है.

## ट्रंप की डील पर भड़का इजरायल, रक्षा मंत्री बोले- हम ट्रंप के गुलाम नहीं

**तेलअवीव, एजेंसी।** अमेरिका-ईरान के बीच तनाव कम करने और युद्ध समाप्त करने के लिए शांति समझौते पर सहमति बनने के बाद इजरायल की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। इजरायल के रक्षामंत्री इतामार बेन-ग्विर ने सोमवार को स्पष्ट किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मध्यस्थता में हुई डील इजरायल पर लागू नहीं होगी। उन्होंने बताया कि इजरायल अपने फैसले लेने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है। इजरायल की तरफ से यह बयान अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और अस्थायी संघर्षविराम पर शुरुआती सहमति बनने के बाद सामने आया। दोनों देशों के बीच इस समझौते पर आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह शुक्रवार, 19 जून को स्विट्जरलैंड में होगा। ईरान के साथ समझौते होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ डील अब पूरी हो गई है। सभी को बधाई। मैं इसके जरिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बिना किसी रोक-टोक के खोलने और साथ ही अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी को



तुरंत हटाने की मंजूरी देता हूं। दुनिया भर के जहाजों, अपने इंजन चालू करो। तेल की सप्लाई शुरू होने दो। ईरान-अमेरिका के बीच समझौत का पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने स्वागत किया है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट में लिखा, काफी बातचीत के बाद हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है। दोनों पक्षों ने लेबनान समेत सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई को तुरंत और हमेशा के लिए रोकने का ऐलान किया है।

**'यह केवल 60 दिनों के लिए युद्धविराम' :** युद्ध खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते पर, तेल अवीव स्थित जेरूसलम सेंटर फॉर सिक्योरिटी एंड फॉरेन अफेयर्स के डायरेक्टर जनरल और डायरेक्टर ऑफ कम्युनिकेशंस, सागीव स्टीनबर्ग कहते हैं, राष्ट्रपति ट्रंप ने कल ट्वीट किया कि हमारे पास एक शांति समझौता है। लेकिन जहां तक मैं देख पा रहा हूं, यह कोई शांति समझौता नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि यह 60 दिनों के लिए युद्धविराम है, क्योंकि जब समझौता अभी तक पब्लिश नहीं हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि समझौते की डिटेल जानने के लिए हमें शुक्रवार तक इंतजार करना होगा। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपने संबंधों और इस डील पर मतभेदों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि ट्रंप और मैं साझेदार हैं और हम अक्सर कई मुद्दों पर एक-दूसरे से सहमत होते हैं, लेकिन कभी-कभी हमारी राय पूरी तरह एक जैसी नहीं होती। यह बयान उस समय आया है जब वाशिंगटन और तेहरान के बीच दशकों पुरानी दुश्मनी को खत्म करने की कोशिशें की जा रही हैं।

## नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस के बेटे को रेप केस में 4 साल की जेल

**ओस्लो, एजेंसी।** नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मैरिट के बेटे मारियस बोर्ग होइबी (29) को ओस्लो डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने रेप, घरेलू हिंसा और अन्य अपराधों में दोषी ठहराते हुए 4 साल की जेल की सजा सुनाई है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब मेटे-मैरिट भी दिवंगत अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से अपने पुराने संबंधों को लेकर विवादों में हैं।

अदालत ने होइबी को दो रेप मामलों में दोषी ठहराया, जबकि दो अन्य रेप आरोपों से बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 2018 से 2024 के बीच उन्होंने कई महिलाओं का यौन शोषण किया, जिनमें कुछ महिलाएं सो रही थीं या प्रतिरोध करने की स्थिति में नहीं थीं। होइबी, क्राउन प्रिंसेस मेटे-मैरिट और क्राउन प्रिंस हाकोन के साथ शाही माहौल में बड़े हुए हैं। हालांकि, उनके पास कोई शाही उपाधि नहीं है और वे राजपरिवार की ओर से कोई आधिकारिक भूमिका नहीं निभाते। अदालत ने उन्हें अपनी पूर्व प्रेमिका के साथ दुर्व्यवहार, दूसरी साथी पर हमला, ड्रग्स से जुड़े अपराध और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के मामलों में भी दोषी पाया। होइबी ने रेप के आरोपों से इनकार किया था, लेकिन कोकीन के इस्तेमाल और मारपीट की बात स्वीकार की थी। नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मैरिट के बेटे मारियस बोर्ग होइबी (29) को ओस्लो डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने रेप, घरेलू




हिंसा और अन्य अपराधों में दोषी ठहराते हुए 4 साल की जेल की सजा सुनाई है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब मेटे-मैरिट भी दिवंगत अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से अपने पुराने संबंधों को लेकर विवादों में हैं। अदालत ने होइबी को दो रेप मामलों में दोषी ठहराया, जबकि दो अन्य रेप आरोपों से बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 2018 से 2024 के बीच उन्होंने कई महिलाओं का यौन शोषण किया, जिनमें कुछ महिलाएं सो रही थीं या प्रतिरोध करने की स्थिति में नहीं थीं। होइबी, क्राउन प्रिंसेस मेटे-मैरिट और क्राउन प्रिंस हाकोन के साथ शाही माहौल में बड़े हुए हैं। हालांकि, उनके पास कोई शाही उपाधि नहीं है और वे राजपरिवार की ओर से कोई आधिकारिक भूमिका नहीं निभाते। अदालत ने उन्हें अपनी पूर्व प्रेमिका के साथ दुर्व्यवहार, दूसरी साथी पर हमला, ड्रग्स से जुड़े अपराध और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के मामलों में भी दोषी पाया।

# नागपुर में महंगाई के खिलाफ शरद पवार गुट का थाली बजाओ आंदोलन

**नागपुर , एजेंसी।** नागपुर के संविधान चौक पर बढ़ती महंगाई को लेकर जनता का गुस्सा फूट पड़ा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की महिला शहर अध्यक्ष प्रिया फुके के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हाथ में गैस सिलेंडर लेकर और थाली बजाकर प्रदर्शन किया। विपक्ष ने इस आर्थिक संकट के लिए पूरी तरह सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है।

**बढ़ती कीमतों से त्रस्त जनता :** देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। ईंधन के दाम बढ़ने से रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की लागत भी तेजी से बढ़ी है, जिससे मध्यमवर्ग और गरीब परिवार बुरी तरह प्रभावित हैं। इसी जन-असंतोष को आवाज देने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने नागपुर में एक बड़ा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। महाराष्ट्र के



पूर्व गृह मंत्री और शरद पवार गुट के नेता अनिल देशमुख और नागपुर शहर अध्यक्ष दुनेश्वर पेठे के मार्गदर्शन में आयोजित इस आंदोलन में भारी संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। थाली बजाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों का विरोध किया गया। नागपुर के संविधान चौक में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान शरद पवार गुट के कार्यकर्ताओं ने हाथ सिलेंडर लेकर बढ़ती महंगाई की ओर ध्यान खींचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथ में बैनर पोस्टर लिए केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमरक नारेबाजी की। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नागपुर शहर अध्यक्ष दुनेश्वर पैठे ने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की देवेंद्र फडणवीस सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस तथा अन्य जीवनावश्यक वस्तुओं के दामों में कमी नहीं की गई तो शहर में चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। शरद पवार गुट की नागपुर महिला शहर अध्यक्ष प्रिया फुके ने कहा कि महंगाई से आम नागरिक, मजदूर एवं किसानों का जीवन अत्यंत कठिन हो गया है। यह स्थिति केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है और इसके लिए दोनों सरकारें जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से मांग की गई कि वह आम महिलाओं, गृहणियों और परिवारों पर महंगाई का जो भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है, उसे कम करने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए।

# एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2026: भारत ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



एजेंसी

**ऑकलैंड।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पूल-ए के अपने दूसरे मुकाबले में मंगलवार को जापान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया। लगातार दूसरी जीत के साथ भारत अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। नॉर्थ हार्बर नेशनल हॉकी सेंटर में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे और लालरेमसियामी ने गोल दागे, जबकि जापान के लिए एकमात्र गोल एई हिरामित्सु ने किया। यह मुकाबला भारतीय मिडफील्डर ज्योति के लिए भी खास रहा, जिन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 100वां मुकाबला खेला। पहले दो क्वार्टर में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए लेकिन कोई भी गोल करने में सफल नहीं हो सकी और मध्यांतर तक मुकाबला गोलरहित रहा। तीसरे क्वार्टर में भारत ने बढ़त बनाई। 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार रणनीति के तहत नवनीत कौर के शॉट को निक्की प्रधान ने सही दिशा दी और कप्तान सलीमा टेटे ने गेंद को गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि जापान ने तुरंत जवाब दिया और 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर हिरामित्सु ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। निर्णायक चौथे क्वार्टर में भारत को जीत दिलाने वाला गोल 49वें मिनट में आया। सुशीला चानू पुखरामबम ने सर्कल के किनारे से सटीक पास दिया, जिस पर लालरेमसियामी ने शानदार डिफ्लेक्शन के जरिए गेंद को गोल में पहुंचा दिया। इस जीत के साथ भारत ने अमेरिका और जापान पर जीत दर्ज कर छह अंक हासिल किए और सेमीफाइनल में प्रवेश सुनिश्चित कर लिया। अब भारतीय टीम अपना अंतिम पूल मुकाबला 18 जून को उरुग्वे के खिलाफ खेलेगी, जबकि जापान और अमेरिका दूसरे सेमीफाइनल स्थान के लिए भिड़ेंगे।

## श्रीलंका त्रिकोणीय सीरीज : चोटिल युधवीर सिंह की जगह अशोक शर्मा भारत ए टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने श्रीलंका में चल रही त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत ए टीम में तेज गेंदबाज अशोक शर्मा को शामिल किया है। वह चोटिल युधवीर सिंह की जगह टीम का हिस्सा होंगे। बीसीसीआई के अनुसार, युधवीर सिंह को 13 जून को गेंदबाजी के दौरान दाएं कंधे में असहजता महसूस हुई थी। इससे पहले 11 जून को फील्डिंग सत्र के दौरान भी उन्हें इसी तरह की परेशानी हुई थी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने विशेषज्ञों से परामर्श के बाद जांच की और पाया कि युधवीर को दाएं कंधे के रोटेटर कफ में चोट है। चिकित्सकीय सलाह के अनुसार अब उन्हें पूर्ण रूप से फिट होने के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की निगरानी में चरणबद्ध पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरना होगा। युधवीर की अनुपस्थिति में अब अशोक शर्मा को टीम में शामिल किया गया है और वह आगामी मुकाबलों में भारत ए टीम का हिस्सा होंगे।

## जीएनपीएस रेड ने जीता जूनियर प्रीमियर लीग अंडर-13 टूर्नामेंट

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर 36 स्थित गुरु नानक पब्लिक स्कूल क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर आयोजित जूनियर प्रीमियर लीग अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन हो गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जीएनपीएस रेडने शानदार और आक्रामक प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को 49 रनों से करारी शिकस्त देकर खिताबी ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान नन्हे खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना, गजब के अनुशासन और उत्कृष्ट क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पीएमएस बांगा रहे मुख्य अतिथि टूर्नामेंट के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री पीएमएस बांगा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल की प्रिंसिपल गुरनाम कौर ग्रेवाल, जीएनपीएस क्रिकेट एकेडमी के मुख्य कोच काकू तथा मुख्य आयोजक जगतेश्वर सिंह ने मुख्य अतिथि बांगा के साथ मिलकर संयुक्त रूप से विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को चमचमाती ट्रॉफियां एवं



व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान अतिथियों ने युवा खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए उन्हें खेलों में निरंतर कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

**मुख्य अतिथि का संबोधन:** समारोह को संबोधित करते हुए पीसीए उपाध्यक्ष पीएमएस बांगा ने कहा, 'जमीनी (ग्रासरूट) स्तर पर आयोजित होने वाले ऐसे टूर्नामेंट देश के लिए भविष्य के क्रिकेट सितारों को तराशने और उन्हें पहचान दिलाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चों को इतनी कम उम्र में ऐसा प्रतिस्पर्धी मंच उपलब्ध कराने के लिए आयोजन समिति बधाई की पात्र है।'

## दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने किया प्लेइंग 11 का ऐलान

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच से दो दिन पहले सोमवार (15 जून) को प्लेइंग 11 का ऐलान कर दिया। द ओवल में बुधवार (17 जून) को विकेटकीपर बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स और तेज गेंदबाज सोनी बेकर खेलते दिखेंगे। लॉर्ड्स टेस्ट के बाद क्लब में बवाल के कारण बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन यह मैच नहीं खेलेंगे। ओली रॉबिन्सन भी चोटिल हैं। ऐसे में इंग्लैंड की प्लेइंग 11 में 4 बदलाव हुए। इंग्लैंड के लिए अच्छी खबर यह है कि जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। स्पिनर शोएब बशीर को भी बाहर रखा गया है। इंग्लैंड चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा। इसमें सरे के मैथ्यू फिशर भी शामिल हैं, जो 2022 में कैरिबियाई दौरे पर डेब्यू करने के बाद अपना दूसरा टेस्ट खेलेंगे। फिशर को अपने होम ग्राउंड पर अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलेगा। कॉक्स को स्टोक्स की जगह नंबर 7 पर खेलने का मौका मिलेगा। कॉक्स को जेम्स रीव पर तरजीह दी गई है,जिन्हें पहले टेस्ट के लिए बैकअप विकेटकीर चुना



गया था। उन्होंने लीसेस्टरशायर के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप के मौजूदा राउंड में एसेक्स के लिए 201 गेंदों में 204 रन बनाए। कॉक्स ने 3 वनडे और 6 टी20 में भी हिस्सा लिया है। बेकर ने 2025 की गर्मियों में अपना वनडे और टी20 डेब्यू किया था। उन्होंने इस सीजन में 6 चैंपियनशिप मैचों में 24.86 के औसत से 22 विकेट लिए हैं। स्टोक्स के न होने पर जो रूट कप्तानी करते दिखेंगे।



# बेबस स्पेन नहीं कर पाया एक भी गोल

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 का कारवां धीरे-धीरे आगे बढ़ता जा रहा है और अब तक हमें कई बेहतरीन मुकाबले देखने को मिले हैं। इस इवेंट के 5वें दिन बेहद मजबूत टीम स्पेन और पहली बार वर्ल्ड कप खेल रही केप वर्डे के बीच जिस तरह का मैच हुआ उसने सबको चौंका दिया। कमाल की बात ये रही कि इस सीजन में डेब्यू करने वाली टीम ने स्पेन को एक भी गोल नहीं करने दिया और दोनों टीमों के बीच मैच 0-0 के अंतर से समाप्त हुआ।

वहीं इस वर्ल्ड कप के 5वें दिन हुए अन्य मुकाबलों में मिस्र ने भी बेल्जियम जैसी मजबूत टीम को बेहद कड़ी टक्कर दी और दोनों के बीच मैच एक-एक की बराबरी पर समाप्त हुआ तो वहीं ग्रुप ए के मुकाबले में सऊदी अरब ने उरुग्वे को नहीं जीतने दिया और ये मैच भी एक-एक की बराबरी पर खत्म हुआ। यानी पांचवें दिन स्पेन, मिस्र और उरुग्वे को अपने-अपने मैचों में जीत नहीं मिला और इन टीमों को ड्रॉ खेलना पड़ा।

**उरुग्वे-सऊदी अरब का मैच रहा ड्रॉ-** ग्रुप एच के दूसरे मैच में उरुग्वे का सामना सऊदी अरब के साथ हुआ जो काफी रोमांचक रहा। इस मुकाबले में सऊदी अरब ने पहले हाप में एक गोल करके बढ़त बना ली थी। सऊदी अरब के लिए ये गोल अब्दुलेलाह अल अमरी ने की थी। दूसरे हाफ में उरुग्वे ने सऊदी अरब पर दवाब बनाया और मैच समाप्त होने में जब दस मिनट बचे थे तब मैक्सी अराउजो ने गोल करके टीम के स्कोर को 1-1 की बराबरी पर ला दिया और अपनी टीम को हार से बचा लिया। उरुग्वे के गोलकीपर फर्नांडो मुस्लेरा ने इतिहास रच दिया और 39 साल 364 दिन की उम्र में वो फुटबॉल वर्ल्ड कप में उरुग्वे की तरफ से खेलने वाले सबसे उम्रदराज प्लेयर बने।

### स्पेन है खिताब का प्रबल दावेदार

स्पेन को इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदारों में से एक माना जा रहा है, लेकिन इस टीम की केप वर्डे के खिलाफ एक भी नहीं चली और इसके खिलाफ स्पेन एक भी गोल करने में सफल नहीं हो पाया। वहीं स्पेन ने भी केप वर्डे को एक भी गोल नहीं करने दिया और नतीजा अंत में 0-0 का रहा। इस मैच में केप वर्डे से 40 साल के अनुभवी गोलकीपर वोजिन्हा ने गजब का खेल दिखाया और उन्होंने अपने गोल पोस्ट में स्पेन के एक भी शॉट को अंदर नहीं आने दिया। ग्रुप जी के मुकाबले में मिस्र के सामने बेल्जियम की चुनौती थी और दो मजबूत टीमों के बीच हुआ ये मैच काफी रोमांचक रहा। मिस्र के स्टार खिलाड़ी मोहम्मद सालाह ने पहले हाफ के 19वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी, लेकिन इसके बाद ये टीम मैच के अंत तक कोई गोल नहीं कर पाया। हालांकि मिस्र ने काफी समय तक अपनी बढ़त बनाए रखी, लेकिन 66वें मिनट में थॉमस म्यूनियर के खतरनाक क्रॉस को रोकने की कोशिश में डिफेंडर मोहम्मद हानी ने गेंद अपने ही गोल में डाल दी और बेल्जियम को बराबरी का गोल मिल गया।

## स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा




**मॉन्टेरी ।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप एफ मुकाबले में सोमवार को स्वीडन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा। मॉन्टेरी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में स्वीडन का पूरी तरह से दबदबा देखने को मिला और टीम ने ट्यूनीशिया को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। स्वीडन की ओर से यासीन अयारी, अलेक्जेंडर इसाक और विक्टर ग्योकेरेस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और टीम की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। मैच की शुरुआत से ही स्वीडन ने आक्रामक खेल दिखाया और ट्यूनीशिया के डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा। पहले हाफ में ही स्वीडन ने पहला गोल करते हुए 1-0 की बढ़त हासिल की। यासीन अयारी ने बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाते हुए मैच का पहला गोल दागा। इसके कुछ समय बाद अलेक्जेंडर इसाक ने विक्टर ग्योकेरेस के बेहतरीन पास पर गोल करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। स्वीडन लगातार हमले करता रहा और ट्यूनीशिया को अटैक करने का कोई मौका नहीं दिया।

हालांकि, ट्यूनीशिया ने भी वापसी की कोशिश की और उमर रेकिक ने हैनिबल मेजबरी के क्रॉस पर हेडर लगाकर अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। रेकिक के गोल से ट्यूनीशिया के फैंस की उम्मीदें जागीं और स्कोर 2-1 हो गया। मगर मैच के दूसरे हाफ में स्वीडन ने जबरदस्त खेल दिखाया और मुकाबले को एकतरफा कर दिया। ट्यूनीशिया के डिफेंस की गलती का फायदा उठाते हुए अलेक्जेंडर इसाक ने गेंद छीनी और विक्टर ग्योकेरेस को पास दिया। इसके बाद ग्योकेरेस ने आसान फिनिश करते हुए स्कोर 3-1 कर दिया। इसके बाद बतौर सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मैदान पर उतरे मैटियास स्वानबर्ग ने स्वीडन के लिए चौथा गोल दागा और ट्यूनीशिया की वापसी करने की उम्मीदों को झकझोर रख दिया। स्वीडन का आक्रामक खेल यहीं नहीं रुका। मैच के अंतिम हिस्से में यासीन अयारी ने एक और शानदार लंबी दूरी का शॉट लगाकर अपना दूसरा गोल किया और टीम की 5-1 की बड़ी जीत पक्की कर दी।

इस मुकाबले में बेहतरीन पासिंग और आक्रामक खेल दिखाने के साथ-साथ स्वीडन का डिफेंस भी काफी मजबूत नजर आया। दूसरी ओर, ट्यूनीशिया की टीम कई मौकों पर संघर्ष करती दिखी और डिफेंस में हुई गलतियों की वजह से उसे भारी नुकसान उठाना पड़ा।

# हार के बाद मैदान पर भारी हंगामा

## 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने श्रीलंकाई खिलाड़ी को मारा धका, कप्तान भी अंपायरों से भिड़े



**दांबुला** (श्रीलंका)। श्रीलंका के दांबुला में खेली जा रही वनडे ट्राई सीरीज के एक बेहद रोमांचक और विवादित मुकाबले में सोमवार को श्रीलंका-ए ने भारत-ए को सुपर ओवर में पराजित कर दिया। मैच के नतीजे से ज्यादा सुर्खियां मैदान पर हुए जबरदस्त हाई-वोल्टेज ड्रामे और खिलाड़ियों के बीच हुई धक्का-मुक्की ने बटोरीं। मैच खत्म होने के बाद भारत के 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और एक श्रीलंकाई खिलाड़ी के बीच तीखी बहस हो गई, जो देखते ही देखते हाथापाई तक पहुंच गई और वैभव ने विरोधी खिलाड़ी को धक्का दे दिया। बाद में श्रीलंकाई विकेटकीपर निरोशन डिकवेला ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।

- **सुपर ओवर की 'नो बॉल' पर हुआ दूसरा बड़ा ड्रामा-** सुपर ओवर में श्रीलंका-ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 रन बनाए। इस पारी की आखिरी गेंद पर एक और बड़ा ड्रामा देखने को मिला। भारतीय गेंदबाज अरशद खान की एक फुलटॉस गेंद पर श्रीलंकाई बल्लेबाज कैच आउट हो गए। अंपायर ने उन्हें आउट दिया और भारतीय खिलाड़ी जश्न मनाते हुए मैदान से बाहर चले गए। हालांकि, बाद में जब टीवी रिप्ले देखा गया तो पता चला कि गेंद बल्लेबाज की कमर से ऊपर थी और वह 'नो बॉल' थी। मैच गंवाने के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान पर मौजूद थे, तब श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने वैभव सूर्यवंशी पर कोई तंज कसा। इस टिप्पणी से भड़के वैभव ने आपा खो दिया और श्रीलंकाई खिलाड़ी के साथ धक्का-मुक्की कर दी।

### वैभव सूर्यवंशी को मिल सकती है सजा

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी बेहद शांत और सौम्य स्वभाव के हैं और ये हमने अब तक देखा है, लेकिन श्रीलंका ए के खिलाफ सोमवार, 15 जून को हुए मुकाबले के बाद जिस तरह से उन्होंने मैदान पर बर्ताव किया उससे जेंटलमैन गेम क्रिकेट की साख को धक्का जरूर लगा। मैदान पर स्लेजिंग, आपस में खिलाड़ियों की बहस कई बार हो जाती है पर इसे भी अच्छा नहीं माना जाता, लेकिन जब आप किसी खिलाड़ी को इस तरह से धक्का दें तो ये वाकई आपके ऊपर सवाल उठाता है। इंडिया ए को श्रीलंका ए ने सुपर ओवर में हरा दिया और मैच में जीत दर्ज की। मैच में हार-जीत तो लगी ही रहती है क्योंकि किसी एक टीम की जीत और किसी एक टीम की हार पक्की होती है, लेकिन आप हार के बाद इस तरह से रिएक्ट करें ये कहीं से भी सही नहीं है।

## रदरफोर्ड-होल्डर ने श्रीलंका के जबड़े से छीनी जीत

**जमैका ।** वेस्टइंडीज ने रोमांच से भरपूर तीसरे टी20 मुकाबले में सोमवार को श्रीलंका को 5 विकेट से हराया। किंग्स्टन के सबीना पार्क में कैरेबियाई टीम ने श्रीलंका से मिले 170 रनों के लक्ष्य को 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल किया। श्रीलंका से मिले 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। शाई होप गोल्डन डक पर पवेलियन लौटे। इसके बाद ब्रैंडन किंग को वानिंदु हसरंगा ने 16 रनों के स्कोर पर क्लीन बोल्ड किया। अकीम ऑगस्टे बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और महज एक रन बनाकर आउट हुए। शिमरोन हेटमायर ने कुछ दमदार शॉट्स लगाए, लेकिन वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा



सके और 19 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए।

# अब बरसेगा भारत पर पैसा और थमेगी रुपये की गिरावट! आरबीआई ने रिटेल निवेशकों की दी बड़ी सौगात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजार से काफी पैसा निकाला है। इससे रुपये पर दबाव बढ़ा है और उसमें गिरावट आई है। इस बीच आरबीआई ने एक बड़ा कदम उठाया है। उसने बजट के एक प्रस्ताव को लागू करते हुए सभी विदेशी व्यक्तिगत निवेशकों को भारत में लिस्टेड कंपनियों के शेयर डायरेक्ट खरीदने की इजाजत दे दी है। यानी दुनियाभर के रिटेल निवेशक अब सीधे भारतीय बाजार में निवेश कर सकेंगे। इससे अप्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों के अलावा अन्य विदेशियों के लिए भी भारत में निवेश का रास्ता खुल गया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय इक्विटी बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। इससे रुपये पर दबाव बढ़ रहा है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ने सोमवार शाम को कहा कि विदेशी व्यक्ति मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्टेड कंपनियों के इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स में बढ़ी हुई लिमिट के साथ निवेश कर सकते हैं। इसका मकसद रुपये को स्थिर करना, विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करना और बाहरी फंडिंग की दिक्कतों को कम करना है।

अगर विदेशी नागरिक भारतीय रुपया बैंक खाते के जरिए निवेश करना चाहते हैं, तो ऐसा खाता खोलना आसान नहीं है। इसके लिए पहचान और पते के सबूत आदि की अटेस्टेड कॉपी की जरूरत होती है। अब देखना होगा कि विदेशी नागरिकों के लिए इसे कैसे लागू किया जाएगा। फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के तहत बदले गए नियमों से भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों को पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट स्कीम के जरिए निवेश करने की इजाजत मिलती है। यह सुविधा पहले उपलब्ध थी। सेंट्रल बैंक ने कहा कि सभी कमर्शियल बैंकों को भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों के लिए रिपेट्रिएबल रुपी अकाउंट्स खोलने की इजाजत होगी। पहचान और पते के सबूत आदि की अटेस्टेड कॉपी की जरूरत होती है। आम तौर पर, एनआरआई लिस्टेड कंपनियों में पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट स्कीम अकाउंट के जरिए निवेश करते हैं। अब देखना होगा कि विदेशी नागरिकों के लिए इसे कैसे लागू किया जाएगा।' पिछले हफ्ते, आरबीआई ने बैंकों के लिए विदेशी मुद्रा नॉन-रेसिडेंट जमा राशि जुटाने के लिए एक खास विंडो खोली। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इन दो उपायों से देश में 50-70 बिलियन की विदेशी पूंजी आ सकती है। इसके अलावा उन नियमों में बदलाव किया जिनके तहत विदेशी निवेशक नॉन-डेट निवेश से होने वाली कमाई के लिए भुगतान कर सकते हैं और उसे वापस ले जा सकते हैं। इससे विदेशी मुद्रा ढांचे के तहत प्रक्रियाओं को आसान बनाया गया और रिपोर्टिंग की जरूरतों को स्पष्ट किया गया।

## पेट्रोल-डीजल का दाम बढ़ाने से सुधरी सरकारी तेल कंपनियों की सेहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी कंपनियों को भारी राहत मिली है। कच्चे




तेल के अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दाम घटने से पेट्रोल पर होने वाले नुकसान में 83 फीसदी की भारी कमी आई है। डीजल पर भी नुकसान 75 फीसदी घटा है। यह जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तरफ से दी गई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को बताया कि पेट्रोल और डीजल पर अंडर-रिकवरी पहले की तुलना में काफी घट गई है। हालांकि अभी भी रसोई गैस सिलेंडर पर कंपनियों को बड़ा नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस समय ओएमसी को हर लीटर पेट्रोल की बिक्री पर 30 रुपये का जबकि हर लीटर डीजल की बिक्री पर 27 रुपये का घाटा हो रहा है। एक अप्रैल 2026 को इन कंपनियों को पेट्रोल बेचने पर 24 रुपये प्रति लीटर और डीजल बेचने पर 105 रुपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें नरम पड़ने और घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में चार बार की बढ़ोतरी से इंडियन ऑयल, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम जैसी ओएमसी का घाटा कम हुआ है। लेकिन अभी भी इन्हें हर रोज 600 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। बीते 18 मई को हर रोज का घाटा 750 करोड़ रुपये था। यदि इस साल एक अप्रैल के मुकाबले देखें तो आईओसी, एचपीसीएल और बीपीसीएल के घाटे में भारी कमी हुई है। सुजाता शर्मा के मुताबिक पेट्रोल बेचने में हो रहे घाटे में इस अवधि के दौरान 83 फीसदी की भारी कमी हुई है। वहीं डीजल बेचने में हो रहे घाटे में 75 फीसदी की कमी आई है।

## अडानी और मिल की कुल नेटवर्थ से ज्यादा एक दिन में कमा गए मस्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेसएक्स की लिस्टिंग के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ रॉकेट के स्पीड से बढ़ रही है। सोमवार को कंपनी के शेयरों में करीब 20 फीसदी तेजी आई। इससे मस्क की नेटवर्थ में 164 अरब डॉलर (करीब 1,55,14,83,46,00,000 रुपये) की तेजी आई। यह गौतम अडानी (115 अरब डॉलर) और लक्ष्मी मित्तल (40.8 अरब डॉलर) की कंबाइंड नेटवर्थ से ज्यादा है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ अब 1.27 ट्रिलियन डॉलर पहुंच चुकी है। पिछले तीन सत्र में उनकी नेटवर्थ 500 अरब डॉलर से ज्यादा बढ़ी है। मस्क और दूसरे नंबर पर मौजूद लैरी पेज की नेटवर्थ में अब 950 अरब डॉलर से ज्यादा का अंतर हो गया है। स्पेसएक्स का शेयर शुक्रवार को शेयर मार्केट में लिस्ट हुआ था। इस कंपनी में एलन मस्क की करीब 42 फीसदी हिस्सेदारी है। मस्क को कंपनियां दुनिया की 10 टॉप वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में शामिल हैं। स्पेसएक्स 2.519 ट्रिलियन डॉलर के साथ ही इस लिस्ट में छठे और टेस्ला 1.544 ट्रिलियन डॉलर के साथ दसवें नंबर पर है।

# सोने-चांदी के आयात में भारी गिरावट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से एक साल तक सोना नहीं खरीदने की अपील की थी। साथ ही सरकार ने 12 मई को सोने-चांदी पर आयात शुल्क 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया था। इसका असर देखने को मिल रहा है। मई में गोल्ड इंपोर्ट सालभर पहले के मुकाबले 34 प्रतिशत अधिक रहा, लेकिन अप्रैल के मुकाबले इसमें कमी आई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि सोने का आयात अप्रैल के 5.63 बिलियन डॉलर से 39.3 प्रतिशत घटकर मई में 3.42 बिलियन डॉलर पर आ गया। सिल्वर इंपोर्ट भी घटा। सालभर पहले मई में 2.55 बिलियन डॉलर का गोल्ड इंपोर्ट हुआ था। पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल-मई में 5.65 बिलियन डॉलर से 60.1 प्रतिशत बढ़कर इस वित्त वर्ष में गोल्ड इंपोर्ट 9.04 बिलियन डॉलर का रहा। वहीं, चांदी का आयात अप्रैल के 41.1 करोड़ डॉलर से 81.6 प्रतिशत घटकर मई में 7.6 करोड़ डॉलर का रहा। सालभर पहले से भी आयात मई में 86.7 प्रतिशत घटा। मई में देश के कुल आयात में सोने का हिस्सा 6.2 प्रतिशत और चांदी का 0.3 प्रतिशत रहा। ओवरऑल मई में देश से वस्तुओं का निर्यात सालभर पहले से 18 प्रतिशत बढ़कर 45.2 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका 6 महीनों का ऊंचा स्तर है। व्यापार घाटा सालभर पहले के 21.88 बिलियन डॉलर से बढ़कर 28.21 बिलियन डॉलर पर रहा क्योंकि आयात में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मई में आयात 20.62 प्रतिशत बढ़कर 73.41 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका 3 महीनों का ऊंचा स्तर है। हालांकि अप्रैल के 28.38 बिलियन डॉलर के मुकाबले मई में व्यापार घाटा कम रहा। कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीयर अगले हफ्ते भारत आएंगे। अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से 23 और 24 जून को बातचीत होगी।

## तीन दिन की तेजी के बाद सोने पर लगा ब्रेक, चांदी में गिरावट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमत में तीन दिन से चली आ रही तेजी पर आज ब्रेक लग गया। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में सोने फ्लैट ट्रेड कर रहा है जबकि चांदी की कीमत में गिरावट आई है। सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली गिरावट आई है जबकि चांदी फ्लैट है। पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद में कच्चे तेल में मामूली गिरावट आई है। एमसीएक्स पर 5 अगस्त की डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 1,52,916 रुपये पर प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था और आज यह 1,52,891 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 1,52,825 रुपये तक लो और 1,53,161 रुपये तक हाई गया। 10.15 बजे यह 6 रुपये की मामूली गिरावट के साथ 1,52,910 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। चांदी की कीमत दूसरी ओर चांदी की कीमत में शुरुआती कारोबार में करीब 1,800 रुपये की गिरावट आई। पिछले सत्र में यह 251458 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुई थी और आज 2,50,457 रुपये पर खुली। शुरुआती कारोबार में यह 1,767 रुपये की गिरावट के साथ 2,49,691 रुपये तक फिसली। सुबह 10.20 बजे यह 1,674 रुपये की गिरावट के साथ 2,49,784 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली गिरावट आई है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 160 रुपये की गिरावट के साथ 1,51,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट वाला सोना भी 150 रुपये की गिरावट के साथ 1,38,750 रुपये पर आ गया जबकि 18 कैरेट वाला सोना 120 रुपये नीचे 1,13,530 रुपये पर है। चांदी 2,65,000 रुपये प्रति किलो पर फ्लैट है।

## लॉजिस्टिक कंपनी ए-1 को मिला करोड़ों के ऑर्डर तो अपर सर्किट में पहुंचे शेयर



**मुंबई, ऐंसी।** लॉजिस्टिक्स सेक्टर की कंपनी ए-1 लिमिटेड ने बताया है कि उसने प्रमुख औद्योगिक घरानों से 35 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल किए हैं। इससे चालू वित्तीय वर्ष में उसकी रेवेन्यू विजिबिलिटी मजबूत हुई है। इसके साथ ही कंपनी के शेयर अपर सर्किट में पहुंच के बंद होने लगे हैं। कंपनी की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक, नए ऑर्डर्स में सोलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड और महाधन एग्रीटेक शामिल हैं। ये कंपनियां दीपक फर्टिलाइजर्स की सहायक कंपनी हैं। इन दोनों कंपनियों से 12 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रेक्ट मिले हैं। इसके साथ ही साईं बाबा पॉलीमर से 11 करोड़ रुपये का ऑर्डर भी मिले हैं।

### या कहना है कंपनी का

लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर हर्षदकुमार पटेल ने कहा, 'ये ऑर्डर एक्सप्लोसिव, मैन्युफैक्चरिंग और फर्टिलाइज़र सेक्टर में काम करने वाली प्रमुख कंपनियों से मिले हैं, जो ए-1 लिमिटेड की प्रोडक्ट क्वालिटी, सप्लाई क्षमता और काम को भरोसे के साथ पूरा करने की काबिलियत पर बढ़ते भरोसे को दिखाते हैं। इंडस्ट्री की जानी-मानी कंपनियों से ये ऑर्डर मिलना हमारी ऑपरेशनल क्षमता, प्रोडक्ट क्वालिटी और कस्टमर-केंद्रित नज़रिए की एक बड़ी मान्यता है। ये कॉन्ट्रैक्ट न केवल हमारी ऑर्डर पाइपलाइन को मज़बूत करते हैं, बल्कि रेवेन्यू की बेहतर विज़िबिलिटी भी देते हैं और इंडस्ट्रियल केमिकल सेक्टर में एक पसंदीदा सप्लाई पार्टनर के तौर पर हमारी स्थिति

इसी महीने पूरा करना है ऑर्डर शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसर ये तीनों ऑर्डर्स इसी महीने मतलब कि जून 2026 में पूरे किए जाने हैं। इससे कंपनी का ऑर्डर बुक मजबूत होगा। साथ ही आने वाले क्वार्टरों के लिए रेवेन्यू विजिबिलिटी भी बढ़ेगी।

ये ऑर्डर एक्सप्लोसिव, मैन्युफैक्चरिंग और फर्टिलाइज़र सेक्टर में काम करने वाली प्रमुख कंपनियों से मिले हैं, जो लिमिटेड की प्रोडक्ट क्वालिटी, सप्लाई क्षमता और काम को भरोसे के साथ पूरा करने की काबिलियत पर बढ़ते भरोसे को दिखाते हैं। इस महीने की शुरुआत में कंपनी के स्टॉक लोअर और अपर सर्किट के बीच झूल रहे थे। लेकिन पिछले कई कारोबारी दिवस से इसके शेयर अपर सर्किट में फंस रहे हैं। कल इसके शेयर 8.92 रुपये पर बंद हुए थे।

## सरकार बेच रही पीएसयू कंपनी में कुछ हिस्सा, शेयर धड़ाम, 6 प्रतिशत से अधिक टूटा दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया में पांच प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेच रही है। इस खबर के सामने आने के बाद कंपनी के शेयरों में आज मंगलवार को स्टॉक लुढ़क गया। बीएसई में जीआईसी का शेयर 370.40 रुपये के स्तर पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद 363.40 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गया। बता दें, सरकार ने हिस्सेदारी बेचने के लिए 352 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य तय किया है। दो दिन की बिक्री पेशकश (ओएफएस) इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स के लिए मंगलवार को और खुदरा निवेशकों के लिए बुधवार को खुलेगी। 352 प्रति शेयर के न्यूनतम कीमत पर 8.77 करोड़ रुपये से ज्यादा शेयरों की बिक्री से सरकारी खजाने को लगभग 3,000 करोड़ रुपये मिलेंगे। सरकार जीआईसी में दो प्रतिशत इक्विटी बेचेगी, साथ ही ग्रीन शू विकल्प के तहत अतिरिक्त तीन प्रतिशत हिस्सेदारी भी बेची जा सकती है। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणिश चावला ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। बता दें, सरकार चालू वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) में हिस्सेदारी बेचकर पहले ही 13,389 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। इस बार के बजट स्पीच में केंद्रीय वित्त मंत्री ने पहले ही कह दिया था कि फाइनेंशियल ईयर में कुल 80,000 करोड़ रुपये डिसइनवेस्टमेंट से जुटाए जाएंगे।

## कच्चे तेल में गिरावट के बीच सरकार का बड़ा फैसला, डीजल और एटीएफ के निर्यात पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की खबर से सोमवार को कच्चे तेल की कीमत में काफी गिरावट आई। इस बीच सरकार डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा दिया है जबकि पेट्रोल पर टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि शुल्क में बढ़ोतरी 16 जून से लागू होगी और 30 जून तक रहेगी। साथ ही, घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई व्यवस्था के तहत डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) की दर बढ़ाकर 14 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है, जो पहले 13.5 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं, विमान ईंधन के निर्यात पर एसएईडी बढ़ाकर 12.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले 9.5 रुपये प्रति लीटर था। पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाली शुल्क दर




में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह 1.5 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। पश्चिम एशिया में युद्ध के दौरान देश में तेल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सरकार ने विंडफॉल टैक्स लगाया गया था। सरकार ने 26 मार्च को डीजल और अस्त्र पर एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाई थी और हर दो हफ्ते में इसकी दर में बदलाव किया था। फिर 16 मई को सरकार ने पेट्रोल पर भी एक्सपोर्ट ड्यूटी लगा दी थी। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना था कि एक्सपोर्टर्स कीमतों में अंतर का गलत फायदा न उठा सकें।




## अमेरिका-ईरान डील के बाद होर्मुज पार करने वाले भारतीय टैंकर ने रचा इतिहास, लदी है 62,370 टन एलएनजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका-ईरान समझौते की घोषणा के बाद एक भारतीय लिक्विफाइड नेचुरल गैस टैंकर होर्मुज स्ट्रेट से गुजरा है। यह ऐसा करने वाले शुरुआती बड़े कमर्शियल जहाजों में से एक बन गया है। होर्मुज दुनिया के सबसे अहम एनर्जी कॉरिडोर में से एक है। भारतीय टैंकर का गुजरना इस स्ट्रेट के जरिए शिपिंग की सावधानीपूर्वक बहाली का संकेत है। एलएनजी कैरियर 'दिशा' ने सोमवार को रणनीतिक रूप से अहम इस जलमार्ग को पार किया। इसके 18 जून को गुजरात के दाहेज बंदरगाह पर पहुंचने की उम्मीद है। यह जहाज कतर से 62,370 टन स्हत्त लेकर आ रहा है। इसे शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाला एक कंसोर्टियम मैनेज कर रहा है।

संघर्ष के दौरान इस क्षेत्र से गुजरने वाले कई जहाजों के उलट 'दिशा' ने पूरी यात्रा के दौरान अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम चालू रखा। लगातार अपनी लोकेशन और डेस्टिनेशन की जानकारी भेजता रहा। जहाज ने स्ट्रेट से गुजरने वाले स्टैंडर्ड कमर्शियल शिपिंग रूट का पालन किया। इसमें ईरान के लराक द्वीप के पास का समुद्री इलाका भी शामिल था।

**भारत के झंडे वाले इतने जहाज होर्मुज से गुजरे:** पोर्ट, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, इस साल की शुरुआत में तनाव बढ़ने के बाद से भारत के झंडे वाले 10 जहाज और विदेशी झंडे वाले पांच जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजर चुके हैं। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम समुद्री 'चोकपॉइंट्स' (संकरे समुद्री रास्तों) में से एक है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 40 फीसदी, आयात का 60 फीसदी और आयात का लगभग 90 फीसदी हिस्सा इसी संकरे समुद्री रास्ते से होकर आता है।

### इस तरह रच दिया इतिहास

मैरीटाइम ट्रैकिंग डेटा से पता चला कि शुरुआती अमेरिका-ईरान समझौते की घोषणा के बाद इस स्ट्रेट से गुजरने वाले शुरुआती कमर्शियल जहाजों में 'दिशा' शामिल था। अपनी यात्रा फिर से शुरू करने से पहले यह टैंकर संघर्ष के दौरान तीन महीने से अधिक समय तक फारस की खाड़ी में फंसा रहा था। यह घटनाक्रम तब हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच अहम समझौते के बाद तेल से लदे जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने लगे हैं। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, 'होर्मुज स्ट्रेट से जहाज गुजरने लगे हैं। इनमें से कई तेल से लदे हैं।' उन्होंने कहा कि जहाज उस रास्ते से गुजर रहे हैं जिसे उन्होंने सुरक्षित मार्ग बताया।

## अकासा एयर ने नवी मुंबई से नोएडा के बीच शुरू की उड़ान सेवा

एजेंसी

**मुंबई।** अकासा एयर ने मुंबई और नोएडा के बीच अपनी उड़ान सेवाएं शुरू कर दी हैं। घरेलू एयरलाइन कंपनी ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से मंगलवार सुबह क्यूपी-2017 विमान को रवाना करते हुए नव निर्मित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सेवाएं शुरू कर दी, जिससे मुंबई महानगर क्षेत्र और दिल्ली-एनसीआर के बीच अकासा एयर की सीधा हवाई संपर्क स्थापित हो गया है।

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (एनएमआईएएल) के प्रवक्ता के अनुसार अकासा एयर की पहली उड़ान सुबह साढ़े सात बजे नवी मुंबई से रवाना हुई और यह दोपहर साढ़े 12 बजे वापस नवी मुंबई हवाई अड्डे पहुंची। एयरलाइन इस मार्ग पर सप्ताह में सात उड़ानों का संचालन करेगी। अकासा एयर ने एक्स पोस्ट में बताया कि आज




हमारी यात्रा में एक अहम पड़ाव है, क्योंकि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हमारी पहली फ्लाइट ने उड़ान भरी, जिससे एनसीआर में हमारी मौजूदगी और मजबूत हुई है। एयरलाइन ने कहा कि बेंगलुरु और नवी मुंबई से नोएडा के लिए रोजाना नॉन-स्टॉप उड़ानों के साथ हम भारत के सबसे अहम एविएशन मार्केट में कनेक्टिविटी बढ़ा रहे हैं, जिससे यात्रा और भी आसान और सुलभ हो जाएगी। कंपनी ने कहा कि इसके अलावा हम एयरपोर्ट परिसर में एक अत्याधुनिक एमआरओ सुविधा भी चलाएंगे, जो ऑपरेशनल दक्षता और सुरक्षा के उच्चतम मानकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

सुरक्षा, भरोसेमंदता और टैलेंट डेवलपमेंट पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमारा लक्ष्य एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार इंडस्ट्री बनाने में योगदान देना है, जो देश और देशवासियों की सेवा करे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा अंतरररराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सोमवार को वाणिज्यिक उड़ान सेवाएं शुरू हो गईं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने इंडिगो एयरलाइन की पहली उड़ान से इसकी शुरूआत की, जिसके शुरू होने में 21 महीने की देरी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर 2021 में उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर ज़िले में इस हवाई अड्डे की आधारशिला रखी थी। प्रधानमंत्री ने इस साल 28 मार्च को इसका उद्घाटन किया था।

प्रातः नागपुरी

नागपुरी

रांची, बुधवार 17-06-2026 12

## आंखीमिचौनी चांद खेलेला



डॉ लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक, (तपकरा)

खने देखेला हो
खने लुकेला हो
आंखीमिचौनी चांद
खेलेला हो।। ध्रु।।

मन से उगेला
मन से डुईब देला
का जाला हो
देखी देखी मन मोर
हरसेला हो
खने देखेला हो....।। 1।।

कहलो ना सुने
आवे ना मोर ठने
चईल देला हो
मने मने मन मोर
खोजेला हो
खने देखेला हो....।। 2।।

बीतल अमावस
*नारायण* करे आस
बईठ देला हो
नदिया किनारे देखे
जोहेला हो
खने देखेला हो....।। 3।।

# सीएमपीडीआई में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 कर सुरुआत

**करमीमन स्वच्छता ले 100 घंटा देवेक कर संकल्प लेलयं**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सीएमपीडीआई मुख्यालय-रांची में करमीमन के स्वच्छता कर सपथ खियाय के स्वच्छता पखवाड़ा 2026 कर सुरुआत 16 जून, 2026 के करलयं। संस्थान कर सीएमडी चौधरी शिवराज सिंह स्वच्छता कर सपथ खियालयं। इकर तहत करमीमन स्वच्छता से जुड़ल काम ले हर हफ्ता 2 घंटा इया बछर में 100 घंटा देवेक कर संकल्प लेलयं। ई मौका में निदेसक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेसक (तकनीकी/सीआरडी) नृपेन्द्र नाथ, सीआईएल कर कार्यपालक निदेसक (गवेषण) आरके सिंह, महाप्रबंधक आउर बिभागाध्यछ संगे अन्य बरिष्ठ अधिकारी आउर करमचारी मौजूद रहयं। करमीमन के सामिल करेक आउर स्वच्छता कर संदेस फैलायेक ले परिसर में एगो स्वच्छता सेल्फी बूथ लगाल जाए हे, जहां करमीमन सेल्फी लेइ सकयंना। स्वच्छता के बढ़ावा देवेक वाला संदेस के साझा कइर सकयंना।








उल्लेखनीय आहे कि सीएमपीडीआई 16 से 30 जून, 2026 तक आपन मुख्यालय आउर 6 गो राइज फैलल छेतरीय संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा मनावी। संस्थान में बड़ पैमान में जागरुकता फैलायेक, पर्याबरन कर स्वच्छता के बढ़ावा देवेक आउर सउब स्तर में जनता कर सक्रिय भागीदारी के प्रेरित करेक ले कतई किसिम कर गतिबिधि आउर पहल प्लान कइर हयं।

ई दौरान सिंगल-यूज प्लास्टिक के रोकेक ले जागरुकता अभियान, जूट/कपड़ा कर बैग कर बितरन आउर निबंध, ड्राइंग आउर क्विज प्रतिजोगिता आयोजित करल जाई। ई अभियान कर जरिए सीएमपीडीआई भारत सरकार कर स्वच्छ भारत कर विजन कर प्रति आपन प्रतिबद्धता के दोहरायेला। कार्यस्थल आउर समुदाय, दुईयों ठांव में सतत तौर-तरीका के अपनायेक ले प्रोत्साहित करेला।






# रांची में झारखंड कृषि व्यापार मेला-2026 कर सुभारंभ, देखू फोटो

**सोनू सपवार**

**रांची।** राजधानी रांची कर मोरहाबादी मैदान में तीन दिवसीय झारखंड कृषि व्यापार मेला-2026 कर सुभारंभ मंगलवार के भेलक। उद्घाटन समारोह में मुध गोतिया कर रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सम्मिलित होलयं। कृषि व्यापार मेला-2026 में किसान, सोधकर्ता, कृसि बैज्ञानिक आउर प्रतिभागीमन कर साझा समागम कर झलक दिसलक। मुख्यमंत्री ई अवसर में कृषि व्यापार मेला-2026 कर लोगो कर लोकार्पन करलयं। मुख्यमंत्री टाना भगत परिवार के चाइर गो दुधारू पसु कर सेड बनायेक ले सत परतिसत अनुदान उपरे रासि, राइज कर उत्कृस्ट किसानमन के प्रमाण पत्र देइ के सम्मानित, बिभिन्न जिला कर कृसि कार्जालय में पसु चिकित्सक आउर अनुसेवक कर पद ले नियुक्ति पत्र आउर 209 झन के डिजिटल एआई किट परदान करलयं। मुख्यमंत्री कहलयं कि आधी जिम्मेदारी सरकार उठावी। आधी जिम्मेदारी किसान के उठायेक होवी। जब दुईयों मिइल के परयास करबयं तो झारखंड कर किसानमन के केऊ हराय नी सकयंना। प्रकृति आउर बिकास कार्य कर बीच संतुलन जरूरी आहे। खेती-कृसि कार्य ले किसान आधुनिक तकनीक अपनावयं। जैविक खेती उपरे कृसक फोकस करयं।










# रांची कर बिभिन्न अंचल में जनता दरबार कर करल गेलक आयोजन

**बिभिन्न अंचल में 827 गो आबेदन कर निस्पादन करल गेलक**



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री कर मार्गदरसन में रांची जिला कर बिभिन्न अंचल में जनता दरबार कर निरंतर आयोजन करल जात हे। जनता दरबार में आमजन कर समस्या के सुइन के बेसी मामला कर ऑन-स्पॉट निस्पादन करल गेलक। बांचल मामला कर समाधान ले तुरते प्रक्रिया सुरू कइर देवल जाए हे।

जिला कर अंचल में जनता दरबार में 827 गो आबेदन कर निसपादन करल गेलक।

बेड़ो अंचल कार्जालय में 113 गो आवेदन, बुढ़मू अंचल कार्जालय में 120 आवेदन, सोनाहातु अंचल कार्जालय में 49 आवेदन, नगड़ी अंचल कार्जालय में 133 गो आवेदन कर निस्पादन करल गेलक।

चान्हो अंचल कार्जालय में 87, बुंडू अंचल कार्जालय में 65 आवेदन, सिल्ली अंचल कार्जालय में 37, नामकुम अंचल कार्जालय में 125, राहे अंचल कार्जालय में 86 आवेदन, मांडर अंचल कार्जालय में 52 गो आवेदन के निमराल गेलक।

श्री मंजूनाथ कहलयं कि जनता दरबार जिला कर लोक कल्यानकारी जोजना आउर परसासनिक पारदरसिता के मजबूत बनायेक कर एगो महतपूर्न माध्यम आहे। हर मंगलवार अंचल स्तर में आयोजित ई दरबार आमजन के आपन समस्या कर त्वरित समाधान कर अवसर प्रदान करत हे । जिला कर सउब नागरिकमन से अपील आहे कि ऊ मन आपन समस्या आउर प्रमाण-पत्र संबंधी आवेदन ले आपन संबंधित अंचल कार्जालय कर जनता दरबार में आवयं। परसासन उनकर समस्या कर निदान ले एकदम से परतिबद्ध आहे।





# झुमरी तिलैया में झामुमो कर बूथ स्तरीय आउर बीएलए-2 बैठकी भेलक संपन्न

**एसआईआर अभियान के लेइ के देल गेलक दिसा-निरदेस**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कर एक दिवसीय बूथ स्तरीय आउर बीएलए-2 बैठकी 16 जून के आयोजित करल गेलक। इकर अध्यछता जिला अध्यछ बिरेंद्र पांडेय करलयं। संचालन सचिव पवन माइकल कुजूर करलयं। कार्जकरम में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय मुध गोतिया कर रूप में उपस्थित रहयं। बैठकी में चलेक वाला बिसेस गहन पुनरीछन (एसआईआर) अभियान के लेइ के बीएलए-2 आउर बूथ स्तरीय कार्जकर्तामन के बिस्तृत जानकारी आउर आवसक दिसा-निरदेसदेल गेलक। नेतामन कार्जकर्तामन से मतदाता सूची कर प्रति सजग आउर सक्रिय रहेक कर आह्वान करलयं। कहलयं कि केऊ भी पात्र पुरुस इया महिला मतदाता कर नाव केऊ भी परिस्थिति में मतदाता सूची से नी छूटयं आउर नी कटयं।

केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय जिला अध्यछ संगे सउब पदधारीमन के निरदेसित करते कहलयं कि बूथ कार्जकर्तामन आउर बीएलए-2 कर चयनित सदस्यमन कर समस्या कर हर संभव समाधान सुनिश्चित करल जाए। ऊ कहलयं कि छेतर में काम कर दौरान जदि केऊ किसिम कर कठिनाई आवेला तो पदाधिकारी मौका में पहुंइच के उकर त्वरित समाधान करयं।






आपन संबोधन में ऊ राइज सरकार कर जनकल्यानकारी जोजना कर उल्लेख करते कहलयं कि मंईयां सम्मान जोजना महिलामन कर जिनगी के ससक्त बनायेक कर काम कइर हयं। सर्वजन पेंशन जोजना कर माध्यम से बिरधा, बिधवा आउर दिव्यांगजनमन कर सम्मान आउर सामाजिक सुरछा के मजबूती मिइल हे। बैठकी में संगठन के बूथ स्तर में आउर बेसी मजबूत बनायेक आउर आगामी चुनावी आउर संगठनात्मक गतिबिधि के परभावी ढंग से संचालित करेक उपरे भी चर्चा करल गेलक। जिला स्तरीय बूथ कार्जकर्ता आउर बीएलए-2 सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग आयोग कर अध्यछ जानकी प्रसाद यादव, पूर्ब जिला परिषद अध्यछ श्रीमती शालिनी गुप्ता सहित पार्टी कर कई पदाधिकारी आउर कार्जकर्ता पहुंचल रहयं। मौका में सउब केंद्रीय समिति सदस्य, जिला पदधारी, सउब परखंड कर अध्यछ, सचिव आउर पदधारी, वर्ग संगठन कर सउब पदधारी आउर हजारों कार्जकर्ता सम्मेलन में भाग लेलयं।

## बाबू



संतोष महली, ईटा, लोहरदगा।

**आब** बाचल नखे
काया में जान बाबू,
होइ गेलों मोहों
बुढ़ा -पुरान बाबू,
आब बाचल नखे
काया में जान बाबू।

डिंगडोंगाल बाढ़ल
हकंदत गरजत रहों,
चलत रहों सीना ताइन बाबू,
आब बाचल नखे
काया में जान बाबू।

रोज नावां रोग सतायला
उठते-बइठते डंडा टिड़वायला,
बइन गेलों रोगक खान बाबू,
आब बाचल नखे
काया में जान बाबू।

एखन तक का करलों धरलों
झुलेला आंईख में,
बेसो नी लागे गोटे जहान बाबू,
आब बाचल नखे
काया में जान बाबू।

धन दौलत रूपिया पईसा
जोगाल कोनो फायदा नी होलक,
लागथे कुछो दिन कर
भइर
आहों महिमान बाबू,
आब बाचल नखे
काया में जान बाबू।

मेहनइत आउर इमानदारी से
कमाय खाबे दाइर रोटी,
पेरेम बाटबे मइत करबे
हिंदू मुसलमान बाबू,
आब बाचल नखे
काया में जान बाबू।

केखो नखे पता
कखन बोलावा आवि,
बोटइर के का करबे
सव बरिस ले समान बाबू,
आब बाचल नखे
काया में जान बाबू।

छल कपट कर सजा मिली
एहे जनम में देखबे,
ठिक - ठाक राखबे
इमान बाबू,
आब बाचल नखे
काया में जान बाबू।

रोज नावां रोग सतायला
उठते - बइठते डंडा
टिड़वायला,
बइन गेलों रोगक खान बाबू,
आब बाचल नखे
काया में जान बाबू।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com